3 राजधानी
जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी

6 अभिमत
शिक्षकों की व्यापक भूमिका

10 विदेश
चीन पासपोर्ट और वीजा जारी करना फिर शुरू करेगा

11 राष्ट्रीय
अनिल देशमुख जेल से बाहर आए

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 56
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 29 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में वापसी
स्पोर्ट्स-12

# जनवरी में बढ़ सकते हैं कोरोना के मामले

● अगले 40 दिन बेहद महत्वपूर्ण, लेकिन लहर आती भी है तो संक्रमण की गंभीरता कम रहेगी

● दो दिनों में, भारत आए 6,000 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की जांच में 39 की रिपोर्ट पॉजिटिव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अगले** 40 दिन महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत में कोविड-19 के मामले जनवरी में तेजी से बढ़ सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों ने महामारी के प्रसार की पिछली पद्धति का हवाला देते हुए बुधवार को यह कहा। एक अधिकारी ने कहा, विगत में, यह पाया गया था कि पूर्वी एशिया के कोविड-19 की चपेट में आने के 30-35 दिन बाद भारत में महामारी की एक नई लहर आई थी... यह एक प्रवृत्ति रही है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने हालांकि कहा कि संक्रमण की गंभीरता कम है। यदि कोविड की नई लहर आती भी है तो इससे होने वाली मौतें और संक्रमितों के अस्पताल में भर्ती होने की दर बहुत कम रहेगी। सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में, भारत आए 6,000 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कोविड-19 जांच की गई, जिनमें 39 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया दिल्ली हवाई अड्डे पर कोविड-19 जांच सुविधाओं का जायजा लेने के लिए वहां का दौरा करेंगे। सरकार ने शनिवार से प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय उड़ान से आने वाले यात्रियों में से दो प्रतिशत की रैंडम कोविड जांच अनिवार्य कर दी है। सूत्रों ने कहा कि अगले हफ्ते से चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग, बैंकॉक और सिंगापुर से आने वाले यात्रियों के लिए एयर सुविधा फॉर्म भरना और 72 घंटे पहले की आरटी-पीसीआर जांच अनिवार्य की जा सकती है। चीन और दक्षिण कोरिया सहित कुछ देशों में कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़ने के बीच सरकार ने लोगों से सतर्क रहने को कहा है और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को किसी भी अकस्मात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी करने को कहा है। बुधवार को तमिलनाडु पहुंचे चार अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की चेन्नई हवाई अड्डे पर की गई जांच में वे कोरोना पॉजिटिव पाए गए। सोमवार को बेंगलुरु के केंपेगोडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उच्च जोखिम वाले देशों से आए 12 यात्री संक्रमति पाए गए। गया में दलाई लामा के कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे चार विदेशी नागरिक कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए। इनमें एक मंमार से था और बाकी तीन बैंकाक से आए थे।

इन सभी को आइसोलेट कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कोविड के मामलों में तेजी की स्थिति से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बैठकें की हैं। कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़ने की किसी भी स्थिति से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को देशभर के अस्पतालों में मॉक ड्रिल की गई। वहीं, मांडविया ने कहा कि विश्व में कोविड के मामले बढ़ने के मद्देनजर देश सतर्कता बरत रहा है और इससे निपटने के लिए तैयार है। कोरोना वायरस के ओमीक्रोन के उप-स्वरूप बीएफ-7 से मामलों में हालिया वृद्धि हुई है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि बीएफ-7 के फैलने की दर बहुत अधिक है और एक संक्रमित व्यक्ति 16 लोगों को संक्रमित कर सकता है।



देहरादून में एक महिला की कोरोना जांच के लिए नाक से नमूना लेती स्वास्थ्यकर्मी

# मुठभेड़ में कश्मीर जा रहे चार आतंकी ढेर

● जम्मू के सिधरा इलाके में हुआ आमना सामना, पुलिस ने गणतंत्र दिवस से पहले बड़ी सफलता करार दिया

पायनियर समाचार सेवा। जम्मू



आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान तैनात सुरक्षा बलों के जवान

**जम्मू** के सिधरा इलाके में बुधवार को सुबह सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ के बाद भारी हथियारों से लैस चार आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस के एक अधिकारी ने इसे गणतंत्र दिवस से पहले एक बड़ी सफलता बताया। पाकिस्तान से घुसपैठ के बाद आतंकवादी एक ट्रक में सवार हो कश्मीर की तरफ जा रहे थे। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने बताया कि ट्रक चालक हालांकि मौके से फरार हो गया और उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट सिधरा बाईपास इलाके में तवी पुल के पास घने कोहरे के बीच सुबह करीब साढ़े सात बजे मुठभेड़ शुरू हुई। सेना की टाइगर डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल गौरव गौतम के साथ मौजूद सिंह ने मुठभेड़ स्थल पर पत्रकारों को बताया, ट्रक से चार आतंकवादियों के शव बरामद किए गए हैं। मारे गए आतंकवादियों के पास से सात एके राइफल, एक एम4 राइफल, तीन पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि जम्मू के नरवाल बाइपास इलाके में एक ट्रक से हाल ही में हथियार बरामद होने के बाद सुरक्षा एजेंसियों के हाई अलर्ट पर रहने के फलस्वरूप आतंकवादियों को ले जा रहे ट्रक को रोका गया।

एडीजीपी ने कहा, (मारे गए) आतंकवादियों के कब्जे से बरामद सभी सामग्री की छानबीन और विश्लेषण किया जा रहा है। हमें समूह के बारे में पता नहीं है ... वे सीमा पार से आए थे या नहीं, यह जांच का विषय है। अभी इतना ही बता सकते हैं कि ट्रक जम्मू से श्रीनगर की ओर जा रहा था। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के तीन आतंकियों की गिरफ्तारी और नवंबर में नरवाल बाईपास में एक तेल टैंकर से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद से सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर थीं। सिंह ने कहा, 26 जनवरी के जश्न से पहले (बरामदगी के बाद) सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल हम सभी एक साथ हाई अलर्ट पर हैं। सीमा पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है और (सुरक्षा) शिविरों को भी अधिक सुरक्षित किया गया है। यही वजह है कि हम उनकी साजिश को नाकाम करने में सफल रहे।

उनसे पूछा गया कि क्या समूह को पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद कमांडर आशिक नेंगरू ने भेजा था, जिसका हाल ही में पुलवामा जिले में अतिक्रमित सरकारी भूमि पर बना घर ध्वस्त कर दिया गया था। इस पर उन्होंने कहा, हमें अभी तक इस समूह के नेंगरू के साथ किसी भी संबंध के बारे में पता नहीं है। उन्होंने कहा, समूह की संबद्धता और मारे गए आतंकवादियों की पहचान अभी नहीं हुई है। कोहरे के मौसम का फायदा उठाकर इस तरफ आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ करने के प्रयासों संबंधी किसी भी खुफिया ( शेष पेज 8 )

# यमुना एक्सप्रेसवे पर छात्रा से तीन ने किया गैंगरेप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● आरोपी गिरफ्तार, नोएडा में पढ़ती है, टैक्सी से अपने घर फिरोजाबाद के लिए निकली थी

● रास्ते में ड्राइवर और दो साथियों ने घटना को दिया अंजाम

**नोएडा** में पढ़ाई कर रही एक छात्रा से यमुना एक्सप्रेसवे पर गैंगरेप का मामला सामने आया है। यह घटना आगरा के एत्मादपुर क्षेत्र में हुई है। लड़की के साथ रेप की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। इस मामले में तीन लोग शामिल थे। बाद में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित छात्रा नोएडा से टैक्सी में फिरोजाबाद के लिए बैठी थी। बुधवार की सुबह करीब 4:00 बजे तीन आरोपियों ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया है।

इसके बाद टेंपो में बैठाकर छोड़ दिया। छात्रा ने थाना एत्मादपुर में रेप का मुकदमा दर्ज करवाया। छात्रा नोएडा में ही रहकर पढ़ाई कर रही है। मंगलवार रात को अपने घर जाने के लिए वह नोएडा के सेक्टर-37 से ईको गाड़ी में बैठी थी। यमुना एक्सप्रेसवे के कुबेरपुर इंटरचेंज पर अन्य सवारियों को उतारने के बाद ईको गाड़ी में सवार तीन युवकों ने छात्रा के साथ घटना की। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि पहले ड्राइवर गाड़ी में अकेला था।

जब वह गाड़ी में बैठी तो ड्राइवर ने अपने दो दोस्तों को और बुला लिया। एक्सप्रेसवे पर कुछ दूर चलने के बाद ड्राइवर ने गाड़ी को रोड के किनारे लगा लिया। उसके बाद तीनों आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। जब छात्रा ने इसका विरोध ( शेष पेज 8 )

# उप्र के निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर आयोग गठित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्थानीय** निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के आरक्षण को लेकर छिड़ी बहस के बीच बुधवार को योगी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए प्रदेश में ओबीसी आयोग का गठन कर दिया है। रिटायर्ड जज राम अवतार सिंह की अध्यक्षता में गठित आयोग में कुल पांच सदस्य होंगे। सरकार की ओर से इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गयी है। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ही यूपी के निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण का निर्धारण होगा। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग में रिटायर्ड जज राम अवतार सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी बनायी गयी है। इसमें रिटायर्ड आईएएस चोब सिंह वर्मा, रिटायर्ड आईएएस महेन्द्र कुमार, भूतपूर्व विधि परामर्शी संतोष कुमार विश्वकर्मा और पूर्व अपर विधि परामर्शी व अपर जिला जज बृजेश कुमार सोनी ( शेष पेज 8 )

# अस्वस्थ मां से मिलने मोदी पहुंचे अहमदाबाद

पायनियर समाचार सेवा। अहमदाबाद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन (99) को तबीयत खराब होने के बाद यहां एक सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है। मोदी बीमार मां से मिलने अपराह्न में अस्पताल पहुंचे। अहमदाबाद पहुंचने के बाद वह अस्पताल गए और वहां एक घंटे से अधिक समय तक रहे। अस्पताल से निकलते वक्त प्रधानमंत्री मोदी ने भीड़ और वहां इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों के सामने नमस्ते की मुद्रा में हाथ जोड़े।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी हीराबेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए अस्पताल पहुंचे। प्रधानमंत्री ने अस्पताल में डॉक्टरों से भी बात की। भारतीय जनता पार्टी के सांसद जुगलजी ठाकोर ने कहा कि हीराबेन की हालत स्थिर है और उन्हें एक या दो दिन में छुट्टी मिल सकती है। हीराबेन, जिन्हें हीराबा भी कहा जाता है, को बुधवार सुबह यू.एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया था। यह सिविल अस्पताल के परिसर में स्थित एक सरकारी वित्तपोषित स्वायत्त अस्पताल है। अस्पताल ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री की मां को यू.एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर, अहमदाबाद में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है।

दरियापुर से भाजपा के विधायक कौशिक जैन ने बताया, उन्हें जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति सामान्य है। प्रधानमंत्री मोदी के बड़े भाई सोमाभाई भी अस्पताल में मौजूद हैं। हीराबेन गांधीनगर शहर के पास रायसन गांव में प्रधानमंत्री मोदी के छोटे भाई पंकज मोदी के साथ रहती हैं। प्रधानमंत्री नियमित रूप से रायसन जाते रहते हैं और अपनी अधिकतर गुजरात यात्राओं के दौरान अपनी मां के साथ समय बिताते हैं। उधर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री की मां हीराबेन मोदी के अस्वस्थ होने पर चिंता जताई और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, एक मां और बेटे के बीच का प्यार अनन्त और अनमोल होता है। मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है। मैं कामना करता हूं कि आपकी माताजी जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं।



अहमदाबाद में अस्पताल में भर्ती अपनी मां को देखने जाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान में महिलाओं पर प्रतिबंध की निंदा की

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

● भारत की अध्यक्षता वाले यूएनएससी ने तालिबान शासकों से पाबंदियों को तुरंत हटाने की मांग की

**संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने अफगानिस्तान में महिलाओं की शिक्षा और उनके काम करने के अधिकारों पर लगातार बढ़ते प्रतिबंधों की निंदा करते हुए देश के तालिबान शासकों से उन्हें तुरंत बहाल करने का आग्रह किया। सुरक्षा परिषद ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। यूएनएससी की मौजूदा अध्यक्षता भारत के पास है।

सुरक्षा परिषद ने तालिबान से इन प्रतिबंधों को वापस लेने की अपील करते हुए कहा कि यह मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत और दिसंबर महीने के लिए यूएनएससी अध्यक्ष रुचिरा कंबोज ने 15 देशों की परिषद की ओर से मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की। सुरक्षा परिषद ने कहा कि इसके सदस्य इन रिपोर्टों से 'बेहद चिंतित' हैं कि तालिबान ने महिलाओं और लड़कियों के लिए विश्वविद्यालयों तक पहुंच को प्रतिबंधित कर दिया है। बयान के मुताबिक, सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान में महिलाओं के लिए छठी कक्षा से आगे के स्कूलों के निलंबन को लेकर फिर से गहरी चिंता व्यक्त की है। सुरक्षा परिषद अफगानिस्तान के विकास और प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों की पूर्ण, समान और सार्थक भागीदारी की मांग करती है।

यूएनएससी ने तालिबान से यह फैसले वापस लेने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा और काम करने पर प्रतिबंध लगाने से उनके मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता का घोर रूप से उल्लंघन हो रहा है। इसने कहा कि ये प्रतिबंध तालिबान द्वारा अफगानिस्तान के लोगों के साथ की गई प्रतिबद्धताओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अपेक्षाओं के विपरीत हैं।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,910 | ⬇ 17 |
| निफ्टी | 18,122 | ⬇ 09 |
| सोना | 55,124 | ⬇ 05 /10g |
| चांदी | 70,048 | ⬇ 332 /kg |

## क्विक न्यूज

### सीयूईटी-पीजी एक से दस जून तक होगी

**नई दिल्ली।** स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) को एक जून से 10 जून, 2023 तक आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को यह घोषणा की। उसने कहा, एनटीए। से 10 जून 2023 तक सीयूईटी-पीजी आयोजित करेगा। आवेदन प्रक्रिया मार्च 2023 के मध्य में शुरू होनी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने कहा, छात्रों के लिए सीयूईटी-पीजी स्कोर का उपयोग करके कई विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रयास करने का शानदार अवसर।

# कांग्रेस का आरोप, राहुल व यात्रा की सुरक्षा में चूक

● कहा-पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्यों में यात्रा की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करे सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**कांग्रेस** ने भारत जोड़ो यात्रा और राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक होने का दावा करते हुए बुधवार को कहा कि सरकार को पंजाब एवं जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्यों में यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिख कर दावा किया कि 24 दिसंबर को भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली पहुंचने पर पुलिस राहुल गांधी के इर्द-गिर्द भीड़ को नियंत्रित कर घेरा बनाने में नाकाम रही जबकि उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। कांग्रेस ने दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ा एक वीडियो जारी किया है जिसमें राहुल गांधी के ईर्द-गिर्द भारी भीड़ देखी जा सकती है।

वेणुगोपाल ने गृह मंत्री में लिखे पत्र में यह आग्रह भी किया कि अब आगे पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्यों में राहुल गांधी और यात्रा की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 24 दिसंबर को स्थिति यह हो गई थी कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं और भारत यात्रियों को राहुल गांधी के आसपास घेरा बनाना पड़ा था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी तथा कुछ अन्य कांग्रेस नेताओं की अतीत में हुई हत्या का भी उल्लेख किया और कहा कि सरकार को प्रतिशोध की राजनीति में नहीं पड़ना चाहिए तथा कांग्रेस नेताओं की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। कांग्रेस मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, इस यात्रा को बदनाम करने और रोकने का पूरा प्रयास किया गया है, लेकिन यह यात्रा रुकने वाली नहीं है क्योंकि यह यात्रा जोड़ने की है।

उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा एक यज्ञ है और यज्ञ में व्यवधान डालने वालों को राक्षस कहा जाता है। हम आगाह कर रहे हैं कि बाज़ आइए, यज्ञ तो पूरा होकर रहेगा। कांग्रेस के संचार विभाग के सचिव वैभव वालिया ने पिछले दिनों हरियाणा में भारत जोड़ो यात्रा से संबंधित विश्राम शिविर के कंटेनर में कुछ लोगों के कथित तौर पर घुसने का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि उनकी शिकायत पर ( शेष पेज 8 )

# मेरी दादी व मां के गुणों वाली जीवनसाथी चाहूंगा: राहुल

● पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष पहली बार शादी के मुद्दे पर बोले, टी-शर्ट से जुड़े सवाल पर कहा-यही चल रही है, जब नहीं काम करेगी तब देखेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अपनी** भारत जोड़ो यात्रा और कंपकंपाती ठंड में आधी बांह की टी शर्ट पहनने के कारण सुर्खियों में चल रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहली बार अपनी शादी पर बोले और बताया कि उन्हें कैसी लड़की चाहिए। राहुल गांधी ने कहा है कि वह शादी के लिए ऐसी लड़की चाहेंगे जिसमें उनकी दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी की खूबियां मिली-जुली हों। उन्होंने एक यू-ट्यूब चैनल के साथ साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। राहुल गांधी से उनकी दादी के साथ रिश्ते के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, वह मेरे जीवन का प्यार थीं। वह मेरी दूसरी मां थीं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इंदिरा गांधी जैसी खूबियों वाली किसी लड़की के साथ शादी करना चाहेंगे तो उन्होंने कहा, यह दिलचस्प सवाल है। मैं ऐसी लड़की पसंद करूंगा जिसमें मेरी दादी और मां की खूबियां मिली-जुली हों। उन्होंने यह भी कहा कि जब उन्हें कोई पप्पू बोलता है तो उन्हें बुरा नहीं लगता क्योंकि यह सब दुष्प्रचार का हिस्सा है तथा ऐसा बोलने वाले अपने आप में परेशान और डरे हुए होते हैं। उन्होंने कहा, यह दुष्प्रचार का हिस्सा है। जो बोल रहा है, उसके अंदर डर है, उसके जीवन में कुछ नहीं है, उसके रिश्ते अच्छे नहीं चल रहे हैं। उसे मुझे गाली देने की जरूरत है, तो गाली दे मैं, स्वागत करूंगा। राहुल गांधी ने कहा, मैं किसी से नफरत नहीं करता। आप मुझे गाली दो... मैं आपसे नफरत नहीं करूंगा।

राहुल ने इस साक्षात्कार में गाड़ियो और बाइक के बारे में भी विस्तार से चर्चा की और बताया कि उनके पास अपनी कोई कार नहीं है, लेकिन उनकी मां के पास एक कार है। उन्होंने कहा, मैं लंदन में रहता था तो आरएस 20 बाइक चलाता था, वो मेरे जीवन का एक प्यार है। राहुल गांधी का कहना था कि वह साइकिल चलाना पसंद करते हैं तथा कभी उन्हें लैम्ब्रेटा स्कूटर पसंद थी। उधर, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कड़ाके की सर्दी में सिर्फ टी-शर्ट पहनने को लेकर बुधवार को कहा कि यही चल रही है, जब यह काम नहीं करेगी तब देखेंगे। उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम से इतर पत्रकारों के ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली में बुधवार को कांग्रेस स्थापना दिवस पर पार्टी मुख्यालय में अपनी मां सोनिया गांधी से लाड़ जताते राहुल गांधी।

# ग्रेनो की खूबसूरती में चार चांद लगाएंगी फसाड लाइटें

● ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 128वीं बोर्ड में लिए गए निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए फसाड लाइटें लगवाई जाएंगी। ये लाइटें नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, 130 मीटर रोड और 105 मीटर रोड पर स्थित बिल्डिंगों पर उनके मालिकों को खुद से लगानी होंगी।

इस पॉलिसी पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। ग्रेटर नोएडा देश के प्रमुख औद्योगिक शहर के रूप में उभरा है। यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर कई प्रमुख शहरों से बेहतर है। हरियाली और चौड़ी सड़कें यहां की पहचान है। सड़कों पर स्ट्रीट लाइटों की दुधिया रोशनी से यह शहर खूबसूरत लगता है। इस खूबसूरती में और इजाफा करने के लिए फसाड लाइटें लगवाने का निर्णय लिया गया है। ग्रेटर नोएडा की प्रमुख सड़कों, मसलन नोएडा एक्सप्रेसवे, 130 मीटर रोड, 105 मीटर रोड के किनारे स्थित बिल्डिंगों को रोशनी से जगमग कराया जाएगा। इसकी पॉलिसी पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने मुहर लगा दी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से प्राधिकरण दफ्तर और 130 मीटर चौड़ी रोड के दोनों ओर स्थित मल्टीस्टोरी बिल्डिंगों पर उनके मालिकों की तरफ से फसाड लाइटें लगवाई जाएंगी।

रोड की तरफ एलिवेशन में कम से कम 40 फीसदी क्षेत्रफल पर फसाड लाइटें लगाने का प्रावधान किया गया है। ये लाइटें मल्टी कलर में होंगी। लेजर बीम का भी प्रयोग किया जा सकता है। नोटिस जारी होने से चार माह में लाइटें लगानी होंगी। ऐसा न करने पर लीज डीड की शर्तों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इन मार्गों पर स्थित बिल्डिंगों पर फसाड लाइटें लगाने के बाद ही अधिभोग प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 128वीं बोर्ड में सीईओ ऋतु माहेश्वरी और अन्य पदाधिकारी।

## पालतू कुत्ते-बिल्ली के पंजीकरण को मंजूरी

नोएडा की तरह अब ग्रेटर नोएडा में भी पालतू कुत्तों-बिल्लियों आदि का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है, जबकि लावारिस कुत्तों से संबंधित नीति पहले से ही लागू है। प्रस्ताव के मुताबिक पालतू कुत्ते, बिल्ली आदि रखने वाले व्यक्ति को एक माह के भीतर एप पर पंजीकरण कराना होगा। ऐसा न करने पर पेट ऑनर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं, प्राधिकरण बोर्ड ने लावारिस कुत्तों के लिए नीति निर्धारित कर दी है।

## एयरपोर्ट के लिए 453 करोड़ देने पर मुहर



*जेवर में निर्माणाधीन नोएडा एयरपोर्ट के द्वितीय चरण के विकास के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से 453 करोड़ रुपये का भुगतान और किया जाना है। प्राधिकरण इसका भुगतान चार किस्तों में करेगा। पहली किस्त करीब 113 करोड़ रुपये का भुगतान शीघ्र ही कर देगा। शेष धनराशि का भुगतान बैंकों से लोन प्राप्त कर करेगा। प्राधिकरण बोर्ड ने इस रकम को चार किस्तों में लोन लेकर भुगतान करने पर अनुमति प्रदान कर दी है। नोएडा एयरपोर्ट में उत्तर प्रदेष सरकार व नोएडा प्राधिकरण की अंशधारिता 37.5 . 37.5 फीसदी है जबकि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व यमुना प्राधिकरण की अंशधारिता 12.5.12.5 फीसदी है। नोएडा एयरपोर्ट से 2024 में उड़ान शुरू कराने की*

## संक्षिप्त समाचार


पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश को ले जाती पुलिस।

### इनामी बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस ने सेंट्रो चोर गैंग के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। यह बदमाश पुलिस मुठभेड़ के दौरान मौके से फरार हो गया था और तभी से पुलिस इसकी तलाश कर रही थी। आज पुलिस ने शातिर चोर को डोमिनोज गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। इस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस ने इस गिरोह के सरगना दुष्यंत को गिरफ्तार किया था, लेकिन मौके से एक चोर फरार हो गया था। सूचना के बाद बुधवार को बीटा 2 पुलिस ने डोमिनोज गोल चक्कर के पास से मुठभेड़ के दौरान फरार हुए बदमाश मोनू चौहान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक सेंट्रो गाड़ी के चेसिस नंबर की प्लेट और अवैध हथियार बरामद किया है।

### तीन घरों पर धावा बोलकर लाखों के जेवरात चोरी

**नोएडा।** थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि डाबरा गांव निवासी भूरे सिंह ने थाना दादरी में मुकदमा दर्ज करवाया है। उनका कहना है कि वह अपने घर पर दरवाजा बंद करके सो रहे थे। दूसरे कमरे में रखी अलमारी से अज्ञात चोर करीब एक लाख रुपए नकद तथा 8 लाख रुपए कीमत के गहने व सामान चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने पड़ोस में रहने वाले जगबीर के घर पर धावा बोलकर वहां से कीमती घरेलू सामान चोरी कर लिया। उसके बाद पड़ोस में ही रहने वाले सुमन भगत के घर में चोर पहुंचे वहां चोरों ने एक लाख रुपए नगद और करीब लाखों रुपए के गहने चुरा लिए।

### महिला थाने के स्टाफ पर केस दर्ज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में महिला थाने के स्टाफ पर एफआईआर दर्ज हुई है। परिवार परामर्श केंद्र से चली शिकायत कॉपी महिला थाने तक पहुंचकर बदल गई और उसमें दहेज एक्ट के साथ गर्भपात का भी आरोप जुड़ गया। आरटीआई से इसकी पोल खुल गई। अब पुलिस कमिश्नर के आदेश पर महिला थाने के स्टाफ पर थाना सिहानी गेट में एक मुकदमा दर्ज किया गया है। माना जा रहा है कि जल्द ही कई पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो सकती है। राजनगर एक्सटेंशन निवासी नीतू सोलंकी ने 19 मई 2022 को दहेज एक्ट और घरेलू विवाद की शिकायत थाना नंदग्राम में की थी। नंदग्राम थाने से ये शिकायत परिवार परामर्श केंद्र को ट्रांसफर कर दी गई। तीन बार काउंसिलिंग के बावजूद जब दोनों पक्षों में समझौता नहीं हुआ तो 9 सितंबर 2022 को परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी नेहा चौहान ने नीतू के पति प्रवीण कुमार समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर की संस्तुति कर दी। तत्कालीन एसपी क्राइम दीक्षा शर्मा के आदेश पर 15 सितंबर 2022 को महिला थाने में पति व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।इस बीच नीतू सोलंकी के पति प्रवीण कुमार ने आरटीआई के जरिये परिवार परामर्श केंद्र से अपने विरुद्ध आई शिकायत की कॉपी प्राप्त कर ली।

# भारत जोड़ो यात्रा से विपक्षी दलों का किनारा

● जयंत चौधरी 9 दिन के लिए बाहर गए, सपा बोली- अखिलेश यादव के पास समय नहीं

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश में 3 जनवरी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू होने जा रही है। राहुल गांधी ने इस यात्रा में शामिल होने के लिए कई राजनीतिक दलों के नेताओं को न्योता दिया है। इसमें प्रमुख रूप से अखिलेश यादव, मायावती, जयंत चौधरी, चंद्रशेखर आजाद, राकेश टिकैत के नाम सामने आ रहे हैं। हालांकि इनमें से कई नेताओं ने यात्रा के शुरू होने से पहले ही इससे किनारा कर लिया है।

इस यात्रा के यूपी कोऑर्डिनेटर सलमान खुर्शीद का कहना है कि हम तब तक आधिकारिक रूप से नाम नहीं बताएंगे, जब तक संबंधित के पास हमारा आमंत्रण पत्र नहीं पहुंच जाता। क्योंकि अगर हम नाम सार्वजनिक कर दें और संबंधित तक आमंत्रण पत्र ही नहीं पहुंचे तो फिर तरह-तरह की बातें बनती हैं।

भारत जोड़ो यात्रा के यूपी कोऑर्डिनेटर सलमान खुर्शीद और प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके इस यात्रा की जानकारी दी। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं होंगे। जयंत के निजी सहायक समरपाल सिंह ने कहा, जयंत चौधरी 27 दिसंबर को बाहर चले गए हैं और 4 जनवरी को लौटेंगे। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा भारत जोड़ो यात्रा का न्योता मिला है। मैं जाऊंगा या नहीं, इस पर संयुक्त किसान मोर्चा के बीच चर्चा की जाएगी। भारत जोड़ो यात्रा का आमंत्रण मिला या नहीं, इस सवाल पर सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा, हमें इसकी कोई जानकारी नहीं है। हमारी पार्टी के ही इतने कार्यक्रम पहले से चल रहे हैं। ऐसे में मुझे नहीं लगता कि अखिलेश यादव इस यात्रा में जाएंगे।



प्रेस वार्ता के दौरान यूपी कोऑर्डिनेटर सलमान खुर्शीद व नसीमुद्दीन सिद्दीकी।

## कमरा दिखाने के नाम पर युवती से बलात्कार

**नोएडा।** थाना फेस-2 क्षेत्र के भंगेल गांव में रहने वाले एक युवक ने एक युवती को कमरा दिखाने के बहाने अपने पास बुलाया तथा उसके साथ जबरन बलात्कार किया।

घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी ने बताया कि खोड़ा कॉलोनी में रहने वाली एक 27 वर्षीय युवती ने थाना फेस-2 में बीती रात को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह भंगेल गांव में कमरे पर किराया देखने के लिए आई थी। वहां पर प्रवीण मिश्रा नामक युवक उसे मिला। उसने उसे कमरा दिखाने के बहाने अपने घर पर ले गया, तथा वहां पर उसके साथ जबरन बलात्कार किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे गाली.गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को बुधवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया है।

# एलिवेटेड रोड पर कार के बोनट पर बैठकर गुड़गुड़ाया हुक्का

● सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, पुलिस ने जांच शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मौज-मस्ती का अड्डा बने गाजियाबाद के एलिवेटेड रोड की नई वीडियो सामने आई है। एक व्यक्ति ने रात के वक्त रोड पर गाड़ी खड़ी की।

बोनट पर बैठकर हुक्का पिया और धुएं के छल्ले उड़ाए। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी है। एडवोकेट नदीम खान नामक शख्स ने अपनी फेसबुक पर ये वीडियो करीब 12 घंटे पहले पोस्ट की है। इस हिसाब से ये वीडियो मंगलवार रात की प्रतीत हो रही है। एक वीडियो में नदीम ने हुक्के को कार की छत पर रखा है और वो खुद रोड पर खड़े होकर उसे गुड़गुड़ा रहा है। जबकि दूसरी वीडियो में नदीम कार के बोनट पर बैठा है और हुक्का भी बोनट पर रखा हुआ है। नदीम के बारे में पता चला है कि वो कैला भट्टा का रहने वाला है।

पूर्व में बसपा के विधायक रहे सुरेश बंसल के लिए भी नदीम खान काम कर चुका है। फिलहाल नंदग्राम थाना पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और उसी अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ये एलिवेटेड रोड गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन से शुरू होती है और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में जाकर जुड़ती है। इसकी लंबाई 10.82 किलोमीटर है। इसके निर्माण पर 1248 करोड़ रुपए लागत आई थी।

# नववर्ष शुरू होते ही कमिश्नरेट को मिल जाएगे तीन और थाने

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


सीपी अजय कुमार मिश्रा

कमिश्नरेट बनने के बाद पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने पुलिस सिस्टम को हाईटैक एवं संसाधनों से लैस करने की मुहिम छेड़ दी थी। इस मुहिम के तहत कमिश्नरेट पुलिस में सैंकड़ों पुलिसकर्मी व अधिकारी शामिल करवाये। इसके अलावा जनसंख्या एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने शालीमार गार्डन, अंकुश विहार व नीतिखण्ड जैसे तीन नये थानों के सृजन का प्रस्ताव भी शासन को भेज दिया। इस संदर्भ में सीपी अजय कुमार मिश्रा का कहना है कि अगर उनका प्रयास सफल रहा तो नववर्ष के पहले माह यानि जनवरी में ये तीनों नये थाने काम करना शुरू कर देंगे। मिश्रा ने बताया कि उक्त थानों की जमीन चिंहित करके उनके लिये भूखण्ड लेने के लिये संबंधित विभागों का सहयोग मांगा गया है। मिश्रा ने बताया कि उन्हें आशा है कि नवसृजित थानों के लिए जमीन जल्द आलॉट हो जायेगी।

साथ ही शासन स्तर पर भी इस प्रस्ताव को अनुमति मिल जायेगी। मिश्रा ने बताया कि लोनी सर्किल में बनने वाले अंकुर विहार थाने को लोनी व ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र से काटकर, नीति खंड थाने को इंदिरापुरम थाने से और शालीमार गार्डन को साहिबाबाद थाना क्षेत्र के एक हिस्से को काटकर बनाया जायेगा। मिश्रा ने बताया कि ये तीनों नये थाने जनवरी माह के अंत तक अस्तित्व में आ जाएंगे।

## रेस्टोरेंट में शराब परोसते 3 गिरफ्तार

**नोएडा।** आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह की अगुआई में एक टीम ने सेक्टर 122 पर्थला स्थित पुस्तिदा रेस्टोरेंट में छापा मारा। यहां अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही थी।

आबकारी की टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान मिनेश, धर्मेंद्र व खेतराम के रूप में हुई। उनके कब्जे से कुल टीचर्स हाई लैंड क्रीम ब्रांड का 1 बोतल, बकार डी ब्लैक ब्रांड, रॉयल स्टैग ब्रांड के कुल 05 बोतल व किंग फिशर ब्रांड के कुल 12 केन बीयर बरामद की गई। पकड़े गए लोगों के खिलाफ थाना सेक्टर 113 में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# अपर आयुक्त की ग्राम प्रधानों संग बैठक

● ग्रेटर नोएडा में सुरक्षा व्यवस्था लेकर हुई बातचीत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सूरजपुर स्थित पुलिस मुख्यालय पर अपर पुलिस आयुक्त ने कानून व्यवस्था को लेकर ग्रेटर नोएडा के ग्राम प्रधानों के साथ एक बैठक की।

इस बैठक के दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर उनसे वार्तालाप किया और ग्रामों से संबंधित समस्याओं को लेकर उनसे सुझाव भी मांगे। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था रवि शंकर छवि द्वारा कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखने के उद्देश्य से ग्राम प्रधानों के साथ गोष्ठी की गई। उनके द्वारा उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई और संबंधित पुलिस कर्मियों को तुरंत निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

सभी ग्राम प्रधानों को पुलिस का सहयोग करने व सामंजस्य बनाए रखते हुए अपराध नियंत्रण में सहयोग करने के लिए बताया गया। शांति समिति, संभ्रांत व्यक्ति के समूह से साथ मिलकर स्थानीय पुलिस को अपराधिक किस्म के व्यक्तियों व तस्करी या गलत गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों की सूचना देने लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधिकारीगण को स्थान चिन्हित कर पुलिस पिकेट पॉइंट बनाने, रात्रि गश्त और अधिक सुदृढ़ तरीके से करने व सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया। मीटिंग के दौरान पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा अभिषेक वर्मा, एडीसीपी ग्रेटर नोएडा दिनेश, एडीसीपी मुख्यालय विशाल पांडे, विभिन्न गांवों से आए ग्राम प्रतिनिधि व अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सांसद ने सुनी फरियाद, समाधान के दिए निर्देश

● पुलिस, राजस्व, विद्युत, स्वास्थ्य और परिवहन की समस्या को लेकर पहुंचे लोग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


जनसुनवाई के दौरान सांसद महेश शर्मा, साथ में फरियादी।

गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने सेक्टर.27 कैलाश अस्पताल स्थित कैम्प कार्यालय पर संसदीय क्षेत्र के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना।

जनता की समस्याओं को सुनने के बाद उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैम्प कार्यालय पर नोएडा व ग्रेटर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों और गांवों से आए महिला और पुरुष फरियादियों ने पुलिस, राजस्व, विद्युत, स्वास्थ्य और परिवहन विभाग के अलावा अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं को सांसद के समक्ष रखा। क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनने के बाद सांसद ने समस्या समाधान का भरोसा भी दिया। इस दौरान सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि सरकार आमजन की परेशानियों को दूर कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। लोगों की समस्याओं को गंभीरता के साथ समाधान कराने की कोशिश प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है।

शुद्धिपत्र

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

एलएएन नंबर एलबीपीएनपी00005237946/एलबीपीएनपी00005237953/एलबीएनओडी00005333264 कर्जदार का नाम जगदीश चाबा के तहत दि पायनियर (अंग्रेजी) एवं दि पायनियर (हिन्दी) दिल्ली/एनसीआर संस्करण में प्रकाशित सांकेतिक समाचार पत्र प्रकाशन के विज्ञापन के संदर्भ में देखें। प्रकाशन दिनांकित 30-08-2021 तथा सांकेतिक प्रकाशन दिनांकित 07-03-2022 प्रकाशित की गई थी। असावधानीवश ऋण संख्या एलबीपीएनपी00005237946/एलबीपीएनपी00005237953/एलबीएनओडी 00005333264 के स्थान पर एलबीपीएनपी00005237964/एलबीपीएनपी00005237953/एलबीएनओडी00005333264 वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको एलबीपीएनपी00005237946/एलबीपीएनपी00005237953/एलबीएनओडी00005333264 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना में वर्णित सभी अन्य विवरण अपरिवर्तित है।

दिनांकित : 29-12-2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थानः नोएडा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सरबजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री तेजपाल सिंह, आवासीय Built up First Floor without roof rights a Part of Property Bearing No. 1200-B, Gali No. 10 out of Khasra No. 93, Situated at Govind Puri Kalka Ji New Delhi-110019, के Relinquishment Deed dated 15.09.2022, द्वारा मालिक है! उपरोक्त संपत्ति हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है! आगे सूचित हो की (1) जगित कौर, (2) जितेंदर कुमार कलसी, & (3) सरबजीत सिंह के अलावा स्व0 बलबीर कौर के अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी नहीं है।
यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा है, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 10 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।
राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली-110001
Mob.: +91-8076188328

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री अब्दुल रहमान पुत्र श्री अताउर रहमान, (2) श्रीमती सर्वात निखत पत्नी श्री अब्दुर रहमान, Residential Built-up Flat No. C-4 on Second Floor, Front Side Portion, area measuring 650 Sq. Feets, constructed on Property No. 9/9, total area measuring 192 Sq. Meters, comprised in Khasra No. 1151/3 Min, situated in the abadi of Lal Dora Village Mehrauli, Tehsil Hauz Khas, New Delhi 110030 को श्री रमेश कुमार को बेच रहे है। उपरोक्त संपत्ति पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है और आगे (1) श्री अब्दुल रहमान पुत्र श्री अताउर रहमान, (2) श्रीमती सर्वात निखत पत्नी श्री अब्दुर रहमान, द्वारा सूचित किया जाता है। की उपरोक्त संपति पर कोई विवाद या किसी तीसरे पक्ष का दावा नहीं है।यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 15 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है!
राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +91-8076188328

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय सी.डी. रामनगर (नैनीताल). दीवानी वाद संख्या-59 वर्ष-2021
वादी - प्रोदीप कुमार सरकार पुत्र स्व. श्री एम.आर. सरकार, निवासी - ग्राम पीरुमदारा तह. रामनगर (नैनीताल)
बनाम प्रतिवादी गण -
1. संदीप रावत आदि
सम्मन बनाम जय प्रकाश डन्डरियाल पुत्र श्री इश्वरी दत्त डन्डरियाल, हाल निवासी - पता - ए3/37 एच पाकेट ए-3 एल.आई.जी. मयूर विहार 3, दिल्ली 110096
चूंकि वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद वास्ते शून्य घोषित करने पंजीकृत बैनामा दिनांक - 28.11.2017 लेख पत्र सं.-2653 योजित किया जो विचाराधीन है. जिसमें दिनांक- 17 माह 01 वर्ष 2023 की तिथि नियत है.
अतः आपको एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक- 17 माह 01 वर्ष 2023 को दिन 10.00 बजे प्रातः इस न्यायालय में स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता उपस्थित आवें और उपरोक्त वाद में अपना पक्ष प्रस्तुत करें. आपकी अनुपस्थिति में उपरोक्त वाद एक पक्षीय रूप से सुना व निर्णित किया जाएगा. इत्तला जानें.
आज दिनांक 15 माह 12 वर्ष 2022 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया
दिनांक 15/12/2023
सिविल जज सी.डी., राजेश कुमार
राम नगर (नैनीताल)

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय सी.डी. रामनगर (नैनीताल). दीवानी वाद संख्या-58 वर्ष-2021
वादी - प्रोदीप कुमार सरकार पुत्र स्व. श्री एम.आर. सरकार, निवासी - ग्राम पीरुमदारा तह. रामनगर (नैनीताल)
बनाम प्रतिवादी गण -
1. सुभाष पुत्र नज़र सिंह आदि
सम्मन बनाम जय प्रकाश डन्डरियाल पुत्र श्री इश्वरी दत्त डन्डरियाल, हाल निवासी - पता - ए3/37 एच पाकेट ए-3 एल.आई.जी. मयूर विहार 3, दिल्ली 110096
चूंकि वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद वास्ते शून्य घोषित करने पंजीकृत बैनामा दिनांक - 28.11.2017 लेख पत्र सं.-2649 योजित किया जो विचाराधीन है. जिसमें दिनांक- 17 माह 01 वर्ष 2023 की तिथि नियत है.
अतः आपको एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक- 17 माह 01 वर्ष 2023 को दिन 10.00 बजे प्रातः इस न्यायालय में स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता उपस्थित आवें और उपरोक्त वाद में अपना पक्ष प्रस्तुत करें. आपकी अनुपस्थिति में उपरोक्त वाद एक पक्षीय रूप से सुना व निर्णित किया जाएगा. इत्तला जानें.
आज दिनांक 15 माह 12 वर्ष 2022 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया
दिनांक 15/12/2022
सिविल जज सी.डी., राजेश कुमार
राम नगर (नैनीताल)

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय सी.डी. रामनगर (नैनीताल). दीवानी वाद संख्या-58 वर्ष-2021
वादी - प्रोदीप कुमार सरकार पुत्र स्व. श्री एम.आर. सरकार, निवासी - ग्राम पीरुमदारा तह. रामनगर (नैनीताल)
बनाम प्रतिवादी गण -
1. सुभाष पुत्र नज़र सिंह आदि
सम्मन बनाम शुभाष पुत्र श्री नज़र सिंह निवासी - ढक्का मख्दूमपुर अमरोहा उत्तर प्रदेश 244251
चूंकि वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद वास्ते शून्य घोषित करने पंजीकृत बैनामा दिनांक - 28.11.2017 लेख पत्र सं.-2649 योजित किया जो विचाराधीन है. जिसमें दिनांक- 17 माह 01 वर्ष 2023 की तिथि नियत है.
अतः आपको एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 17 माह 01 वर्ष 2023 को दिन 10.00 बजे प्रातः इस न्यायालय में स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता उपस्थित आवें और उपरोक्त वाद में अपना पक्ष प्रस्तुत करें. आपकी अनुपस्थिति में उपरोक्त वाद एक पक्षीय रूप से सुना व निर्णित किया जाएगा. इत्तला जानें.
आज दिनांक 15 माह 12 वर्ष 2022 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया
दिनांक 15/12/2022
सिविल जज सी.डी., राजेश कुमार
राम नगर (नैनीताल)

PUBLIC NOTICE

My client Gurmeet Singh have applied for ownership rights of shop No. 13, MCD MARKET, Sector 5 RK Puram ND 110022. Incase the original allottee Mr. Kishan Lal or Mr. Basant Kumar, or any of their legal heirs claiming interest in the above said property, may file their objections to the Dy. Commissioner, Land & Estate Department, Minto Road, Delhi-110002 within 21 days. Thereafter, any claim treat null and void.
Jaswant Rai Aggarwal (Advocate)
6 Prem Nagar Market opp Gate no.1
Tyagraj Stadium New Delhi-110003

सार्वजनिक सूचना

सर्वप्रिय महाजन कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड,202,वर्धमान एवन शॉपिंग प्लाजा,एल.एस.सी, सी-ब्लाक मार्केट,सरस्वती विहार,पीतमपुरा,दिल्ली-110034
डी.सी.एस. नियम 2007 की धारा 19(2) का अनुसरण करते हुए जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वप्रिय महाजन सी.जी.एच.एस. लिमिटेड (पंजि न०1384) के निम्न सदस्यों ने सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है 1. श्रीमती मीनू कुमारी (सदस्य सं. 548) 2. श्री विपिन त्यागी (सदस्य सं.605). इन दोनो को इनकी सभी जमा राशी account payee चैक द्वारा लौटा दी गयी हैं,यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो आर.सी.एस, संसद मार्ग, नई दिल्ली या सोसायटी आफिस 202,वर्धमान एवन शॉपिंग प्लाजा,एल.एस.सी, सी-ब्लाक मार्केट,सरस्वती विहार,पीतमपुरा,दिल्ली-110034 में इस नोटिस के छपने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कराए।
सचिव-सर्वप्रिय महाजन सी.जी.एच.एस लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क, रेस कोर्स सर्किल, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुम्बई-400051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., ब्लॉक सी-1, 19वां तल, वर्ल्ड ट्रेड टावर, सेक्टर-16, नोएडा-201301

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथा कि उसके अतिरिक्त, यहां नीचे वर्णित उक्त कर्जदारों की सूचना के प्रयोजनार्थ, उक्त कर्जदारों को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LADEL00037496374/सुनीता सिन्हा/पी. नंबर ई3ए यू/जी/एफ बी/एस नवादा हाउसिंग/कॉम्प्लेक्स, उत्तम नगर, दिल्ली-110059 | फ्रीस्टाइल/टाइटेनियम/ डीएल4सीएवाई1667 | 30-08-2022 रू. 2,89,231.3/- | 08-02-2022 |
| 2. | LUDEL00041765433/सुनीता सिन्हा/पी. नंबर ई3ए यू/जी/एफ बी/एस नवादा हाउसिंग/कॉम्प्लेक्स, उत्तम नगर, दिल्ली-110059 | फोर्ड/फ्रीस्टाइल 1.5 टाइटेनियम/ डीएल4सीएवाई1667 | 30-08-2022 रू. 68,172/- | 08-02-2022 |
| 3. | SPDEL00041381391/सुनीता सिन्हा/पी. नंबर ई3ए यू/जी/एफ बी/एस नवादा हाउसिंग/कॉम्प्लेक्स, उत्तम नगर, दिल्ली-110059 | फोर्ड/फ्रीस्टाइल 1.5 टाइटेनियम/ डीएल4सीएवाई1667 | 30-08-2022 रू. 2,85,064/- | 08-02-2022 |
| 4. | LADEL00037924326/वरूण कुमार/सुरिन्दरकौर/ प्लॉट नंबर 173, द्वितीय तल, पाकेट-14/सेक्टर-24, रोहिणी सेक्टर-24 नॉर्थ वेस्ट/दिल्ली, दिल्ली-110085 | क्रेटा/वीटीवीटी 106 एसएक्स प्लस एटी/डीएल8सीएवी4197 | 03-09-2022 रू. 3,29,129/- | 11-03-2022 |
| 5. | LADEL00035840592/ सतीश कुमार/ई-119, धरमशाला कृष्ण विहार, दिल्ली-110086, | केयूवी100/के8 5 एसटीआर/डीएल12सीएल8959 | 21-09-2022 रू. 95,071.6/- | 11-04-2022 |
| 6. | LADEL00037004386/ मानिक सिसोदिया/ बी-904/मयूरध्वज ग्रुप हाउसिंग/सोसायटी गीता कालोनी, दिल्ली-110031 | आई20/स्पोटर्स/ डीएल5सीपी5676 | 21-09-2022 रू. 95,866/- | 09-11-2021 |
| 7. | LAFDB00041746062/सोनवती/मकान नंबर 61/तुलसी कालोनी/सरूरपुर, फरीदाबाद-121004 | आई20/स्पोटर्स 1.2 पेट्रोल/ एचआर51सीए6917 | 21-09-2022 रू. 4,14,947/- | 04-04-2022 |

उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के बाद वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।
तिथि : 29 दिसम्बर, 2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सौर ऊर्जा नीति से शहर को बनाएंगे हरा-भरा

## एनडीएमसी बजट : वर्ष 2023-24 के लिए 583.29 करोड़ का पेश किया लेखा-जोखा

- न कोई नया कर, न ही पुराने टैक्स में की वृद्धि

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ने को वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया। इस बार के बजट में किसी प्रकार का कोई नया कर नहीं लगाया गया है और ना ही पुराने टैक्स में किसी प्रकार की बढ़ोतरी की गई है। इससे एनडीएमसी इलाके में रहने वालों को बड़ी राहत मिलेगी।

इसमें अगले साल होने वाली जी-20 शिखर सम्मेलन के सभी सदस्य देशों के खानपान को शामिल करते हुए एक फूड फेस्टिवल आयोजित करेगी। साथ ही सदस्य देशों के राष्ट्रीय पशुओं को दर्शाते हुए वेस्ट टू वंडर थीम पर आधारित एक पार्क भी विकसित करेगी।

एनडीएमसी शहर को हरा-भरा रखने के लिए अपनी खुद की सौर ऊर्जा नीति लाएगी और इलेक्ट्रिक वाहनों को पूरी तरह अपनाएगी। एनडीएमसी ने अपने स्कूलों और वृद्धाश्रमों के लिए मोबाइल आयुष डिस्पेंसरी, 50 बिस्तरों वाले आयुष अस्पताल और अनुसंधान केंद्र की स्थापना को भी बजट में शामिल किया है। लोगों के स्वास्थ्य के लिए दवाओं की उपलब्धता और प्रयोगशाला परीक्षण को बढ़ाया जाएगा। एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव ने बुधवार को बजट प्रस्तुत किया।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को भरोसा है कि साल का अंत पिछले वर्षों की तरह शुद्ध मुनाफे के साथ होगा। एनडीएमसी ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 (संशोधित अनुमान) में 224.98 करोड़ रुपये के मुनाफे के साथ एक दूरदर्शीय बजट पेश किया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 583.29 करोड़ रुपयों का बजट एक सुव्यवस्थित और वित्तीय रूप से स्थायी नगरपालिका निकाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है।

अमित यादव ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष की संभावनाएं अपेक्षाकृत अधिक आशाजनक हैं और एनडीएमसी एक मजबूत विकास पथ के लिए तैयार है और एनडीएमसी को राष्ट्रीय गौरव और वैश्विक बेंचमार्क बनाने के दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढेंगे।

बजट अनुमान 2023-24 में कुल प्रासियां 4743.41 करोड़ रुपये रुपये है जबकि संशोधित अनुमान वर्ष 2022-23 में 4422.70 करोड़ रखा गया है । उन्होंने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान प्रदर्शन और उपलब्धियों की जानकारी दी और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए योजनाओं और अनुमानों का प्रस्ताव के बारे में भी बताया ।



नई दिल्ली नगर पालिका परिषद का वर्ष 2023-24 का बजट पेश करते हुए परिषद के अध्यक्ष अमित यादव, साथ में उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, विधायक वीरेंद्र सिंह कादियान व अन्य सदस्य।

### जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी

अमित यादव के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 महत्वपूर्ण होने वाला है क्योंकि जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में होने जा रहा है। एनडीएमसी तेजी से फ्लाईओवरों के व्यापक सौंदर्यीकरण का काम कर रहा है। जानेमाने कलाकारों द्वारा मूर्तियों के साथ इस क्षेत्र के गोल चक्कर, शहरी कला चेतना को दर्शाएंगे। नई दिल्ली जी-20 के सभी भाग लेने वाले देशों के जायके के साथ एक फूड फेस्टिवल भी आयोजित करेगी। जी-20 पार्क के रूप में समर्पित एक पार्क, जो सभी देशों के राष्ट्रीय पशुओं को वेस्ट टू वंडर थीम पर बनाया जाएगा। यह बजट नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने, पर्यावरण के लिए जीवन शैली अपनाने, शहर की स्वच्छता सुनिश्चित करने और नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के संकल्प को प्रतिबिंबित करेगा।

### तकनीक का अधिकतम प्रयोग

दो करोड़ से अधिक पृष्ठों वाले रिकॉर्ड, फाइलों के डिजिटलीकरण का कार्य पहले चरण का पूरा हो चुका है। परियोजना का दूसरा चरण वित्त वर्ष 2023-24 में पूरा किया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैट-बॉट सुविधा परियोजना चरण दो जो उपयोगी नागरिक केंद्रित सेवाओं को एकीकृत करेगी। पालिका दृश्य परियोजना के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा के लिए रिमोट वर्किंग और डिजिटल इंटरेक्शन की सुविधा के लिए इन-बिल्ट कैमरा सुविधा के साथ लगभग 100 कंप्यूटर खरीदे गए हैं। 49 एनडीएमसी स्कूलों की वेबसाइटें विकसित की गई हैं और उन्हें चालू किया गया है।

### सड़कें और गलियों का नवीनीकरण

दो सड़के अशोक रोड और फिरोज शाह रोड का काम पूरा हो चुका है और 8 सड़कों का नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है। कोल्ड मिलिंग प्रक्रिया के साथ सड़कों की रीकार्पेटिंग का काम, शांति पथ, अकबर रोड, शाहजहां रोड और शेरशाह रोड की रिसर्फेसिंग का काम पूरा हो चुका है। सड़कों को प्रभावी ढंग से साफ रखने के लिए यांत्रिक रोड स्वीपरों का उपयोग किया गया है। 12 एवेन्यू सड़कों के रीसर्फेसिंग कार्य के लिए अनुमानित लागत को स्वीकृत कर दिया गया है और अगले वित्तीय वर्ष में कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा जल-आपूर्ति, सीवरेज सिस्टम, ड्रेनेज सिस्टम, आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली, स्वच्छ एनडीएमसी और बागवानी को बढ़ाया दिया जाएगा।

## म्यांमार के 11 पर्यटकों की कोविड-19 रिपोर्ट आई निगेटिव

**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल में पृथक वार्ड में भर्ती म्यांमा के 11 पर्यटक कोरोना वायरस के संक्रमण से मुक्त हो गए है। उनकी कोविड की रिपोर्ट निगेटिव आई है। पिछले सप्ताह इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इनमें से एक के कोविड-19 से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी।

अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया, म्यांमा से आए 11 पर्यटकों के समूह को रविवार को हवाई अड्डे से अस्पताल लाया गया था।

उन्हें पृथकवास वार्ड में रखा गया था। अब सभी 11 की कोविड जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है और उन्हें छुट्टी दी जा रही है। चिकित्सक ने बताया कि हवाई अड्डे पर कोविड-19 से संक्रमित पाए गए मरीज के नमूने को आनुवंशिकी अनुक्रमण के लिए भेज दिया गया है।

चीन सहित कुछ देशों में संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार शनिवार से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में आने वाले यात्रियों में से दो प्रतिशत की कोविड-19 जांच को अनिवार्य कर दिया है।

# दिल्ली को विश्व की सबसे सुंदर राजधानी बनाएंगे : सिसोदिया

- मुख्यमंत्री केजरीवाल ने निगम चुनाव में कूड़े के पहाड़ खत्म करने की दी थी गारंटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सरकार कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने के लिए हरकत में आ गई है। मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने निगम चुनाव में लैंडफिल साइटों को खत्म करने की गारंटी दी थी।

इसके मद्देनजर बुधवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आम आदमी पार्टी के महापौर और उपमहापौर पद के उम्मीदवार शैली ओबेरॉय व आले मोहम्मद इकबाल तथा नगर निगम के अधिकारीयों के साथ ओखला लैंडफिल साईट का दौरा किया। इस दौराम उपमुख्यमंत्री ने अधिकारीयों से कचरे को खत्म करने के चल रहे काम का निरीक्षण किया और उसकी कार्यप्रणाली को परखा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि कूड़े के पहाड़ों को खत्म करना पिछली सरकार की प्राथमिकता नहीं थी, इसलिए इन लैंडफिल साइटों की ऊंचाई पिछले 15 वर्षों से कम होने के बजाय लगातार बढ़ती रही और इसका खामियाजा दिल्ली वालों को उठाना पड़ा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इन कूड़े के पहाड़ो को खत्म करने का ब्लू-प्रिंट तैयार किया जा चुका है। सिसोदिया ने दावा किया कि 6 जनवरी को महापौर और उपमहापौर के चुनाव के बाद दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार लैंडफिल साइटों को कचरा मुक्त करने के लिए युद्धस्तर पर काम करेगी। केजरीवाल खुद इंजीनियर हैं और कचरे के ढेर को खत्म करने के लिए विस्तृत योजना बनाई है। उनका विजन दिल्ली को दुनिया की सबसे साफ-सुथरा और खूबसूरत राजधानी बनाने का है। इससे न केवल पर्यावरण को दुरुस्त करने में मदद मिलेगी साथ ही आसपास रहने वाले स्वास्थ्य में भी सुधार होगा।



ओखला लैंडफिल्ड साइट पहुंचे डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया। फोटो: रंजन डिमरी

# जहां था कचरा, वहां 8.5 एकड़ में विकसित हुई नर्सरी

- उपराज्यपाल ने रोशनआरा बाग में अत्याधुनिक नर्सरी का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ऐतिहासिक रोशनआरा बाग में जहां सी एंड डी अपशिष्ट, सूखे पत्ते और मलबे पड़े रहते थे आज वहां 8.5 एकड़ में विश्व स्तरीय नर्सरी विकसित हो गई है। यह नर्सरी जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शहर के सौंदर्यीकरण कार्यों पार्कों, उद्यानों और परिदृश्यों के रखरखाव के लिए पौधों की आपूर्ति करने में सहायक होगी।


इस अत्याधुनिक नर्सरी में हर साल लगभग 3.25 लाख पेड़-पौधे विकसित किए जा सकेंगे। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बुधवार को दिल्ली नगर निगम द्वारा विकसित अत्याधुनिक नर्सरी का उद्घाटन किया। उन्होंने इस साल जून में रोशनआरा बाग के अपने पहले निरिक्षण के दौरान यहां नर्सरी विकसित करने के निर्देश दिए थे। उपराज्यपाल ने दिल्ली नगर निगम की सराहना करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय राजधानी को हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए इस तरह की नर्सरी को शहर के दूसरे हिस्सों में भी विकसित किया जाना चाहिए। नर्सरी में बूम इरिगेशन सिस्टम के साथ यूवी स्टेबलाइज्ड, साउंड इंसुलेशन सेल्फ-एक्स्टिंगिंग और क्लाइमेट कंट्रोल सिस्टम के साथ पॉली कार्बोनेट शीट के साथ लगभग 220 वर्गमीटर क्षेत्र में इस हाई-टेक पॉलीहाउस के विकसित किया गया है। नर्सरी में तुलसी, जामुन और अजवाईन के पत्तों सहित अन्य प्रकार के 19 पौधों का प्रसार किया जाएगा।



नर्सरी का उद्घाटन करते एलजी वी.के. सक्सेना।

## पुलिसकर्मियों की पदोन्नति व पेंशन समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश

नई दिल्ली। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त आर.एस. कृष्णिया को निर्देश दिए कि वे दिल्ली पुलिस के जूनियर रैंक के सभी कर्मचारियों के कैरियर की प्रगति और पदोन्नति सहित संशोधित भर्ती नियमों एवं उन्हें मिलने वाले सभी लाभ जैसे, पेंशन, अनुकंपा आधारित नियुक्तियां आदि मुद्दों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उपराज्यपाल ने कार्यभार संभालने के बाद सेवा विभाग और मुख्य सचिव को सरकार के विभिन्न विभागों में नौकरियों तथा तैनाती के अधिक अवसर प्रदान करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिये थे।



# विधायक सुधीर सिंगला ने विस में उठाया सिविल अस्पताल का मुद्दा

## चिकित्सा सेवाओं में सुधार के लिए जल्द अस्पताल का हो निर्माण

## विधायक ने विस में की गुरुग्राम के मुद्दों की पुरजोर पैरवी

## आयुद्ध डिपो के दायरे में तोड़फोड़ की कार्रवाई रोकने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हर** बार की तरह इस बार भी गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुग्राम की समस्याओं को हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जल्द से जल्द अत्याधुनिक सिविल अस्पताल के निर्माण की बात कही, वहीं आयुद्ध डिपो के दायरे में तोड़फोड़ की कार्रवाई को भी रोकने की सिफारिश की। इसके अलावा भी कई अन्य मुद्दों को उन्होंने विधानसभा के पटल पर रखा।

विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुग्राम के पुराने सिविल अस्पताल के निर्माण की बात को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में अत्याधुनिक सरकारी अस्पताल के लिए पुरानी बिल्डिंग के टूटने का काम पूरा हो चुका है। ऐसे में अब जल्द ही नए अस्पताल के निर्माण की नींव रखने का कार्य मुख्यमंत्री मनोहर लाल जल्द से जल्द करें, ताकि गुरुग्राम में रह रहे लाखों लोगों को सभी सुविधाओं से सुज्जित अत्याधुनिक अस्पताल में बेहतर उपचार मिले।


विधायक सुधीर सिंगला।

### रेलवे स्टेशन व गुड़गांव विस क्षेत्र का नाम हो गुरुग्राम

**विधायक** सुधीर सिंगला ने गुड़गांव के रेलवे स्टेशन का नाम गुरुग्राम करने की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि जिले का नाम गुड़गांव से गुरुग्राम हुए कई साल बीत गए हैं, लेकिन अभी तक रेलवे स्टेशन का नाम गुड़गांव ही है। इसी तरह से गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र का नाम भी गुड़गांव ही है। उनकी सरकार से गुजारिश है कि रेलवे स्टेशन और गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र का नाम गुरुग्राम किया जाए।

### सड़क सुरक्षा को लेकर रिपोर्ट भी विस में की साझा

**विधायक** ने सड़क सुरक्षा को लेकर भी एक रिपोर्ट के माध्यम से जानकारी विधानसभा में रखी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 22 जिलों में करीब 6500 किलोमीटर क्षेत्र में प्रमुख सड़कों विशेषज्ञों ने सर्वे किया है। इसमें पता चला है कि हरियाणा की 218 प्रमुख सड़कों पर 255 बटकलेन, 377 दुर्घटना संभावित क्षेत्र और 1013 अवैध कट हैं। इसके अलावा 104 जगहों पर सड़कों पर रोशनी नहीं है और 725 जगहों पर सड़कों के डिजायन में कमी पाई गई है। यह चौंकाने वाली बात है। अगर यह वास्तविकता है तो फिर हमें इस पर सचेत होकर कदम उठाने की जरूरत है। क्योंकि हर साल हरियाणा में 5000 से अधिक लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में जान चली जाती है। विधायक सुधीर सिंगला ने मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री से आग्रह किया कि वे इस विषय पर एक वैज्ञानिक टीम गठित करके इस सर्वे की वास्तविकता का भी पता लगाकर जल्द कार्रवाई करें। जहां कमी हो उसे दूर किया जाए।

### आयुद्ध डिपो के दायरे में लोगों के ना तोड़ें मकान

**विधायक** सुधीर सिंगल ने आयुद्ध डिपो के दायरे में गुरुग्राम के उन लोगों की विधानसभा में पैरवी की, जो इस क्षेत्र में अपने मकान बनाकर रह रहे हैं। आयुद्ध डिपो के दायरे में पहले से बने हुए मकानों की तोड़फोड़ पर रोक के बावजूद कई बार नगर निगम के अधिकारी तोड़फोड़ करने पहुंच जाते हैं, इस पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जब तक अदालत से वायु सेना के प्रतिबंधित क्षेत्र को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं आ जाता, तब तक इस समस्या को सुलझाने के लिए एक एक्शन प्लान बनाया जाए। जिसके तहत लोगों को अस्थायी बिजली के कनेक्शन व अन्य सुविधाएं दी जा सकें।

# संजय सिंह ने विधानसभा में उठाया खराब सड़कों का मुद्दा

**सोहना।** विधायक संजय सिंह ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सोहना से तावडू, नूंह और पलवल मार्ग के निर्माण कार्यों में बरती जा रही लापरवाही पर सवाल उठाए। विधायक ने वर्कटेंडर की समय सीमा समाप्त होने के बावजूद कार्य शुरू न कराने वाले बीएण्डआर विभाग अधिकारियों समेत ठेकेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

सोहना से नूंह, रेवाड़ी और पलवल जाने वाले मार्गों के सुधारीकरण से लेकर पेचवर्क के कार्यों का टेंडर और ठेका छूटने की समय सीमा पूर्ण हो चुकी है, लेकिन कार्य शुरू नहीं हुए हैं। जिसके कारण इन मार्गों पर बने गड्ढों से वाहन चालकों को परेशानियां हो रही हैं। वाहनों के आवागमन से धूल उड़ने से पर्यावरण दूषित हो रहा है। विधायक ने विधानसभा सत्र में बोलते हुए बीएण्डआर विभाग अधिकारी और ठेकेदारों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। विधायक संजय सिंह ने बीएण्डआर विभाग के अधिकारी और ठेकेदारों के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने की मांग भी की है।

### कौन-कौन से मार्गों पर उठे सवाल

**विधायक** संजय सिंह ने विधानसभा सत्र में जिन सड़क मार्गों के निर्माण में उठाए सवालों में सोहना से पलवल मार्ग पर 36 किरोड़ रुपये, सोहना से नूंह 86 करोड़ रुपये और पलवल से तावडू मार्ग पर पैच वर्क कराए जाने पर 22 लाख रुपये की राशि प्रदेश सरकार द्वारा मंजूरी किए जाने की बात कही गई है।


सोहना से तावडू मार्ग में बने गड्ढे।

### सीएम घोषणा के बाद नहीं बनी सड़क

**प्रदेश** मुख्यमंत्री ने मार्च 2022 में दमदमा में पैराग्लाइडिंग का उद्घाटन अवसर पर सोहना से दमदमा और दमदमा से भोंडसी के बीच सड़क की जर्जर हालत को नये सिरे से बनाने की घोषणा की थी। उक्त मार्गों पर खर्च होने वाली राशि को भी मंजूरी दे दी गई थी। लेकिन अभी तक बीएण्डआर विभाग उक्त मार्ग के निर्माण की बात तो दूर। पैचवर्क भी नहीं करा सका है। जबकि मार्च के बाद इसी माह दमदमा आ चुके है।

## संक्षिप्त-समाचार

### नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय : गार्गी



**गुरुग्राम।** जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में भाजपा पदाधिकारियों की एक बैठक जिला कार्यालय गुरु कमल पर हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने गुरुग्राम एवं मानेसर नगर निगम चुनाव की बूथ स्तर की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय की। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र प्रमुख व त्रिदेव के साथ मिलकर बूथों की समितियों को मजबूत करें। बूथ अध्यक्षों को एक-एक मतदाता तक पहुंच कर कार्य करना है, ताकि भाजपा संगठन का जो नारा है कि बूथ जीता चुनाव जीता के संकल्प को साकार कर सकें। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि आने वाली 6 जनवरी को भाजपा गुरुग्राम की जिला कार्यकारिणी बैठक होगी। जिसमें जिले के सभी जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, मंडलों के अध्यक्ष, मोर्चा, विभाग एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। बैठक में जिला महामंत्री मनीष गाडोली, महेश यादव कार्टरपुरी, जिला विस्तारक सत्यवीर गांधी, जिला उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, हरबीर अधाना, राजेश अरोड़ा, जिला सचिव प्रदीप जैलदार, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा विरेन्द्र यादव, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सीएम विंडो के सदस्यों की एसीपी से हुई अहम बैठक



**गुरुग्राम।** बुधवार को सीएम विंडो के सदस्यों की एसीपी सदर संजीव बल्हारा के साथ अहम बैठक हुई। इस बैठक में सीएम विंडों पर आने वाले शिकायतों के निपटारे को लेकर चर्चा हुई। बैठक में गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र से अमित गोयल, महेश वशिष्ठ, नितिन शांडिल्य व विभा पांडे, बादशाहपुर विस से सुनील यादव, बीजेपी नेता महेंद्र यादव मौजूद रहे। विस्तृत चर्चा इस बात पर भी हुई कि कोई भी पुलिस जांच अधिकारी शिकायतों को पूरी जिम्मेदारी के साथ जांचे। उसकी गहनता से पड़ताल करे। सीएम विंडो सदस्य अमित गोयल ने कहा कि सीएम विंडो आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए बहुत अहमियत रखती है। यहां आने वाली शिकायतों का जल्दबाजी में निपटारा करने की बजाय प्रमाणिक तरीके से निपटारा हो। शिकायत करने वाले की संतुष्टि बहुत जरूरी है। श्री गोयल ने कहा कि अक्सर शिकायतें आती हैं कि पुलिस अपने स्तर पर शिकायतों पर ठोस कार्यवाही किए बगैर ही फाइल बंद करने के प्रयास में रहती है। ऐसा नहीं होना चाहिए। शिकायतकर्ता को यह विश्वास होता है कि उसकी समस्या का निवारण इस माध्यम से जरूर होगा। कोई भी व्यक्ति सीएम विंडो पर अपनी शिकायत तब डालता है, जब वह हर तरह से परेशान हो चुका होता है। ऐसे में हमें उसकी परेशानी बढ़ाने की बजाय कम करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को जनता का विश्वास जीतना चाहिए। यह सब जनता के लिए बेहतर काम करने से ही संभव है। बैठक में यह तय किया गया कि किसी भी शिकायत की फाइल पर सदस्यों से हस्ताक्षर कराने व बातचीत करने के लिए स्वयं संबंधित पुलिस अधिकारी ही मिलेंगे। एसीपी सदर संजीव बल्हारा ने कहा कि सीएम विंडो की शिकायतों पर गंभीरता से काम होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक माह में एक बैठक पुलिस और सीएम विंडो के सदस्यों के बीच होगी, ताकि जो भी कुछ कमी किसी भी स्तर पर होगी तो उसे दूर किया जा सके। सभी थानों के प्रभारी भी बैठकों में साथ होंगे।

# गोद लिए गांव गढ़ी बाजिदपुर में डीसी ने गांव स्कूल का किया निरीक्षण


गुरुग्राम के गांव गढ़ी बाजिदपुर में दौरे के दौरान स्कूल में जांच करते डीसी निशांत कुमार यादव।

## ग्राम संरक्षक योजना के तहत डीसी ने गोद लिया हुआ है गांव

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**ग्रामीण** समस्याओं से अवगत होकर उसका निदान करने के लिए मैं सदैव तत्पर हूं। जिला के गांवों में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्या का निदान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। यह बात जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सोहना खंड में गोद लिए गांव गढ़ी बाजिदपुर में कही। उनके साथ एडीसी विश्राम कुमार मीणा भी मौजूद रहे। डीसी निशांत कुमार यादव ने गांव गढ़ी बाजिदपुर को प्रदेश सरकार की ग्राम संरक्षक योजना के तहत डीसी ने यह गांव गोद लिया हुआ है।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गांवों की हर बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किए जा रहे हैं। ग्राम संरक्षक योजना भी इसी कड़ी का अहम हिस्सा है। डीसी श्री यादव ने सर्वप्रथम गांव में पहुंचकर गांव के राजकीय विद्यालय में किए गए विकास कार्यों का जायजा लेने के साथ साथ स्कूल के सभी कमरों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि स्कूल में स्टाफ व लड़को के लिए शौचालय की आवश्यकता है, जिस पर उपायुक्त ने अपनी सहमति प्रदान करते हुए जल्द ही इस कार्य को डिस्ट्रिक प्लान से करवाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा स्कूल में अध्यापकों की कमी पर उन्होंने कहा कि इस विषय में जिला शिक्षा अधिकारी से बात कर गांव के नजदीक जहां कही भी किसी स्कूल में सरप्लस स्टाफ होगा आपकी आवश्यकताओं के अनुसार उनका यहां स्थानान्तरण किया जाएगा।

ग्रामीणों ने डीसी श्री यादव को बताया कि गांव में स्कूल के पास स्थित जल घर में सफाई व्यवस्था ठीक ना होने व कोई मुख्य मार्ग ना होने के चलते ऑपरेटर को रोजाना एक तरफ की दीवार लांघ कर अंदर जाना पड़ता हैं। ग्रामीणों की मांग पर डीसी ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी से कहा कि ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल्द ही जल घर में अंदर जाने की व्यवस्था करवाएं। उपायुक्त ने इस दौरान तालाब प्राधिकरण द्वारा गांव के तालाब के जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण के विकास कार्यों, गांव की चार आंगनबाड़ी, शमशान घाट, प्राथमिक विद्यालय, गांव में नवनिर्मित नॉलेज सेंटर का भी निरीक्षण किया।

# 57 साल की उम्र में राजवंती ने खेलों में जीते मेडल

## गुरुग्राम में हुई 31वीं राज्य स्तरीय एथलीट चैंपियनशिप

## 1985-86 में स्कूल टाइम में खेलती थीं कबड्डी

## अपने पोते को भी खेलों के लिए करती हैं प्रेरित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कहते** हैं प्रतिभा दिखाने की कोई उम्र नहीं होती। कोई बचपन से ही प्रतिभाशाली होता है तो कोई बुजुर्ग अवस्था में पहुंचकर भी नाम कमा जाता है। ऐसी ही प्रतिभा की धनी हैं 7वीं कक्षा तक पढ़ीं 57 वर्षीय राजवंती देवी।

झज्जर जिला के गांव मातनहेल की रहने वाली राजवंती देवी का विवाह रेवाड़ी जिला में कृष्ण कुमार के साथ हुआ था। करीब 20 साल पहले वे गुरुग्राम में आकर रहने लगे। यहां पटेल नगर में परिवार के साथ रह रही राजवंती देवी ने करीब पांच महीने पहले खेलों का अभ्यास करना शुरू किया। यानी अब 55 साल की उम्र में उनके खेलों के प्रति फिर से दीवानगी जगी। यहां देवीलाल स्टेडियम में गुरुग्राम मास्टर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 31वीं राज्य स्तरीय एथलीट चैंपियनशिप में राजवंती देवी ने हिस्सा लिया। बुजुर्गों की इस स्पर्धा में राजवंती ने पूरे जोश और जुनून के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप में उन्होंने शॉटपुट, डिस्कस थ्रो और हैमर थ्रो में बेहतरीन प्रदर्शन कर तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल करके मेडल जीते।

राजवंती देवी का कहना है कि उन्होंने स्कूली शिक्षा के दौरान कबड्डी की प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। वर्ष 1985-86 में उन्होंने रोहतक में हुई प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किया था। इसके बाद उनकी शादी हो गई और अपने खेल को आगे जारी नहीं रख पाई। वे हर उम्र के बच्चों को खेलों के लिए प्रेरित करती हैं। उनका कहना है कि खेलों में बच्चों को जरूर भाग लेना चाहिए। खेल सिर्फ मेडल के लिए नहीं होते, शारीरिक रूप से भी बच्चे मजबूत होते हैं। हर माता-पिता को बच्चों को खेलों में जरूर लगाना चाहिए। खेलों में बच्चे बेहतर प्रस्तुति करते हैं तो वे खेलों में अपना भविष्य भी बना सकते हैं।


एथलीट चैंपियनशिप में जीते गए मेडल के साथ राजवंती देवी।

# जसबीर भड़ाना की मृत्यु पर शोक प्रकट करने पहुंचे सांसद जौनापुरिया



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**वरिष्ठ** अधिवक्ता जसबीर भड़ाना की आकस्मिक मृत्यु पर टोंक सवाई माधोपुर से भाजपा सांसद सुखबीर जौनापुरिया बुधवार को सेक्टर-15 स्थित उनके निवास पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। जसबीर भड़ाना बेहद ही मधुर-मिलनसार व्यक्तित्व थे।

वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। हृदयगति रुकने से तीन दिन पहले उनकी मृत्यु घर पर हुई थी। उनकी मृत्यु पर शहर के सभी प्रबुद्धजनों ने गहरा शोक प्रकट किया है। जिला बार एसोसिएशन ने भी मौन व्रत धारण करके शोक संवेदना जताई।

# औद्योगिक विवाद कम होंगे तो उद्योगों का होगा विकास

## लेबर लॉ एडवाइजर एसोसिएशन के समक्ष कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**लेबर** लॉ एडवाइजर एसोसिएशन गुरुग्राम के नव-निर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट आरएल शर्मा ने गुरुग्राम के मंडलायुक्त आरसी बिधान से उनके कार्यालय में मुलाकात की। उनके साथ एसोसिएशन के सलाहकार एसएस थिरियान भी उपस्थित रहे।

मुलाकात के दौरान मंडलायुक्त बिधान आरएल शर्मा को एसोसिएशन के पुन: अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा कि वे लेबर लॉ एडवाइजर एसोसिएशन के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों में शांति कायम करवाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। श्री बिधान ने कहा कि श्रम विभाग व श्रम न्यायालय में लंबित विवादों का आपसी सहमति से विवादों का निपटारा करवाने का भरसक प्रयास करें, ताकि दोनों पक्षों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विवाद जितने कम होंगे उतनी ही औद्योगिक शांति बनी रहेगी। जिससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा ओर देश प्रगति के रास्ते पर अग्रसर होगा। श्री बिधान ने एसोसिएशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि एसोसिएशन वास्तव में ओधोगिक शांति और श्रम कानूनों के प्रति समर्पित संस्था है, जो गुरुग्राम जैसे बड़े ओद्योगिक क्षेत्र में शांति स्थापित करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इस अवसर पर एसोसिएशन के दोनों पदाधिकारियों अध्यक्ष आरएल शर्मा और सलाहकार एसएस थिरियान ने लेबर कोर्ट और लेबर डिपार्टमेंट में श्रमिकों ओर प्रबंधनों की तरफसे उनके विवादों की पैरवी करने वाले अधिकृत प्रतिनिधियों की समस्यायों से मंडलायुक्त आरसी बिधान को अवगत करवाया, जिस पर श्री बिधान ने शीघ्र ही समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।


मंडलायुक्त आरसी बिधान से मुलाकात करते लेबर लॉ एडवाइजर एसो. के पदाधिकारी।

## राजीव गांधी पार्क के सौंदर्यीकरण को और बेहतर बनाएं : डीसी

# सोहना में चल रहे डी प्लान के विकास कार्य जनवरी तक पूर्ण होंगे : उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**जिला** उपायुक्त निशांत यादव ने बुधवार को शहर के ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम और राजीव गांधी पार्क डी प्लान के तहत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने खेल स्टेडियम कमेटी और नगर परिषद को जनवरी के अंत तक सभी विकास कार्य पूरे कराने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को उपायुक्त निशांत यादव ने देवीलाल खेल स्टेडियम में करीब 40 लाख रुपये के होने वाले विकास कार्यों का जायजा लिया। एडीसी विसराम मीना, एसडीएम जितेन्द्र गर्ग, तहसीलदार शिखा गर्ग, नायब तहसीलदार लछीराम, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह, एक्सएन विक्की सिंह मौजूद थे। देवीलाल खेल स्टेडियम में 25 लाख रुपये की लागत से दर्शक दीर्घा में टिनशेड बनाई जाएगी। इसके अलावा स्टेडियम में मैदान के चारों तरफ दौड़ने के लिए ट्रैक तैयार होगी। रात्रि के समय में स्टेडियम को जगमग करने के उद्देश्य से चार हाई मास्क लाइटें भी लगाई जाएंगी।

यहां के बाद उपायुक्त शहर के राजीव गांधी पार्क पहुंचे। जहां पर डी प्लान के तहत निर्माणाधीन पुस्तकालय और योग कक्ष का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने राजीव गांधी पार्क के सौंदर्यीकरण को और बेहतर बनाने को कहा। वर्तमान में चल रहे डी प्लान के तहत विकास कार्यों को जनवरी माह के आखिर तक पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए।


गुरुग्राम उपायुक्त निशांत यादव बुधवार को सोहन के देवीलाल खेल स्टेडियम का औचक निरीक्षण करते हुए।

> "सोहना में चल रहे विकास कार्यों को जल्द ही पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दे दिए हैं। विश्राम गृह को जल्द ही चालू कराया जाएगा और सरकारी राशन की दुकान पर लाभार्थियों को होने वाली परेशानियों को भी दूर किया जाएगा।"
> **निशांत यादव**
> उपायुक्त गुरुग्राम।

### रेस्टहाउस का दौरा

**उपायुक्त** ने राजीव गांधी पार्क के बाद शहर के पलवल मार्ग पर बने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह का निरीक्षण किया। विश्राम गृह करीब दो वर्ष पहले बनकर तैयार हो गया था, लेकिन अभी तक फर्नीचर न होने के कारण यह चालू नहीं हो सका। उपायुक्त ने अधिकारियों को जल्द से जल्द विश्राम गृह चालू करने के लिए सभी प्रकार की कमियों को दूर करने के निर्देश दिए है।

### राशन डिपो का निरीक्षण

आखिर में उपायुक्त ने जाते समय शहर के वार्ड-5 की शिव कॉलोनी में बने सरकारी राशन की दुकान का निरीक्षण किया। जहां मौजूद लाभार्थियों से राशन वितरण की जानकारी भी ली। जानकारी के दौरान लाभार्थियों ने नेटवर्क कम होने के कारण ऑनलाइन राशन लेने में परेशानियां होने की शिकायत की। उपायुक्त ने जल्द ही समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

# ब्लॉक समिति सदस्य चुनाव फिर स्थगित

**सोहना।** पंचायत समिति चेयरपर्सन और उपचेयरमैन पद का चुनाव एक बार फिर स्थागित हो गया। इस बार बहुमत न होने के कारण चुनाव रदद किया गया। बुधवार को होने वाले चुनाव में 14 में से मात्र 8 समिति सदस्य ही पहुंचे। चुनाव कराने की अगली तारीख चार जनवरी रखी गई है। बुधवार को बीडीपीओ कार्यालय में एसडीएम जितेन्द्र गर्ग की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई थी। बैठक में 14 समिति सदस्यों में से मात्र आठ सदस्य ही पहुंचे। बैठक में नौ सदस्यों का होना अनिवार्य था। जिससे चुनाव कराया जा सकता था। नियमानुसार एसडीएम ने चुनाव तय समय सीमा 11 से 12 बजे तक छह सदस्यों के आने का इंतजार किया, लेकिन 12 बजे तक आठ सदस्य ही रहने के कारण चुनाव प्रक्रिया स्थगित कर दी। चुनाव के लिए सभी सदस्यों को लिखित सूचना भेज दी थी। किन्तु निर्धारित समय से एक घंटे देर तक इंतजार करने के बाद भी कुल आठ सदस्य चुनाव में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। जिसमें नियम अनुसार नौ सदस्यों का होना अनिवार्य था।

# आजाद इंजीनियरिंग मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज के लिए विशेष मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी तैयार करेगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** में प्रिसिशन इंजीनियरिंग क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, आजाद इंजीनियरिंग ने जापान की मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज के लिए एक विशेष मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी की नींव रखकर एक नई पहल की शुरुआत की है। आजाद इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, राकेश चोपदार ने 11,800 वर्ग-मीटर के दायरे में फैले इस नए विनिर्माण केंद्र का शिलान्यास किया। लगभग एक दशक पहले कुछ मशीनों के साथ आजाद और मित्सुबिशी की साझेदारी के सफर की शुरुआत हुई थी, और मौजूदा विनिर्माण इकाई के जरिए उनकी यह साझेदारी आगे बढ़ी। अब MHI के लिए विशेष रूप से स्थापित की जाने वाली आगामी विनिर्माण इकाई के साथ दोनों कंपनियों की साझेदारी एक नए मुकाम पर पहुंच गई है।

टी नागायासु, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, के तनाका, डिप्टी-सीईओ, मित्सुबिशी, एम हसेगावा, डिप्टी-जीएम, ताकासागो ब्लेड एवं कॉम्बस्शन पार्ट्स मैन्युफैक्चरिंग, MHI, जापान, राजा राम रेड्डी, इंजीनियरिंग प्रमुख, MHI, जापान, जयेश रंजन, आईएएस, प्रधान सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य, (I&C) सूचना प्रौद्योगिकी, तेलंगाना सरकार, प्रवीण पीए, निदेशक, एयरोस्पेस एवं रक्षा, तेलंगाना सरकार, और केपी विवेकानंद, विधायक भी हैदराबाद में मेडचल के निकट तुनिकिबोलारम में 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से बनाए जाने वाले संयंत्र के शिलान्यास की घोषणा पर राकेश चोपदार के साथ शामिल हुए। वर्ष 2024 के मध्य तक इस संयंत्र में कामकाज शुरू हो जाएगा।

यह आजाद इंजीनियरिंग के आगामी सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड इनोवेशन सेंटर का हिस्सा होगा और इसमें लगभग 300 लोग कार्यरत होंगे। इस अवसर पर आजाद इंजीनियरिंग के एमडी, राकेश चोपदार ने कहा, मित्सुबिशी के लिए विशेष मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के निर्माण के लिए यह साझेदारी, सही मायने में हमारे अटल इरादे और वैश्विक मूल उपकरण निर्माताओं (OEMs) के पसंदीदा भागीदार के रूप में आपसी संबंधों को मजबूत बनाने की हमारी लगातार कोशिशों का नतीजा है। यह मित्सुबिशी के साथ हमारे एक दशक लंबे व्यापारिक सहयोग का सबसे सुनहरा लम्हा है और दर्शाता है कि आजाद उत्कृष्टता के अपने अटल इरादे पर आज भी कायम है।



# कोरोना : बिना मास्क और ग्लब्स के काम कर रहे कर्मचारी

## नियम लागू होने के बाद लोग नहीं कर रहे मास्क का इस्तेमाल

**कविता।** फरीदाबाद





डीसी दफ्तर में आधार कार्ड बनाने वाला कर्मचारी और लोग बिना मास्क के। बीके में बिना ग्लब्स के सैम्पल लेता लैब कर्मी। बिना ग्लब्स और मास्क के अस्पताल में पोंछा लगाता स्वास्थ्य कर्मी।

**कोरोना** के नए वैरियंट को लेकर देशभर में मॉक ड्रिल किये जा रहे हैं। हर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस कार्य में जुड़ गए हैं, लेकिन यहां तैयारियों का पूरा ब्योरा तो उपलब्ध कराया जा रहा है। कागजी तैयारियों के बीच पायनियर ने सिविल अस्पताल, डिस्पेंसरियों और सरकारी दफ्तरों का जायजा लिया तो वहां बुधवार को सभी कर्मचारी बिना मास्क के पब्लिक डिलिंग का कार्य करते हुए नजर आए। सरकारी दफ्तरों में कर्मचारियों के मुंह पर मास्क नहीं था। अस्पतालों में बिना मास्क और ग्लब्स के स्वास्थ्य कर्मी काम कर रहे थे।

**अस्पताल का हाल:** शहर के सरकारी अस्पतालों, डिस्पेंसरियों और यहां तक की ईएसआई में भी लोग बिना मास्क के नजर आए। जबकि केंद्र और राज्य सरकार ने भीड़ वाले स्थानों पर लोगों का मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। इसके बावजूद मरीज बिना मास्क के नजर आए। स्वास्थ्य कर्मी भी बिना मास्क और ग्लब्स के काम करते हुए नजर आए।

**सरकारी दफ्तर:** नगर निगम, बड़खल तहसील, सेक्टर-12 कोर्ट परिसर, जिला उपायुक्त कार्यालय, बिजली दफ्तरों समेत तमाम सरकारी कार्यालयों में पब्लिक डिलिंग को आए लोग बिना मास्क लगाए नजर आए। वहीं दफ्तरों में तैनात कर्मचारी भी भीड़ में बिना मास्क काम करते नजर आए। वहीं स्कूलों, बाजारों और मंडियों के अलावा जगह-जगह होने वाले कार्यक्रमों में पाया गया कि कहीं भी कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोग सर्तक नहीं है। हर जगह लोगों के मुंह से मास्क गायब मिला। वहीं कुछ कर्मचारियों ने मास्क लगाया था तो उन्होंने सर्जिकल और एन-95 के बजाय कपड़े का मास्क लगाया हुआ था। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह सही है तो उन्होंने कहा कि पीछे से जो उपलब्ध हो रहा है, वही इस्तेमाल कर रहे हैं।

**मास्क कम:** एन 95 मास्क कम है, सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कर्मचारियों को मास्क उपलब्ध तो करवा दिए गए हैं लेकिन उन्हें एक मास्क तीन से चार बार इस्तेमाल करने को कहा जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि तीन से चार दिन इस्तेमाल करने से क्या कोरोना नहीं फैलेगा। वहीं कर्मचारियों ने बताया कि ग्लब्स तो उन्हें मिल ही नहीं पा रहे हैं। जो हैं, वह जल्दी खराब हो जाते है या हाथों को खराब कर देते हैं।

## मांगों को लेकर पटवारी एवं कानूनगो ने किया कार्य बहिष्कार

**फरीदाबाद।** ग्रेड पे बढ़ाने व रिक्त पदों को पक्की भर्ती से भरने आदि मांगों को लेकर पटवारी एवं कानूनगो ने बुधवार को भी कार्य बहिष्कार कर डीसी आफिस पर प्रदर्शन किया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के जिला प्रधान जावेद खान की अध्यक्षता में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन में जिलें में कार्यरत लगभग शत प्रतिशत पटवारियों एवं कानूनगो शामिल रहे। पटवारियों के लगातार तीसरे दिन कार्य बहिष्कार एवं प्रदर्शन के कारण जमीन की रजिस्ट्री, इंतकाल, जमाबंदी, अन्य नकले,जाति प्रमाण पत्र,जाति सत्यापन व गिरदावरी आदि पब्लिक डिलिंग के काम बुरी तरह प्रभावित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिरडी साई बाबा स्कूल में गणित कार्यशाला का आयोजन




**फरीदाबाद।** सेक्टर-86 स्थित शिरडी साई बाबा स्कूल में नेशनल काउंसिल साइन्स एण्ड टेक्नोलोजी कम्यूनिकेशन भारत सरकार और कुंदन वेलफेयर ऐसोसिएशन के तत्वावधान में गणित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शिरडी साई बाबा स्कूल के शिक्षकों के साथ-साथ डीसी मॉडल सीनियर सैकेन्डरी स्कूल, मनसकृति स्कूल, श्रद्धा मन्दिर स्कूल के शिक्षकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का आरम्भ प्रधानाचार्य बीनू शर्मा और प्रमुख प्रशिक्षक गुरुमीत सिंह ने दीप जलाकर किया। महान गणितज्ञ गुरुमित सिंह ने शिक्षकों को गणित की बारीकियां समझाई। साथ ही यह भी बताया कि कैसे छात्रों के समक्ष गणित को एक रोचक विषय बनाकर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। कार्यशाला के दौरान सभी शिक्षकों को मैथ किट भी दी। साईं धाम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मोतीलाल गुप्ता ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि कार्यशालाओं से शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है और गणित ही नहीं बल्कि प्रत्येक विषय पर साईं धाम इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करता रहेगा। हमारा सपना है कि भारत के प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे को सही शिक्षा मिले। कार्यक्रम में डॉ. रितु शर्मा, हरजिन्दर गोगना, अनामिका और योगेश शामिल रहे। प्रधानाचार्य बीनू शर्मा ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और शिक्षकों का धन्यवाद किया।

### एक शाम श्री बांके बिहारी जी के नाम

**बल्लभगढ़।** नव वर्ष की संध्या पर हर वर्ष की भांति एक जनवरी 2023 एक शाम श्री बांके बिहारी जी के नाम छठवां महोत्सव होने जा रहा है। रविवार सात बजे की मंगल बेला में श्री बांके बिहारी परिवार के माध्यम से छठवां वार्षिक महोत्सव अग्रवाल पब्लिक स्कूल मेन बाजार ऑपोजिट पोस्ट ऑफिस में आयोजित होने जा रहा है, जिसमें विश्व विख्यात भजन गायक भैया कृष्णदास भूटानी सिरसा और भैया राजीव शास्त्री सोनीपत से रामदास बरसाने से श्रीबांके बिहारी को लाड़ लड़ाने पधार रहे हैं। बांके बिहारी परिवार के अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने बताया इसी श्रंखला मे 31 दिसंबर शनिवार की सुबह पांच से विशाल प्रभात फेरी आयोजित की जा रही है। इसमें राधिका मुस्कान श्रीजी के नाम का गायन कर प्रिया प्रीतम को सुख पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

### प्रखर राज बने अंतरराष्ट्रीय फिडे रेटेड प्रतियोगिता के उपविजेता



**फरीदाबाद।** चेय इन लेक सिटी उदयपुर में आयोजित विलो 1600 चेय प्रतियोगिता के उपविजेता हरियाणा फरीदाबाद के चेय प्रशिक्षक प्रखर राज बजे। यह अंतरराष्ट्रीय फिडे रेटेड प्रतियोगिता का आयोजन उदयपुर राजस्थान में 23 से 25 दिसंबर में किया गया। प्रखर राज को 71 हजार रुपये राशि से पुरस्कृत किया गया। इसकी सूचना फरीदाबाद शतरंज संघ की सचिव अलका चिकारा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रखर राज की जीत पर संघ के अधिकारियों ने उन्हें बंधाई दी है।

### कम्युनिटी सपोर्ट के तहत किया राशन वितरित




**फरीदाबाद।** क्षयरोग कार्यालय में टीबी के मरीज को कम्युनिटी सपोर्ट के तहत राशन दिया गया जोकि रोटरी क्लब द्वारा दिया गया। जिसमें की 35 लोगों को राशन दिया गया। जोकि वीरेंद्र मेहता, सुषमा, कुलदीप साहनी द्वारा राशन दिया गया। जिसमें सीएमओ डॉ विनय गुप्ता, टीबी/एचआईवी की डिप्टी सीएमओ डॉक्टर शीला भगत, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर गजराज, डॉक्टर महेंद्र, टीबी एचआईवी संयोजक सुभाष गहलोत, साधना, बिजेंद्र, अशोक यथार्थ वीरेंद्र, विकास, रविंद्र, कविता, प्रीति, अनीता आदि मौजूद थे। सीएमओ डॉक्टर विनय गुप्ता ने बताया की हाई प्रोटीन डाइट लेने से मरीज जल्दी ठीक होंगे। डॉक्टर शीला भगत ने टीबी के लक्षण बताये।

### मेरा परिवार शहीद भगतसिंह परिवार अभियान की शुरुआत



**फरीदाबाद।** देशवासियों में देशप्रेम की अलख जगाने के उदेश्य से शहीद भगतसिंह बिग्रेड द्वारा एक मुहिम मेरा परिवार शहीद भगतसिंह परिवार शुरू की गई। जिसके तहत शहर के गणमान्य लोगों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा और उन्हें शहीद भगतसिंह का हस्ताक्षर किया हुआ ओरिजिनल फोटो भेंट किया जाएगा। इसी अभियान के तहत आज शहीद ए आजम भगत सिंह की तस्वीर डीसीपी एनआईटी नरेन्द्र सिंह को शहीद भगतसिंह बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और शहीद ए आजम भगतसिंह के पौत्र यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने स्वंय अपने हाथों से सौंपी। इस मौके पर यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने कहा कि लोगों में देश प्रेम की भावना जगाने के लिए इसे शुरू किया गया है, ताकि लोग शहीद भगतसिंह द्वारा देश के लिए दिए गए बलिदान को ना भूले। उन्होंने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह ने छाटी सी आयु में ही देश के लिए अपने प्राणों की आहूति दे डाली। यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारी बिग्रेड देश के हर कोने में जा जाकर युवाओं में देशप्रेम की अलख जगाने का काम करेगी। उन्होनें कहा कि शहीदों का ना कोई धर्म होता है ना कोई जाति अगर होता है तो राष्ट्रप्रेम। यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि आज के हमारे नौजवानों व समाज को भी इस बात से प्रेरणा लेनी चाहिए कि देशभक्त व राष्ट्रभक्ति से बड़ा न तो काई धर्म है और ना ही कोई जाति। उन्होनें कहा कि अब समय आ गया है जब हम देश के लोगों को खासकर युवाओं को शहीद भगतड्क्षसह और देश पर मर मिटने वाले स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों, और सीमा पर शहीद होने वाले शहीदों के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि इस अभियान से जुडने् वाले प्रत्येक व्यक्ति द्वारा एक संकल्प लिया जाएगा कि मेरा परिवार शहीद भगतसिंह परिवार यानी कि एक देशभक्त परिवार राष्ट्रभक्त परिवार है। इस अवसर पर डीसीपी नरेन्द्र सिंह ने शहीद भगतसिंह बिग्रेड की तारीफ करते हुए कहा कि यह बहुत ही अच्छा और काबिले तारीफ कदम है जिसमें देश प्रदेश के लाखों युवा जुड़ेगें और यही शहीद भगतसिंह को सच्ची श्रृद्धांजलि होगी। इस मौके पर रणजीत सिंह, मोहम्मद शरीफ, इरशाद कुरैशी, विपिन झा, चरणजीत सिंह व हरजिन्दर सिंह मौजूद थे।

# विस में गूंजा खुले नाले में गिरने से कुणाल की मौत का मामला

## क्षतिग्रस्त सड़कों और खुली नालियों में गिरने से हो चुकी है 51 लोगों की मौत

## विधायक नीरज शर्मा ने कुणाल के परिजनों को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की उठाई मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़/फरीदाबाद



विधानसभा में सवाल उठाते विधायक नीरज शर्मा। कुणाल की मौत के बाद निगम ने घटनास्थल पर लगाई दीवार।



**राज्य** में क्षतिग्रस्त सड़कों और खुली नालियों सहित सीवरेज के पानी में गिरने से 51 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकार ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में एनआइटी फरीदाबाद से कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा के सवाल के जवाब ये आंकड़े दिए। मौत के आंकड़े जनवरी 2015 से 30 नवंबर 2022 तक के हैं। हालांकि नीरज शर्मा ने इनमें फरीदाबाद क्यूआरजी अस्पताल के सेफ्टी टैंक की जहरीली गैस से मरे चार लोगों की मौत के आंकड़े शामिल नहीं किए जाने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार विधानसभा के पटल पर गलत आंकड़े दे रही है। फरीदाबाद के आंकड़ों के बारे में तो उन्हें जानकारी है। आंकड़े अन्य जिलों के भी गलत हो सकते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने इसका संज्ञान लेते हुए मंत्री से आगाह किया कि वह सही आंकड़े नहीं देने वाले अधिकारियों की ऐसी सजा तय करें। जो अन्य लापरवाह अधिकारियों के लिए भी नजीर बन सके।

विधायक नीरज शर्मा ने फरीदाबाद के एयरफोर्स रोड पर खुले नाले में गिरने से हुई 11 वर्षीय कुणाल की मौत के मामले में कहा कि यह हादसा पांच नवंबर को हुआ था, लेकिन अब 54 दिन बाद भी सरकार के पास इसकी जांच रिपोर्ट नहीं पहुंची है। पुलिस ने इस मामले में नगर निगम से पूछा है कि कुणाल की मौत का जिम्मेदार उनका कौन अधिकारी है? इसकी जानकारी अभी तक नगर निगम ने पुलिस को नहीं दी है। इतना ही नहीं इस हादसे की जगह पर ही मुख्यमंत्री की 2015 में की गई घोषणा के अनुसार हाई मास्क लाइट लगाई जानी थी, लेकिन यह मास्क लाइट दूसरी जगह पर पूर्व विधायक द्वारा लगवा दी गई है। यह नाला भी पक्का बनाया जाना था। लेकिन इस नाले पर स्लैब नहीं रखी गई। एनआइटी 86 विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि कुणाल की मौत के जिम्मेदार नगर निगम के अधिकारियों के बारे में जानकारी दी जाए। ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा मृतक कुणाल के परिजनों को मुआवजा दिया जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाए।

## निगम कर्मचारियों ने लगाए एक्सईएन के दफ्तर पर नारे



एक्सईएन कार्यालय में नारेबाजी करते निगम कर्मी।

**फरीदाबाद।** नगर निगम के कर्मचारियों ने मांगों को अनसुना करने पर एक्सईएन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने निगम परिसर में दिनभर नारेबाजी की। इस विषय में एक्सइईएन ओमदत्त ने बताया कि कर्मचारी नेता उनसे पुरानी रंजिश निकालते हुए उनके खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। कर्मचारी नेता उन पर गैर हाजिर कर्मचारियों की हाजरी लगाने का दबाव बनाते हैं।

कर्मचारी यूनियन के प्रधान रमेश कुमार जागलान की अध्यक्षता में अपनी मांगों को लेकर निगम कर्मचारियों और ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने धरना प्रदर्शन करते हुए ओमदत्त एक्सईएन के खिलाफ नारे लगाए। एक्सईएन ओमदत्त ने कर्मचारियों से पूछा कि वह उनके नाम के नारे क्यों लगा रहे हैं। ऐसे में कर्मचारियों ने दफ्तर में आकर बात करने की बात कही। कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने मूलभूत सुविधाएं न होने के कारण 14 सितम्बर को एक मांगपत्र सौंपा था। जिसमें निगम परिसर में शौचालय, पार्किंग, पानी समेत अन्य कई समस्याएं शामिल थी। जिसका कार्यभार एक्सइन ओमदत्त को सौंपा गया था। लेकिन उन्होंने अपना काम अब तक पूरा नहीं किया। वह हाजरी की एंट्री पर हस्ताक्षर के लिए भी कर्मचारियों को यहां से वहां चक्कर कटवाते हैं।

**हुई बहसबाजी :** प्रदर्शनकारी ने एक्सईएन ओमदत्त के कार्यालय में जाकर अपनी मांगों को रखा तो उन्होंने कहा कि वह अपना काम ठीक से कर रहे हैं। रही बात यूनियन की तो प्रधान रमेश उन पर अनैतिक कार्य कराने का दबाब बनाते हैं। जिस पर प्रधान समेत कर्मचारियों और एक्सईएन के बीच बहसबाजी शुरू हो गई और कर्मचारियों ने जमकर दफ्तर के भीतर ही नारेबाजी शुरू कर दी और वहां से गुस्से में बाहर निकल गए।

**एक्सईएन का कथन:** एक्सईएन ओमदत्त ने बताया कि फेडरेशन के प्रेजीडेंट रमेश कुमार अपने ने कुछ कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगवाया। लेकिन वह काम पर नहीं आते।

# विधायक 10 करोड़ मांगकर क्षेत्र को शर्मिन्दा कर रहे हैं




**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने बुधवार को गुरुग्राम बड़खल रोड स्थित जिला कार्यालय पर प्रेस को सम्बोधित करते हुए अपने बयान में कहा कि एनआईटी विधायक नीरज शर्मा सरकार से क्षेत्र में सीवरेज समस्या के समाधान के लिए 10 करोड़ रुपये की मांग कर रहे हैं। जबकि, सभी विधानसभा क्षेत्रों को 50 करोड़ रुपये सीवरेज व अन्य समस्याओं के सुधारीकरण के लिए दिए जा चुके हैं।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या एनआईटी विधायक नीरज शर्मा क्षेत्र की जनता को गुमराह करने का काम नहीं कर रहे। मात्र 10 करोड़ रुपये में क्षेत्र के लोगों को बुनियादी सुविधाएं एवं सीवरेज की समस्या का समाधान वह करवा सकते हैं। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कम से कम 500 करोड़ रुपये की मांग उनको सरकार के समक्ष रखनी चाहिए। आज फरीदाबाद एनआईटी-86 के अंतर्गत गांव पाली, कोट, सिरौही, फतेहपुर तगा, टीकरी खेड़ा, धौज, मादलपुर, कुरैशीपुर, ऑलमपुर, खोरी जमालपुर, मांगर, सिलाखड़ी व अन्य गांव के लोग बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। पानी न आने के चलते लोगों को रात-रात भर खेतों में खड़े होकर सिंचाई करनी पड़ती है। धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि वास्तव में देखा जाए तो एनआईटी विधायक क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के प्रति गंभीर हैं ही नहीं। वह, केवल सरकार एवं प्रशासन का ध्यान भटकाने के लिए विधानसभा में ऐसे मुद्दे उठाते हैं, जिनका न तो कोई सिर है न पैर।

# ईएसआई में जच्चा की मौत परिजनों ने किया हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जच्चा की मौत के बाद हंगामा करते परिजन।

**एनएच**-तीन स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डिलीवरी के बाद जच्चा की मौत हो गई। जिस पर परिजनों ने ईएसआई चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। लोगों का आरोप था कि डॉक्टरों ने ठीक से इलाज नहीं किया। यदि शनिवार को ही डॉक्टर ऑपरेशन कर देते तो अंजू की जान नहीं जाती। हंगामे को देखते हुए देर शाम तक अस्पताल ने उन्हें अंजू का शव नहीं दिया।

**यह है पूरा मामला:** डबुआ कॉलोनी निवासी सीमा ने बताया कि उनकी बहू अंजू पिछले दिनों गर्भवती थी। शुक्रवार को उसे तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। जिस पर उसे लेकर वह शनिवार को ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पहुंचे। जहां उन्हें बताया कि जांच में सामने आया है कि बच्चे को आईसीयू में रखना होगा, वह कमजोर होगा। सोमवार को कहा कि नॉर्मल डिलीवरी नहीं होगी, ऑपरेशन करना पड़ेगा। सोमवार रात अंजू ने लड़की को जन्म दिया। डॉक्टरों ने लड़की मेरे हाथ में दे दी, लेकिन अंजू की स्थिति के बाद में कुछ नहीं बताया। कुछ देर में मरीज को शिफ्ट करने के लिए पर्ची बनवाने के लिए कहा। उनका दावा है कि शिफ्ट के बाद उनकी बहू बिलकुल ठीक थी। उसने बात भी की, पानी पीया। उसके बाद अचानक हालत खराब हो गई। आनन-फानन में उसे आईसीयू में भर्ती किया। बेटे से खून लाने के लिए कहा। अस्पताल में न मिलने पर बाहर से मंगवाया। डॉक्टरों ने अपनी मर्जी से ऑपरेशन कर दिया। इसकी भी उन्हें कोई जानकारी नहीं दी। मंगलवार रात उसकी मौत हो गई। जब उन्हें इसकी जानकारी मिली तो वह डॉक्टर से मिलने की पहुंची। डॉक्टरों ने कोई उचित जबाव नहीं दिया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही से अंजू की मौत हुई है।

## जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की बैठक

**फरीदाबाद।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ की एक आवश्यक मीटिंग सेक्टर 11 स्थित जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के प्रांगण में हरियाणा कर्मचारी महासंघ के जिला कार्यालय पर जिला प्रधान कर्मवीर यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विभिन्न विभागों के सभी कर्मचारी पदाधिकारी साथियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मुख्य अतिथि हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने सभी कर्मचारी साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी नौ जनवरी 2023 को हरियाणा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर कर्मचारियों की मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन भेजा जाएगा। महसंघ के इस ज्ञापन के माध्यम से सरकार को अवगत कराया जाएगा कि अब सरकार के पास मात्र 22 माह का समय शेष बचा है।

# सौंदर्यीकरण से बदली गढ़खेड़ा गांव के स्कूल की तस्वीर

## युवाओं के आग्रह पर एफआईए ने कराया सौंदर्यीकरण

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद




**मन** में कुछ करने का जज्बा और जुनून हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। ऐसा ही कर दिखाया है गांव गढ़खेड़ा के युवाओं ने। जिन्होंने बिना सरकारी मदद से अपने सरकारी स्कूल की तस्वीर और तकदीर दोनों ही बदल दी है। अब गढ़खेड़ा का यह सरकारी स्कूल निजी स्कूलों को मात देने के लिए तैयार है।

जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर गांव गढ़खेड़ा के राजकीय उच्च स्कूल में सौंदर्यीकरण अभियान देखते ही बन रहा है। इस स्कूल के भवन की हर दीवार सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन-अभियान को लेकर संदेश दे रही है। सौंदर्यीकरण योजना के तहत दीवारों पर बहुत ही सुंदर चित्रकारी है। स्कूल के प्रवेश द्वार को फेस लिफ्टिंग के तहत भव्य रूप दिया गया है। दीवारों पर वर्णमाला व फार्मूलें अंकित किए हुए हैं। बच्चे इन से पढ़ रहे हैं। खेल-खेल में बच्चे शिक्षित हो रहे हैं। इसके अलावा पर्यावरण, पौधारोपण, स्वच्छता को लेकर भी विद्यालय के भवन की दीवारों पर चित्रकारी व संदेश लिखे गए हैं। दीवारों पर बने हुए चित्रों के माध्यम से बच्चे अनायास ही आसानी से सीख रहे हैं।

### एफआईए ने कराया नवीनीकरण

**युवा** यशवीर सिंह ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले स्कूल के नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण के लिए फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को पत्र लिखकर संपर्क कर अनुरोध किया गया था। एफआईए द्वारा गुप्ता मशीन टूल प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर सौजन्य से सितंबर महीने में स्कूल में रंग-रोगन का काम शुरू किया गया। सौंदर्यीकरण के अंतर्गत स्कूल में रंग-रोगन, साफ-सफाई और नये शौचालय बनाए गए हैं।

### ये रहेंगे मौजूद

**नवीनीकरण** व सौंदर्यीकरण का काम समाप्त होने के बाद बृहस्पतिवार को स्कूल प्रांगण में ग्रामीण द्वारा आभार एवं उद्घाटन समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में गुप्ता मशीन टूल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर मोहन गुप्ता और हर्ष गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि होंगे। जबकि फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष बीआर भाटिया, सीएसआर पैनल के चेयरमैन नवदीप चावला और महासचिव जसमीत सिंह विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे।

## डीसी ने की कोविड-19 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

**फरीदाबाद।** कोविड का नया वेरिएंट कितना प्रभावी होगा यह किसी को नहीं पता, ऐसे में आप सभी किसी भी स्थिति से निपटने के लिये तैयार रहें। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग से जुड़े पदाधिकारियों, डॉक्टरों व जिले के सभी अस्पतालों के अधिकारियों व डॉक्टरों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की किसी भी संभावित लहर से निपटने के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। वर्तमान में कोविड-19 की तैयारियों से निपटने के लिए हमारे पास सभी संसाधन उपलब्ध हैं लेकिन इसके बावजूद जिला के प्रत्येक नागरिक को एहतियात बरतने व कोविड-19 नियमों का अधिक से अधिक पालन करने की जरूरत है। हमें किसी भी संभावित लहर को पूरी तरह से गंभीरता से साथ लेना है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें और कोविड-19 के नियमों का पालन करने के लिए कहें।

# पुलिस ने अवैध खनन माफिया पर कसा शिकंजा, दो पकड़े



रेती चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवक मोनू और मुजइद्दीन।

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए सदर बल्लभगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र की टीम ने अवैध खनन मामले में कार्रवाई करते हुए रेती चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपियों में मोनू तथा मुजइद्दीन का नाम शामिल है। आरोपी मोनू फरीदाबाद के नचौली तथा आरोपी मुजइद्दीन फरीदाबाद के धौज गांव का रहने वाला है। उपनिरीक्षक सतबीर सिंह अपनी टीम के साथ रात करीब 12 बजे थाना एरिया में गश्त कर रहे थे कि गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की आरोपी जमुना से रेती चोरी करके इसे ट्रकों में भरकर ला रहे हैं जो मोहना रोड़ से मच्छगर आईएमटी होकर फरीदाबाद की तरफ जाएंगे। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आईएमटी बुखारपुर गांव की तरफ जाने वाले रोड़ पर नाकाबंदी शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद तीन ट्रक पुलिस नाके की तरफ आए। पुलिस ने टॉर्च की लाइट दिखाकर ट्रक चालक को रुकने का इशारा किया परंतु ट्रक चालकों ने पुलिस नाके में सीधी टक्कर मारकर वहां पर मौजूद पुलिसकर्मियों को मारने की नीयत से ट्रक उनके ऊपर चढ़ाने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने जैसे-तैसे साइड में कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपियों का पीछा करना शुरू किया तो आरोपी ट्रक को वहीं पर छोड़कर मौके का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस टीम ने जब ट्रकों को चेक किया तो वह ट्रक बॉडी से ऊपर तक रेती से भरे हुए थे। पुलिस ने तीनों ट्रकों को कब्जे में ले लिया।

# महाराष्ट्र-कर्नाटक विवाद

## राजनीतिक मतभेद

**महाराष्ट्र** और कर्नाटक के बीच जारी वर्तमान विवाद एक जटिल समस्या है जिसका कारण राजनीतिक मतभेद है। दोनों राज्यों की भाजपा व कांग्रेस इकाइयों के विचार इस भूमि विवाद पर परस्पर विपरीत हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कर्नाटक के साथ दशकों से लंबित इस विवाद पर राज्य विधानसभा में प्रस्ताव ला कर मामला और गरमा दिया है। इसमें सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामले में महाराष्ट्र का पक्ष मजबूती से रखने की प्रतिबद्धता प्रकट की गई है ताकि बेलगावी, करवार, निपानी व बीदर भल्की समेत 865 गांवों की 'इंच इंच' जमीन को महाराष्ट्र में शामिल किया जा सके। यह प्रस्ताव संसद के दोनों सदनों में सर्वसम्मति से 22 फरवरी, 1994 के उस प्रस्ताव की याद दिलाता है जिसमें कहा गया था कि जम्मू कश्मीर भारत का अखंड अंग था और पाकिस्तान को अपने कब्जे वाले हिस्सों को खाली कर देना चाहिए। लेकिन पाकिस्तान दुश्मन देश है और उसने अवैध रूप से हमारे क्षेत्र पर कब्जा किया है, जबकि विवाद के इस मामले में दोनों राज्य भारतीय हैं और भारतीय संविधान का पालन करते हैं। दोनों राज्यों में अपनी राष्ट्रवादी पहचान पर गर्व करने वाली भारतीय जनता पार्टी का शासन है। हालांकि, दोनों राज्यों की कांग्रेस इकाइयां भी इस मामले में भाजपा के साथ हैं। ऐसे में भला इस प्रस्ताव का क्या अर्थ है। वास्तव में एकनाथ शिंदे तथा उनके उप-मुख्यमत्री देवेंद्र फडनवीस की सरकार संभवत: कर्नाटक विधानसभा द्वारा कुछ दिनों पहले पास व समान रूप से विवादास्पद प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया कर रहे हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने यह प्रस्ताव पेश किया था जिसे सर्वसम्मति से ध्वनि मत से स्वीकार किया गया था। इसके अनुसार, 'कर्नाटक की भूमि, जल, भाषा व कन्नाडिगाओं के हितों से समझौता नहीं होगा। कर्नाटक की जनता तथा विधानसभा सदस्यों की इस विषय पर भावनायें एक



हैं कि यदि ये प्रभावित होते हैं तो हम सभी राज्य के हितों की सुरक्षा के लिए संवैधानिक व विधिक रास्ते अपनाएंगे।'

चूंकि, दोनों प्रस्ताव सर्वसम्मति से संबंधित विधानसभाओं द्वारा पास किए गए, अत: भाजपा व कांग्रेस समेत सभी पार्टियां इनकी विषयवस्तु से सहमत हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि दो राज्यों के बीच भूमि विवाद पर इन राष्ट्रीय पार्टियों का क्या दृष्टिकोण है? महाराष्ट्र में भाजपा व कांग्रेस इकाइयों का विश्वास है कि भूमि का 'इंच इंच' महाराष्ट्र का है, जबकि इसी प्रकार कर्नाटक में भाजपा व कांग्रेस की राज्य इकाइयों का मानना है कि विवादित भूमि का 'इंच इंच' कांग्रेस का है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या दोनों पार्टियां सत्ता के सिवा कुछ और चाहती हैं? आखिरकार राष्ट्रीय पार्टियां कब तक उन समूहों को खुश करती रहेंगी जो भावनाओं पर जीवित रहते हैं, फिर चाहे वे क्षेत्रीय हों, भाषाई या धार्मिक? प्रशासन एक गंभीर काम है जो तथ्यों, सामान्य समझदारी व तर्क पर आधाारित होना चाहिए। इनको लफ्फाजी करने वाले राजनेताओं की सनक पर नहीं छोड़ा जा सकता है, लेकिन दुर्भाग्य से यही हो रहा है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की राय है कि केन्द्र को 'महाराष्ट्र के कर्नाटक अधिकृत क्षेत्र' को संघशासित क्षेत्र घोषित कर देना चाहिए। विवादित क्षेत्रों की अनुपयुक्त व्याख्या के बावजूद उनके सुझाव पर विचार होना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विवाद के निपटारे तक यह क्षेत्र संघशासित क्षेत्र बना रह सकता है। लेकिन कर्नाटक व महाराष्ट्र के बीच वर्तमान भूमि विवाद का समाधान करना न केवल केन्द्र, बल्कि दोनों राष्ट्रीय पार्टियों का भी कर्तव्य है। हालांकि, दोनों राज्यों की अन्य राजनीतिक पार्टियों को भी भावनात्मक दृष्टिकोण से ऊपर उठ कर तार्किक ढंग से समस्या पर विचार करना चाहिए।

# शिक्षकों की व्यापक भूमिका

शिक्षकों का काम छात्रों को भावी जीवन में आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए तैयार करना है। उसकी भूमिका व्यापक है।



**डॉ. बीजू धर्मपालन**
(लेखक, विज्ञान संप्रेषक हैं)



एक समय छात्र शिक्षकों को अपने 'रोल माडल' की तरह देखते थे। ज्ञान प्राप्त करने के साथ ही छात्र शिक्षक के दृष्टिकोण तथा निजी जीवन में उसके चरित्र का भी अनुसरण करते थे। शिक्षक को ईश्वर के समान देखा जाता था। वे जो कुछ देते थे उसे छात्र व उनके माता-पिता ईश्वरीय मानते थे। वे छात्रों को ज्ञान देने वाले एकमात्र व्यक्ति थे। शिक्षा अधिकार कानून, 2009-आरटीई क्रियान्वयन के पहले शिक्षकों द्वारा दिए जाने वाले शारीरिक दंड को कभी दंडनीय कृत्य के रूप में नहीं देखा गया था। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जब माता-पिता ने शिक्षकों की कार्रवाई का समर्थन किया था क्योंकि वे जानते थे कि शिक्षक केवल छात्रों की बेहतरी के लिए ही उनको दंड देते हैं। लेकिन हाल में स्थितियां बदली हैं और अनेक माता-पिता छात्र को सीखने के लिए मजबूर करने को भी गंभीर अपराध मानते हैं। यदि कोई छात्र आत्महत्या कर लेता है तो अधिकारी शिक्षक को दोषी मानते हैं तथा मीडिया भी शिक्षकों के खिलाफ चला जाता है। एक सच्चे शिक्षक को छात्र के जीवन में निर्देशक प्रकाश की तरह काम करना चाहिए, गलतियां करने पर उनको ठीक करना चाहिए तथा एक दार्शनिक की तरह काम करते हुए छात्र को ऐसे तरीके बताने चाहिए जिससे वह जीवन की समस्याओं से निपट सके। लेकिन आज के डिजिटल युग में शिक्षकों के प्रति जनता की सोच में काफी परिवर्तन आए हैं। अब उनको ज्ञान देने वाला नहीं समझा जाता है। आज की पीढ़ी के लिए 'गूगल' और 'यूट्यूब' ज्ञान के स्रोत माने जाते हैं। किंडरगार्टन में पढ़ने वाले बच्चे भी लैपटाप व स्मार्टफोन का प्रयोग करना जानते हैं। आज के बच्चे हर कौशल इंटरनेट से सीखते हैं। वे विदेशी भाषायें सीखते हैं, संगीत सीखते हैं तथा इंटरनेट पर उपलब्ध एपों का प्रयोग कर आसानी से अन्य कौशल प्राप्त करते हैं।

यदि विश्वविद्यालय का काम ज्ञान को आगे बढ़ाने में सुविधा प्रदान करना तथा समुदाय में उच्च संज्ञानात्मक कौशलों का विकास है तो इस मामले में गूगल को उचित ही 'गूगल विश्वविद्यालय' कहा जा सकता है। 'गूगल विश्वविद्यालय' के इस युग में शिक्षक की भूमिका गौण हो जाती है और अधिकांशत: वे मनुष्यों व मशीनों के बीच मध्यस्थ का काम करते हैं। इस नई दुनिया में शिक्षकों, खासकर स्कूलों व कालेज शिक्षकों का प्रासांगिक बने रहना चुनौतीपूर्ण है। पुरानी पीढ़ियों में वे शिक्षक अपनी श्रेणी में सर्वोत्तम माने जाते थे जो ज्ञान व दृष्टिकोण में सर्वोत्तम होते थे। आज यदि शिक्षक ज्ञान के क्षेत्र में सम्मान पान जाते हैं तो उनको 'गूगल विश्वविद्यालय' से बेहतर कर दिखाना होगा। बहुत से लोगों के लिए यह कठिन काम है। वर्तमान पीढ़ी में एक शिक्षक के दृष्टिकोण को परिभाषित करना कठिन है। भारतीय समाज ने शिक्षकों व शिक्षण पेशे को बहुत अधिक सम्मान दिया है।

हमारी परंपरा शिक्षकों को ईश्वर के समान मानती है, इसलिए वे शिक्षक में उन्हीं गुणों की कल्पना करते हैं जिनका छात्र अनुसरण कर सकें। ईमानदारी से कहा जाए तो अधिकांश शिक्षक केवल समाज की प्रवृत्तियों का पालन करते हैं और कभी अपने व्यक्तित्व को सामने नहीं लाते हैं। वे वर्तमान पीढ़ी के छात्रों की आवश्यकतायें पूरी करने का प्रयास करते हैं। आज के बहुत से शिक्षक छात्रों के मित्र बन कर उनके प्रिय रहना तथा उनमें घुलना-मिलना पसंद करते हैं। छात्रों के साथ पार्टी करना, उनके साथ नाचना व सोशल मीडिया पर उनके साथ रहना छात्रों को प्रभावित करने के नए तरीके हैं। ऐसे छात्र बहुत कम हैं जो शिक्षकों से ज्ञान का भंडार होने की आशा करते हैं।

हमारे समाज में सभी लोग सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी ओर ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं, फिर चाहे वे छात्र हों या शिक्षक। दूसरों का ध्यान आकर्षित करना मूल मानव प्रवृत्ति है। छोटे बच्चे अपने माता-पिता का ध्यान आकर्षित करते हैं, छात्र अपने शिक्षकों का, किशोर विपरीत लिंग वाले अपने मित्रों का और पेशेवर अपने साथियों का। इस प्रकार जीवन तथा समाज के सभी क्षेत्रों में लोग ध्यान आकर्षित करने वाले बन गए हैं। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों, जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक या पिक्सस्टोरी पर उपलब्ध पोस्टें इसका प्रमाण हैं। इस नए डिजिटल समाज का अंग होने के कारण शिक्षक अपवाद नहीं है। शिक्षक छात्रों के साथ पार्टी करते, नाचते व यहां तक कि उनके साथ डेटिंग करते हैं। सोशल मीडिया पर उनके फोटो व पोस्टें आज नई दुनिया में सामान्य बात हो गई है।

अनेक शिक्षक अपने अस्तित्व के लिए छात्रों के प्रति तुष्टीकरण नीतियां अपनाते हैं। निश्चित रूप से किसी अन्य व्यक्ति की तरह शिक्षक का पेशेवर व निजी जीवन होता है। उसके निजी जीवन में हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि शिक्षकों और छात्रों को एकसाथ मदिरापान या धूम्रपान करना चाहिए। अनेक अच्छे शिक्षकों में भी अन्य लोगों की तरह दुष्प्रवृत्तियां हो सकती हैं। अधिकारियों को देखना चाहिए कि शिक्षक अपने पेशे के साथ न्याय कर रहे हैं या नहीं। अच्छे शिक्षक को भी छात्र का मित्र होना चाहिए, लेकिन उनको एक सीमारेखा खींचनी चाहिए। उनको छात्रों से दूरी रखनी चाहिए। छात्रों से बहुत अधिक निकटता का कुछ लोग दुरुपयोग कर सकते हैं। अनेक संस्थानों ने शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड तय किए हैं जो मुख्यत: समाज की परंपराओं से संचालित हैं। ड्रेस कोड से पेशे को गरिमा प्राप्त होती है तथा शिक्षकों को छात्रों से अलग देखा जा सकता है। ऐसा न होने पर युवा शिक्षक व छात्र में अंतर करना कठिन हो जाएगा।

कल्पना करें कि हमारे पुरुष व महिला सैनिक बिना वर्दी के कैसे लगेंगे। समाज के अलिखित नियम व नैतिक आदर्श हमारे पूर्वजों के अनुभवों पर आधारित हैं। शिक्षकों का व्यवहार ऐसे छात्रों से होता है जो किशोर या युवा होते हैं। उनका मस्तिष्क चलायमान तथा शरीर में बनने वाले रसायनों के कारण प्रलोभनों से संचालित होते हैं। कई बार छात्र का बाहरी व्यवहार उसकी अनियंत्रित भावनाओं के कारण होता है। प्रत्येक शिक्षक का दायित्व है कि अतिवादी स्थितियों का मनोवैज्ञानिक स्तर पता लगाए। केरल युनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंसेज़ द्वारा केरल उच्च न्यायालय में पेश एक हालिया शपथपत्र में कहा गया था कि '18 वर्ष की आयु प्राप्त होने पर संपूर्ण स्वतंत्रता समाज के लिए उपयुक्त नहीं भी हो सकती है तथा परिपक्वता पूरी तरह 25 वर्ष की आयु में आती है।'

आज की डिजिटल संप्रेषण वाली दुनिया में शिक्षक को सोशल मीडिया पर अपने दृष्टिकोण व व्यवहार के बारे में बहुत सतर्क रहना चाहिए क्योंकि छात्र उनकी लगातार निगरानी करते हैं। इस युग में शिक्षकों का कर्तव्य है कि छात्रों को सोशल मीडिया पर व्यवहारों और उससे जुड़े अपराधों से निपटने के बारे में शिक्षित किया जाए। उनको छात्रों को इंटरनेट के उचित उपयोग के बारे में शिक्षा देनी चाहिए। कृत्रिम बुद्धि-एआई तकनीक के विकास के साथ मानव मस्तिष्क का प्रयोग करने वाली लेखन, ड्राइंग, कंपोजीशन, आदि सभी रचनात्मक चीजें इंटरनेट के माध्यम से मिनटों में की जा सकती हैं। ऐसी स्थिति में छात्र का मूल्यांकन तथा शिक्षण के लिए विषयवस्तु का विकास शिक्षकों के लिए चुनौतीपूर्ण काम है। शिक्षक का काम केवल पाठ्यक्रम पूरा करना या परीक्षायें पास करना नहीं, बल्कि छात्रों को भावी जीवन में आने वाली समस्याओं के समाधान के प्रति तैयार करना है। अच्छे शिक्षक को अच्छे छात्र, मित्र व माता-पिता की भूमिका निभानी होती है। स्वयं को छात्र समझने पर ही वे अपने क्षेत्र के बारे में ज्यादा सीखना पसंद करेंगे।

इसी प्रकार उनको छात्रों का अच्छा मित्र बन कर उनके सरोकार सुनने चाहिए। उनको माता-पिता की भूमिका निभाते हुए छात्रों के प्रति संवेदना बरतनी तथा गलतियां करने पर उनको ठीक करना चाहिए। हमारी शिक्षा व्यवस्था में समस्या है कि हमारे पास ऐसे शिक्षकों की कमी है जो अपने पेशे के प्रति प्रतिबद्ध हों। बहुत से लोगों ने यह काम केवल संयोगवश या साथियों के दबाव में शुरू किया है। शिक्षण एक ईश्वरीय पेशा है और शिक्षकों को हमारी समृद्ध विरासत के प्रति भावना का विकास कर इसे प्रदर्शित करना चाहिए।

# वर्ष 2023 में भारत के लिए हैं बेहतर संभावनाएं

> "2023 में वैश्विक हितों के साथ अर्थव्यवस्था, राजनीति और विदेशी मामले सुर्खियों में रहेंगे।"

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका राजनीति टिप्पणीकार एवं स्तम्भकार हैं)



वर्ष 2023 के गर्भ में क्या छिपा है? यह अच्छा होगा या बुरा? पिछले तीन वर्षों से, दुनिया ने एक अभूतपूर्व महामारी, कोविड-19 का सामना किया है, जिसने दुनिया को तबाह कर दिया है। क्रिस्टल-बॉल गेजर्स अगले साल बेहतर परिदृश्य की उम्मीद कर रहे हैं। वे उम्मीद करते हैं कि अर्थव्यवस्था की सेहत बहाल हो जाएगी और यूक्रेन में युद्ध जैसी स्थिति को हल करने की उम्मीद है। लेकिन प्रसिद्ध फ्रांसीसी ज्योतिषी नास्त्रेदमस ने भविष्यवाणी की थी कि 2023 में यूक्रेन संकट विश्व युद्ध का कारण बन सकता है। उन्होंने एक तापमान वृद्धि की भविष्यवाणी की और एक नए पोप के आगमन, अमेरिका में एक गृह युद्ध, दुनिया में नागरिक अशांति और एक मंगल लैंडिंग की शुरुआत की।

द इकोनॉमिस्ट पत्रिका यूक्रेन में युद्ध, खाद्य और ईंधन की कीमतों, मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई, नवीकरणीय ऊर्जा के लिए संक्रमण और चीन की अनिश्चित महामारी के बाद की राह सहित वैश्विक इंटरलॉकिंग चुनौतियों को नोट करती है। भारत अगले साल दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में चीन को पीछे छोड़ सकता है। यह दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है।

विदेश नीति पर, भारत 9-10 सितंबर, 2023 को भारत की रासधानी नई दिल्ली में प्रतिष्ठित 18वें जी-20 राष्ट्राध्यक्षों और सरकारों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में, भारत प्रमुख मेट्रो शहरों में फैले 200 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। प्रधान मंत्री मोदी ने 2024 के चुनावों से पहले खुद को एक विश्व नेता के रूप में पेश करने के लिए एक भव्य शो में खुद को और भारत को दिखाने की योजना बनाई है। किंग चार्ल्स 111 का राज्याभिषेक अगले वर्ष एक रंगीन घटना है। राजनीतिक रूप से, भारत के लिए, आगामी नौ राज्यों के चुनाव 2023 में सबसे महत्वपूर्ण हैं। यह कांग्रेस, भाजपा और अन्य क्षेत्रीय दलों सहित कई दलों और उनके नेताओं के भाग्य का फैसला करेगा। फरवरी में उनकी वर्तमान भारत जोड़ो यात्रा समाप्त होने के बाद इन चुनावों में राहुल गांधी की ताकत का परीक्षण किया जाएगा।

अगले 12 महीनों में नौ राज्यों में चुनाव होंगे। वे हैं—फरवरी में मेघालय, त्रिपुरा और नागालैंड; मई में कर्नाटक; नवंबर में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मिजोरम, तेलंगाना और राजस्थान। सरकार जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव करा सकती है। परिणाम 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए अग्रदूत साबित होंगे। कौन जीतता है और कौन हारता है इसका प्रभाव मतदाताओं और कार्यकर्ताओं के मनोबल पर पड़ेगा।

सत्ताधारी बीजेपी अपना जनाधार बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है. विपक्ष के लिए, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि गैर-बीजेपी पार्टियां बीजेपी के रथ को रोकने के लिए जीतें। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है. कर्नाटक में बीजेपी, कांग्रेस और जेडीएस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा. तेलंगाना में त्रिकोणीय मुकाबला टीआरएस, कांग्रेस और बीजेपी के बीच होगा. त्रिपुरा में भी भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और लेफ्ट फ्रंट के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा।

इनमें से कर्नाटक और मध्य प्रदेश में बीजेपी की सरकार है. दोनों कांग्रेस और भाजपा के लिए महत्वपूर्ण हैं। और इसलिए छत्तीसगढ़ और राजस्थान, केवल दो राज्य कांग्रेस के पास हैं। भाजपा तेलंगाना को मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से छीनना चाहती है, जो खुद को मोदी का प्रतिद्वंद्वी मानते हैं। आश्वस्त क्योंकि उनकी पार्टी ने तेलंगाना में अपनी मजबूत स्थिति स्थापित करते हुए 40 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर बनाए रखा है, केसीआर एक हैट्रिक प्रदर्शन करना चाहते हैं। हालांकि उन्होंने कांग्रेस और तेलुगू देशम को खत्म कर दिया है, लेकिन खाली हुई जगह पर बीजेपी मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी है।

तत्काल ध्यान कर्नाटक पर है। भाजपा के पास उच्च दांव हैं क्योंकि वह एकमात्र राज्य है जहां भाजपा दक्षिण में शासन कर रही है। कांग्रेस-जद (एस) गठबंधन के पास भाजपा से सरकार छीनने का मौका है।

पूर्वोत्तर में त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम में मतदान होने हैं। त्रिपुरा में फिलहाल बीजेपी की सरकार है. मेघालय और नगालैंड में बीजेपी समर्थित सरकारें सत्ता में हैं. मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है। कभी प्रतिष्ठित कांग्रेस अब लगभग समाप्त हो चुकी है।

क्या कांग्रेस फिर से मजबूत होगी? क्या और मजबूत होकर उभरेंगे राहुल गांधी? इस महीने हिमाचल प्रदेश की जीत ने कांग्रेस के मनोबल को बढ़ा दिया है। इसने कांग्रेस को विपक्ष को एकजुट करने का मौका दिया है।

विपक्षी दलों ने महसूस किया है कि जब तक वे गठबंधन नहीं करते मोदी को तीसरा कार्यकाल मिलेगा। वे चुनाव के बाद ही प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार पर फैसला करेंगे। कम से कम आधा दर्जन दावेदार हैं, ज्यादातर ममता बनर्जी, केसीआर और अरविंद केजरीवाल जैसे अहंकारी क्षेत्रीय क्षत्रप हैं।

नए वेरिएंट के साथ कोविड की वापसी एक नया खतरा है. भारत एक अरब से अधिक लोगों का टीकाकरण करके महामारी को रोकने में कामयाब रहा। फिर भी, सरकार को किसी भी नए प्रकार के प्रति सावधान रहना चाहिए।

अर्थव्यवस्था पर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। मुद्रास्फीति और मूल्य वृद्धि दो महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। विश्व बैंक को उम्मीद है कि भारत की जीडीपी ग्रोथ उम्मीद से बेहतर रहेगी, लेकिन महंगाई 7 फीसदी से ऊपर रहेगी। कुल मिलाकर, 2023 हमारे लिए अधिकांश क्षेत्रों में बेहतर संभावनाएं लेकर आ सकता है।

## आप की बात

### यूपी सरकार को झटका

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के एक निर्णय में यूपी सरकार के द्वारा लागू की गई रैपिड टेस्ट के आधार पर पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण व्यवस्था को रद्द करते हुए यू पी निर्वाचन आयोग को निकाय चुनाव कराने का आदेश जारी किया है देखा जाए तो यह उत्तर प्रदेश सरकार के लिए एक बड़ा संकट है क्योंकि लगभग 54 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग के लिए यदि आरक्षण लागू नहीं किया जायेगा तो बीजेपी को एक बड़ी हार का सामना करना पड़ सकता है। यही कारण है कि न्यायालय के निर्णय के तुरंत बाद यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य एवं मंत्री दिनेश शर्मा के द्वारा भेजने वालों के हितों की जोरदार वकालत की है और विधि विशेषज्ञों से सलाह के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार को घिरते हुई है बीजेपी को पिछड़ा विरोधी करार दिया है। अपना दल अनुप्रिया पटेल ने भी उच्च न्यायालय के निर्णय पर राजनीतिक नफा नुकसान को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट में जाने की बात कही है बीएसपी अध्यक्ष मायावती ने भी योगी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है और कमीशन बनाकर पिछड़ा वर्ग के लिए ट्रिपल टेस्ट पद्धति अपनाते हुए नई आरक्षण लागू करने की बात कही है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### दूरियां बढ़ाता मोबाइल

**दूर** बैठे हुए अपनों को नजदीक लाने वाला मोबाइल फोन जिसने कि एक दूसरे को आपस में काफी नजदीक मिलाया था और एक दूसरे के प्रति मेल मिलाप की भावना भी बढाई थी वही मोबाइल आज रिश्तो में दूरियां भी बढ़ाने लगा है। इससे लोग आज दुखी भी होने लगे हैं, कारण एक ही छत के नीचे बैठे परिवार 7-8 सदस्य भी आज इसी मोबाइल के कारण काफी नजदीक रहते हुए भी काफी दूर-दूर हो गए हैं फिर चाहे वह एक छत के नीचे भी क्यों ना रहते हो। आज उन सभी के हाथ में एक-एक मोबाइल है, एवं वे उसी मोबाइल में इतने अधिक व्यस्त रहते हैं कि उन्हें अपने परिवार के दूसरे सदस्य की बिल्कुल भी चिंता नहीं रहती है कारण स्पष्ट है कि वह सदस्य इंटरनेट के माध्यम से कहीं दूर चैटिंग में व्यस्त हैं यूट्यूब ,फेसबुक व्हाट्सएप, मैसेंजर, ट्यूटर में इतना व्यस्त और खोया हुआ है कि उसे अपने ही कमरे में या अपने ही मकान में बैठे अन्य किसी छोटे बड़े सदस्य की बिल्कुल भी चिंता नहीं है, उसे तो अपने स्वयं के खाने तक की चिंता नहीं है। अत: यही कारण है कि अब घरों में आजकल लड़ाई झगड़े भी काफी बढ़ने लगे तथा आज पति हो या पत्नी वह भी एक दूसरे के लगातार मोबाइल चलाने से काफी दुखी है, नाराज है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### राहुल का अंदाज़-ए-बयां

**स्वदेशी** निर्माणों ने भारत की ताकत को एक नई शक्ति प्रदान की है। रक्षा क्षेत्र की मजबूती दुश्मनों के नापाक इरादों को ध्वस्त करने के लिए काफी है लेकिन लगता है और राहुल गांधी को हमारी ताकत पर भरोसा नहीं है। युद्ध के मसले पर राहुल का अनुमान है कि चीन पाक साथ है ऐसे में दोनों से हमें युद्ध के हालातों से गुजरना पड़ सकता है इससे हमारे देश का बड़ा नुकसान होगा। सबसे पहली बात तो यह है कि युद्ध चाहता कौन है? वह पाक जो अपनी आर्थिक स्थिति से पहले ही बदहाल है और अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए दुनिया के देशों से कर्ज मांगता फिर रहा है। या फिर वह चीन जो कोरोना के मुद्दे पर अलग-अलग पड़कर पहले ही अपनी अर्थव्यवस्था खराब कर चुका है और अब उसी की लगाई आग (कोरोना) उसका घर जला रही है। ऐसे में कहा जा सकता है कि दोनों देशों के हालात ऐसे नहीं है कि वे उन्हें भूल कर सीधे युद्ध पर उतर आए। और रही बात भारत की ताकत की तो वह महाशक्ति भले ही नहीं हो पर दुनिया के शक्ति संपन्न राष्ट्रों की श्रेणी में अव्वल है। ऐसे में राहुल गांधी का अनुमान निरर्थक ही है।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**


## फरमाया



**वाजपेयी** जी राजनेता, कवि, निर्भय व्यक्ति व संवेदनशील नेता थे जिनका अजातशत्रु की तरह कोई दुश्मन नहीं था।
– **रामनाथ कोविंद**
पूर्व राष्ट्रपति

**मैंने** मोदी जी को जी20 की अध्यक्षता तथा संरा. में समर्थन व मानवीय सहायता के लिए धन्यवाद दिया।
– **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति





**राहुल** जी के बारे में अनेक झूठ फैलाए जा रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों पर स्मृति ईरानी कुछ नहीं बोलती हैं।
– **सुप्रिया श्रीनेत्र**
कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी

# लखनऊ में खुलेगा सात मंजिला अत्याधुनिक एग्री मॉल

## 8000 वर्गमीटर एग्री मॉल में कृषि उपजों को मिलेगा नया बाजार

● अयोध्या में खुलेगी टिशू कल्चर प्रयोगशाला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुई राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 166वीं बैठक में किसान हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। लखनऊ में योगी सरकार सात मंजिला एग्री माल स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान कहा कि कृषि और खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेक नीतिगत प्रयास किए जा रहे हैं। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए भी योजनाबद्ध रीति से कार्य किया जा रहा है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, उत्पाद की ब्रांडिंग हो, सही बाजार मिले, इसके लिए लखनऊ में एग्री मॉल स्थापित किया जाना आवश्यक है। यहां किसान सीधे अपने फल, सब्जियों की बिक्री कर सकेंगे। उपभोक्ताओं के लिए अच्छी गुणवत्ता के फल, सब्जियां और खाद्यान्न उपलब्ध होगा। सीएम ने कहा कि मॉल में किसानों के विश्राम के लिए आवश्यक सुविधाएं हों। गोमतीनगर के विकल्प खंड में उपलब्ध लगभग 8000 वर्गमीटर भूमि सात मंजिला आधुनिक एग्रो मॉल की स्थापना के लिए उचित होगा। मॉल में किसानों, खरीदारों के वाहनों की पार्किंग के लिए समुचित व्यवस्था हो।

सीएम ने कहा कि मंडी शुल्क को न्यूनतम करने के बाद भी राजस्व संग्रह में मंडियों का अच्छा योगदान है। चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल से नवम्बर तक 972 करोड़ से अधिक की आय मंडी परिषद को हुई है जो कि पिछले वित्तीय वर्षों के सापेक्ष अच्छी प्रगति दर्शाता है। हमें इस वित्तीय वर्ष 1500 करोड़ के राजस्व संग्रह के लक्ष्य के साथ काम करना चाहिए। सीएम ने कहा कि कृषि कार्य मे टिशू कल्चर तकनीक के प्रयोग के अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश में इस तकनीक को प्रोत्साहित करने के लिए अयोध्या में केले की खेती को बढ़ावा देने के लिए टिशू कल्चर प्रयोगशाला की स्थापना की जानी चाहिए। इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। कृषि उपजों की ई-नीलामी या डिजिटल प्लेटफार्म सर्विस प्रोवाइडर के लिए लाइसेंस बनवाने के लिए मंडी नियमावली में यथा आवश्यक संशोधन किया जाए। निजी क्षेत्र की सहभगिता किसानों को एक नया विकल्प देगी, साथ ही मंडी परिषद की आय में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि मंडी परिषद एवं मंडी समितियों के अधिकारियों, कर्मचारियों को नियमानुसार चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए पूर्व में प्रचलित व्यवस्था के अनुरूप निजी, सरकारी चिकित्सालयों में इलाज कराने एवं शासकीय दरों पर प्रतिपूर्ति, भुगतान की सुविधा दी जाए। यह व्यवस्था अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए अत्यंत उपयोगी होगी।

राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन करने के नियोजित प्रयास कर रहे है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप जैविक और प्राकृतिक उत्पादों के सत्यापन के लिए सभी मंडल मुख्यालयों पर टेस्टिंग लैब स्थापित कराए जाएं। चरणबद्ध रूप से कृषि विज्ञान केंद्रों पर टेस्टिंग लैब स्थापित किए जाएं। इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए।

# निवेशकों को यूपी में निवेश के लिए तैयार किया जायः जयवीर



● पर्यटन मंत्री ने इन्वेस्ट टीम को जापान एवं दक्षिण कोरिया के निवेशकों से लगातार फालोअप के लिए दिये निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संभावित निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए तैयार किया जाए। जापान एवं दक्षिण कोरिया से अधिक से अधिक निवेश जुटाने गई मंत्री समूह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमण्डल की बुधवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में उनके आवास पर बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में जूम ऐप के माध्यम से प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी जुड़े हुए थे।

बैठक में मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जापान एवं दक्षिण कोरिया से जो 25456 करोड़ रूपये का निवेश के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं उनको धरातल पर उतारने के लिए सम्बंधित औद्योगिक घरानों से लगातार बातचीत जारी रखी जाय। इसके अलावा अन्य प्रतिष्ठित कम्पनियां जो निवेश के लिए इच्छुक हैं उन्हें समझौता ज्ञापन किये जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाय। उन्होंने कहा कि विदेशी कम्पनियों से उत्तर प्रदेश में रोजगारपरक निवेश के लिए आमंत्रित किया जायए जिससे रोजगार के अवसर सृजित हो सकें। मंत्री जयवीर सिंह ने टीम इन्वेस्ट को निर्देश दिये कि लगातार फॉलोअप एवं अनुश्रवण के लिए एक फार्मेट बनाकर अलग-अलग निवेशकों से बातचीत के निष्कर्षों को रिकार्ड रखा जाय। इसके अलावा सम्भावित निवेशकों को उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में आने के लिए तैयार किया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि निवेशक अपने उत्पादों का प्रदर्शन ग्लोबल प्रदर्शनी में प्रदर्शित करें जो 10-14 फरवरी 2023 तक यूपीजीआईएस स्थल पर लगायी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमण्डल की अगली बैठक आगामी बुधवार को पुनः होगी। पर्यटन मंत्री ने कहा कि जापान एवं दक्षिण कोरिया से यदि नये औद्योगिक समूह इच्छुक हों तो उन्हें जागरूक कर निवेश के लिए तैयार किया जाय। इसके साथ ही निवेश आकर्षित हेतु अन्य सम्भावनाओं पर विचार किया जाय। उन्होंने कहा कि निवेशकों को फॉलोअप के दौरान बताया जाय कि यूपी में निवेशकों के लिए लगभग 22 नीतियां तैयार की गयी हैं जो निवेशकों के लिए हर तरह से फायदेमंद हैं। निवेशकों को यह भी बताया जाय कि उत्तर प्रदेश उनके स्वागत के लिए तैयार है। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने फॉलोअप की प्रक्रिया लगातार जारी रखने पर जोर दिया।

अपर मुख्य सचिव एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद ने इन्वेस्ट टीम को तकनीकी का सहारा लेकर इच्छुक निवेशकों से निरन्तर बातचीत कर तैयार किये गये फर्मेट पर उपलब्ध रखने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने निवेशकों तथा इच्छुक कम्पनियों को राज्य सरकार की ओर से नववर्ष का शुभकामना संदेश भेजने का सुझाव दिया। यीडा के सीईओ अरूणवीर सिंह भी जूम ऐप से जुड़े हुए थे।

## एडीजी स्तर के सात आईपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार ने बीते मंगलवार की देर रात एडीजी स्तर के सात सीनियर आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में बरेली, कानपुर और प्रयागराज जोन में नए एडीजी तैनात किए गए हैं। एडीजी जीआरपी पीयूष आनंद को एडीजी प्रशासन, पुलिस महानिदेशक कार्यालय बनाया गया है। अभी तक इस पद पर तैनात प्रेम चंद्र मीना को बरेली जोन का नया एडीजी नियुक्त किया गया है। प्रयागराज जोन के एडीजी प्रेम प्रकाश सिंह को हटाकर डीजीपी मुख्यालय से अटैच किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रेम प्रकाश सिंह आगामी 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उनके स्थान पर कानपुर जोन के एडीजी भानु भास्कर को प्रयागराज जोन का प्रभार सौंपा गया है। बीते दिनों पुलिस कमिश्नर नोएडा के पद से हटाए गए आलोक सिंह को एडीजी कानपुर जोन के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बरेली जोन के एडीजी राज कुमार को एडीजी लॉजिस्टिक्स के पद पर स्थानांतरित किया गया है। वहीं वाराणसी के पहले पुलिस कमिश्नर रहे और नवंबर माह में यहां से हटाए गए ए.सतीश गणेश को जीआरपी का नया एडीजी बनाया गया है।

## प्रत्येक सप्ताह सभी एसटीपी की मॉनिटरिंग होः अरूण सक्सेना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्यावरण,** वन, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरूण कुमार सक्सेना तथा विभाग के राज्यमंत्री केपी मलिक द्वारा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों की गहन समीक्षा की। इस मौके पर मंत्रीगण द्वारा राज्य बोर्ड मुख्यालय में कार्यरत कंट्रोल रूम के कार्यों की संकलित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। डॉ. सक्सेना ने गंगा एवं अन्य सहायक नदियों की जल गुणवत्ता में सुधार के लिए क्रियान्वित किये जा रहे एक्शन प्लान की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 114 सीवेज ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट स्थापित हो चुके हैं, जिसमें से 104 संचालित हैं। बोर्ड द्वारा प्रत्येक सप्ताह सभी एसटीपी की मॉनिटरिंग की जाये। संचालित एसटीपी में से 94 मानकों के अनुरुप पाये गये तथा 10 मानकों के अनुरुप नहीं पाये गयेए जिनके विरुद्ध नियमानुसार पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किया जाये। उन्होंने यह निर्देश दिए कि एनजीटी द्वारा दिये गये आदेश के अनुपालन में निर्धारित प्रारूप पर तैयार कर में 01 सप्ताह में बोर्ड को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये।

वन मंत्री ने प्रदेश में स्थित ईंट भट्ठों के सम्बन्ध में बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में ईंटों की कमी के दृष्टिगत एनसीआर के अतिरिक्त अन्य सभी जनपदों में 1 फरवरी 2023 से वैध ईंट भट्ठा संचालन की अनुमति प्रदान की जाये। निवेश मित्र पर प्राप्त आवेदन पत्रों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि उद्योगों को पर्यावरणीय समस्याओं के निराकरण में सहयोगी बनकर आवश्यक कार्यवाही कराये, ताकि जन मानस में सकारात्मक संदेश पहुंच सके।

श्री सक्सेना द्वारा पैकेजिंग हेतु प्लास्टिकध्पॉलीथीन प्रयुक्त करने वाले उद्योग प्रतिनिधियों के साथ का अनुपालन करने के सम्बन्ध में भी चर्चा की गयी। अपर मुख्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि ईपीआर के प्राविधानों के सम्यक् अनुपालन से सर्कुलर एकोनामी के उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति किया जाना संभव हो सकेगा। मंत्री जी द्वारा बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि उद्यमियों को अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाये जिससे प्रदेश के औद्योगिकीकरण में गति मिल सके।

## खादी उत्पादन के वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश

● खादी उत्पादन बढ़ाने के लिए सभी संस्थाओं को प्रेरित किया जायेः राकेश सचान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**खादी** एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि खादी उत्पादन के वार्षिक लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश में खादी उत्पादन बढ़ाने के लिए सभी संस्थाओं को प्रेरित किया जायेगा। साथ ही जनवरी माह में समितियों के साथ उनकी बैठक भी कराई जाये।

उन्होंने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित 14 उत्पादन केन्द्र द्वारा एक लाख मीटर खादी के उत्पादन का वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया गया था, परंतु अभी तक केवल 60 प्रतिशत उत्पादन किया गया है। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने यह निर्देश बुधवार को खादी भवन में विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। इस मौके पर उन्होंने बताया कि जनपद प्रयागराज के ग्राम मंदरदेह माफी में 720 घनमीटर की क्षमता का गोबर गैस प्लांट लगभग बन कर तैयार है। प्लांट की स्थापना से गोबर से उत्पादित 400 परिवारों को ईंधन तथा किसानों को जैविक खाद उपलब्ध होगी। साथ ही गो पालकों को गोबर से अतिरिक्त आमदनी भी होगी। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रयागराज में स्थापित किये जा रहे गोबर गैस प्लांट से लगभग 400 परिवारों को ईंधन की सप्लाई की जानी है। इन गांवो के जो परिवार प्लाण्ट से गैस लेने के इच्छुक है, उनकी सूची तैयार कर तत्काल उनके घर तक पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू कर दिया जाये। आगामी जनवरी माह के अंत तक इसका संचालन पूरी तरह प्रारंभ हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा प्लांट में गोबर गैस विद्युत ऊर्जा एवं कम्प्रेस कर छोटे सिलेण्डर इत्यादि को भरने का कार्य किया जायेगा। परियोजना शुरू होने पर लगभग 200 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। इस परियोजना की लागत 331.81 लाख रुपये है। श्री सचान ने कहा कि जनपद प्रयागराज में ही ऊनी धागा प्रशोधन, उत्पादन केन्द्र की स्थापना कराई जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य भेड़ पालकों को प्रोत्साहित करना है। भेड़ पालकों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त होगा और ऊन के प्रशोधन उपरान्त कम्बलों का उत्पादन कराया जायेगा।

## बसपा की प्रदेश स्तरीय बैठक कल

**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार 30 दिसंबर को प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। प्रदेश कार्यकारिणी के नेताओं से कई मुद्दों पर चर्चा के बाद वह आगामी कार्यक्रमों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करेंगी।इस बैठक में मंडल कोआर्डिनेटर, सेक्टर कोआर्डिनेटर, नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल और सभी जिला अध्यक्ष मौजूद रहेंगे।

# मौसम की मार से गरीब और किसान परेशान

● आमजन को सर्दी से बचाने के लिए न तो कहीं अलाव जलाए जा रहे हैं और न रैन बसेरों का उचित इंतजामः सपा प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि पूरा प्रदेश सर्दी और गलन से कांप रहा है। मौसम की मार से गरीब और किसान परेशान है। लगातार बढ़ती ठंडक जानलेवा होती जा रही है। पिछले कुछ दिनों में प्रदेश में ठंड से कई लोगों की मौत हो चुकी है। आमजन को सर्दी से बचाने के लिए न तो कहीं अलाव जलाए जा रहे हैं और न रैन बसेरों का उचित इंतजाम है। अखिलेश ने कहा कि गरीबों और आम जनता को ठिठुरन और कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए पहले समाजवादी पार्टी की सरकार में कंबल और अन्य गर्म कपड़ों का वितरण किया जाता था लेकिन भाजपा सरकार पूरी तरह से जनता की परेशानियों के प्रति संवेदनशून्य बनी हुई है। जब लोग ठंड से ठिठुरने लगे हैं तब कंबल खरीद के टेंडर हो रहे हैं। पता नहीं किस गुणवत्ता के कंबल कितने दिनों में मिल पाएंगे। गरीब और किसानों की कड़ाके की ठंड से मौत हो जा रही है। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि ऐसी व्यवस्था हो कि सर्दी में कोई बाहर न सोएं, पर हकीकत में रैन बसेरे कहां हैं, अस्पतालों में बीमारो के साथ आए तीमारदारों को इन दिनों भीषण ठंड में कहीं सिर छुपाने को जगह नहीं मिल रही है। वे खुले में पेड़ों के नीचे रात बिताने को मजबूर हैं। अखिलेश ने कहा कि धुंध और कोहरे के चलते यातायात बाधित हो रहा है। दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों की मौतें हो रही है। स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि उन्नाव जिले के कोतवाली गंगा घाट में अपने खेतों में फसल की रखवाली करने गए नन्हा लोधी पुत्र छोटेलाल निवासी खेड़ा की ठंड लगने से मौत हो गई। इसी तरह से बांदा में पिछले शुक्रवार को खेत में सिंचाई करने के दौरान ठंड लगने से एक किसान की मौत हो गई। कानपुर देहात के संदलपुर क्षेत्र में भी फसल में पानी लगाने गए किसान की ठंड लगने से मौत हो गई। जिन लोगों की ठंड से मौतें हो रही हैए सरकार उन्हें तत्काल आर्थिक मुआवजा दे। अखिलेश ने कहा कि कड़ाके की सर्दी और शीत लहर से प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। ठंडी बढ़ने के साथ ही हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं।

## कारागार मंत्री ने बंदियों से संवाद कर लखनऊ जेल में वितरित किए कंबल

**लखनऊ।** प्रदेश के कारागार एवं होमागर्ड्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने जिला जेल में बंदियों से संवाद कर उनसे भविष्य में फिर से अपराध न करने की अपील की। संवाद के उपरान्त बंदियों को भगवत गीता, जपमाला और कम्बल वितरित किया। कम्बल वितरण कार्यक्रम कृष्णा मूवमेन्ट वृन्दावन एवं अक्षयपात्र फाउन्डेशन लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी प्रदेश के मंत्री ने विभागीय उपलब्धियों एवं प्रगति के संबंध में प्रधानमंत्री से मिलकर प्रजेन्टेशन दिया और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान कारागार विभाग को और सुदृढ़ किए जाने के बारे में प्रधानमंत्री से विस्तृत चर्चा भी हुई। प्रधानमंत्री जी ने संवाद कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कारागारों में और अधिक सुधारात्मक कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया।

# प्रदेश सरकार की लापरवाही से रुके निकाय चुनावः खाबरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि प्रदेश सरकार की घोर लापरवाही के कारण स्थानीय निकाय चुनाव रुक गए हैं। जब सुप्रीम कोर्ट ने गवरी बनाम महाराष्ट्र के मामले में आदेश दिया हुआ था तो आखिर वह ऐसे कौन से कारण थे कि सरकार द्वारा उनकी अनदेखी की गई। जनता को दिखाने के लिए सरकार इस आदेश के विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट जा सकती है। अब उन्हें कौन समझाए कि सुप्रीम कोर्ट अपने ही आदेश को कैसे परिवर्तित करेगी। खाबरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पिछड़ों-दलितों के संवैधानिक हक को लेकर प्रतिबद्ध है और इसके लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

खाबरी बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल टेस्ट फर्मूले के अनुसार राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग की आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्थिति क्या है? इसके लिए प्रकृति और प्रभाव का डेटा एकत्र करने के लिए एक विशेष आयोग का गठन किया जाना आवश्यक था। राज्य सरकार को इस विशेष आयोग की सिफारिशों के आधार पर ही नगर निगम और नगर पालिका चुनाव में अनुपातिक आधार पर आरक्षण देना था। राज्य सरकार को यह भी ध्यान देना था कि एससीएसटी और ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 50 फीसद के कुल आरक्षण सीमा से बाहर नहीं जाये। तब प्रश्न यह उठता है कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए इन सभी दिशा निर्देशों का अनुपालन न करना किसकी जवाबदेही तय करता है। खाबरी ने सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि क्या यह सरकार का कर्त्वय नहीं था कि देश के सुप्रीम कोर्ट का सम्मान उसके दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पूरा किया जाए। उच्च न्यायालय ने ओबीसी आरक्षण के सम्बन्ध में दाखिल की गई 93 रिट याचिकाओं को एक साथ जोड़ते हुए निर्णय दिया है। अभी तक चुनाव में धार्मिक और क्षेत्रीय बंटवारे की राजनीति करती हुई भाजपा सरकार अब अतिरिक्त जातियों में बंटवारा करना चाहती है। यह सरकार 2024 तक इस मामले को गर्माये रखना चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि ओबीसी मतों के दम पर सत्ता में आई भाजपा सरकार विगत 6 वर्षों में पिछड़ा वर्ग आयोग तक नहीं गठित नहीं कर पाई।

## 2019 व 2014 बैच के आईएएस अफसरों को नए साल का तोहफा

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को आईएएस अफसरों को पदोन्नति देने को लेकर विभागीय पदोन्नति कमेटी की बैठक हुई। इसमें 119 आईएएस अफसरों को पदोन्नति देने पर सहमति बनी। वर्ष 1998 बैच के छह आईएएस सचिव से प्रमुख सचिव और 2007 बैच के नौ अफसर विशेष सचिव से सचिव के पद पर पदोन्नति देने पर सहमति बनी है। अफसरों को यह लाभ 1 जनवरी 2023 से मिलेगा। वर्ष 1998 बैच के छह अफसरों को एवं सुपर टाइम वेतनमान 10000 से 12000 दिया गया है। यह लाभ 25 साल की बेदाग सेवा पर दिया जाता है। इस बैच में आलोक कुमार तृतीय, अनिल कुमार तृतीय, अनिल कुमार सागर, पंधारी यादव, अजय चौहान और नीना शर्मा हैं। आईएएस सेवा में 16 साल की अनावरत सेवा पर सुपर टाइम वेतनमान देने की व्यवस्था है।

वर्ष 2007 बैच के नौ अफसरों को पदोन्नति देने के लिए डीपीसी हुई। इन्हें 8700 से 10000 ग्रेड पे मिलेगा। इस बैच में शीतल वर्मा, आलोक तिवारी, सुहास एलवाई, चैत्रा वी, नवीन कुमार जीएस, मुथुकुमारसामी बी, प्रभु नारायण सिंह, अभय, डा आदर्श हैं। वर्ष 2010 बैच के 35 आईएएस अफसरों को 13 साल की सेवा पर सलेक्शन ग्रेड 6700 से 8700 वेतनमान देने पर सहमति बनी। ये अफसर डीएम स्तर के हैं। वर्ष 2014 बैच के 52 आईएएस अफसरों को अफसरों को 6600 से 6500 वेतनमान दिया जाएगा। यह अफसर मुख्य विकास अधिकारी से जिलाधिकारी बनने की रेस में आ जाएंगे।

# 16 जनपदों में पीपीपी माडल पर बनेंगे 23 बस स्टेशन

● परिवहन मंत्री ने दो महिला प्रशिक्षु चालकों को सम्मानित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अधिकारियों और विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश के 16 जनपदों के 23 बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर डिजाइन बिल्ड फाइनेन्स ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर मॉडल पर विकसित किये जाने के विषय पर बुधवार को परिवहन निगम मुख्यालय में बैठक की। उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल में आपके हितों को ध्यान में रखते हुए आपके सुझाव पर विचार किया जायेगा। सबसे प्राइम जगह पर आपको बसअड्डे के विकास के लिए जमीन उपलब्ध करायी जा रही है।

प्रदेश के अन्य जनपदों में भी बस अड्डों को पीपीपी मॉडल पर विकसित किये जाने की योजना है। दयाशंकर सिंह ने कहा कि आप सभी अधिक से अधिक आवेदन करें। जनवरी 2023 में आवेदन हेतु निविदा जारी की जायेगी। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी 2023 तक आप अपने सुझाव दे सकते हैं, जिस पर परिवहन निगम पीपीपी पॉलिसी की शर्तों के अधीन विचार करेगा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निवेश हेतु अच्छा और सुरक्षित माहौल है। उत्तर प्रदेश धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहां पर अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु एवं यात्री आते हैं, जिनको अच्छी परिवहन सुविधा के साथ स्वच्छ एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टेशन मिले इसके लिए पीपीपी मॉडल पर बस स्टेशनों के विकास की योजना बनायी गयी है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के चेयरमैन आरके तिवारी ने कहा कि आप द्वारा उठाये गये सभी बिन्दुओं पर विचार विमर्श करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ निविदा की जायेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में महत्वपूर्ण बदलाव हो रहे हैं। परिवहन निगम में भी आमूलचूल परिवर्तन हो, इस दिशा में परिवहन निगम लगातार सार्थक प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का ग्रोथ रेट बहुत अच्छा चल रहा है। निवेशकों के हितों की सुरक्षा के साथ ही उन्हें विकास करने के सभी अवसर उपलब्ध हैं। निवेशक अधिक से अधिक संख्या में बिड में हिस्सेदारी करें और सुनहरे अवसर का लाभ उठायें। इस अवसर पर परिवहन मंत्री ने दो महिला प्रशिक्षु चालक अवध डिपों लखनऊ क्षेत्र रेखा पुत्री मुकेश चन्द्र एवं प्रज्ञा रावत पुत्री पवन कुमार को निगम की जैकेट भेंट की और उन्हें शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि आप दोनों बहुत सी लड़कियों के लिए जो इस क्षेत्र में आना चाहती हैं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगी।


## दो जनवरी से प्रदेशभर में आंदोलन करेगी आप

**लखनऊ।** नगर निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण में योगी सरकार पर हेराफेरी का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी ने आंदोलन का एलान किया है। आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि 2 जनवरी से पार्टी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में 'आरक्षण बचाओ-लोकतंत्र बचाओ' आंदोलन करेगी। संजय सिंह कि भारतीय जनता पार्टी अपनी मानसिकता से विचारधारा से और अपने कर्मों से पिछड़ों, दलितों और शोषितों की विरोधी है। नगर निकाय के चुनाव पर आए हाईकोर्ट के फैसले से फिर एक बार साबित हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ों और उनको मिले आरक्षण के खिलाफ है। वह पिछड़ों को उनका हक नहीं देना चाहती है। योगी सरकार ने ऐसा गड़बड़ आरक्षण किया, जिसको हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कह दिया कि अगर सही प्रक्रिया से आरक्षण लागू किया जाएगा तो आरक्षण के साथ चुनाव होगा। लेकिन अगर सही प्रक्रिया किए बिना आरक्षण किया गया तो बिना आरक्षण के नगर निकाय चुनाव होंगे।

# इतिहास से प्रेरित होकर राहुल ने लिया भारत जोड़ो यात्रा का संकल्प

● कांग्रेस के स्थापना दिवस पर आयोजित की गई संगोष्ठी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस के 137 वर्ष पूरे होने तथा कांग्रेस सेवादल के 99 वर्ष पूरे होने के उपरान्त 100वें वर्ष में प्रवेश करने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू तथा इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए की और उपस्थित सभी कांग्रेसजनों की शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए खाबरी ने कहा कि जो लोग इतिहास को लेकर साथ चलते हैं वर्तमान उन्हीं का होता है। वर्ष 2014 से 2022 तक देश की स्थिति खराब हो चुकी है। आज हमारी तुलना नेपाल से की जा रही है। यह एक चिन्ता का विषय उनके लिए है जिन्होंने इतिहास पढ़ा है। राहुल गांधी ने इतिहास से प्रेरित होकर आज की जरूरत को समझ कर देश के लोकतंत्र को बचाने और देश को जोड़ने के लिए ही कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा का संकल्प लिया है। जिसमें कांग्रेस और कांग्रेस सेवादल साथ मिलकर इसको आगे बढ़ाएंगे। आज के ही दिन अंग्रेजों के खिलाफ आन्दोलन के लिए कांग्रेस सेवादल को बनाया गया था। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, श्याम किशोर शुक्ला, इंदल रावत, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय सहित काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों की हुई समीक्षाः** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व सह प्रभारी उत्तर प्रदेश धीरज गुर्जर की मौजूदगी में प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे की अध्यक्षता में हुई बैठक में राहुल गांधी की उत्तर प्रदेश में 3 जनवरी 2023 को होने वाली उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने निर्देश देते हुए कहा कि हम सभी को पूरी ताकत के साथ उत्तर प्रदेश में होने वाली भारत जोड़ो यात्रा के सफल संचालन के लिए प्रयास करना होगा। इसके लिए हम सभी को अभी से तैयारी करने की जरूरत है। अन्य राज्यों की भांति उत्तर प्रदेश की यात्रा भी चर्चा आने चाहिए। राहुल गांधी की यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की पीड़ित जनता की समस्याओं को सुनना तथा समझना है। देश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी की समस्या से पीड़ित है। बैठक में पूर्व विधायक सतीश अजमानी, इंदल रावत, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, प्रदेश महासचिव सुबोध श्रीवास्तव, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, अनुसुइया

सीतापुर वासियों को मिली सौगात

# सरायन नदी पर कैंची पुल के पास बनेगा सेतु

- तीन रेलवे क्रासिंग पर बनेंगे ओवर ब्रिज, सीतापुर-झरेखापुर-लखीमपुर मार्ग पर ओवर ब्रिज का रास्ता साफ
- बिसवां-सिधौली, सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर ओवर ब्रिज का होगा निर्माण

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** कई रेलवे क्रासिंगों पर लगने वाली भीषण जाम से अब निजात मिलेगी। सीतापुर शहर में सरायन नदी पर सेतु निर्माण के अलावा रेलवे संपर्क मार्गों पर ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। प्रदेश की योगी सरकार ने इस संबंध में बजट को मंजूरी दे दी है। राजधानी से सटे सीतापुर में जिन स्थानों पर रेलवे ओवर ब्रिज बनने का रास्ता साफ हुआ है। उसमें सीतापुर झरेखापुर लखीमपुर मार्ग, बिसवां-सिधौली मार्ग और सिधौली-महमूदाबाद मार्ग षामिल है। लंबे समय से यहां ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग भी उठ रही थी। इसके अलावा सीतापुर षहर में कैंचीपुल के पास सरायन नदी पर सेतु निर्माण का भी रास्ता साफहो गया है। बताते चलें कि सरायन नदी पर कैंचीपुल एक मात्र ऐसा पुल है, जिस पर से प्रतिदिन हजारों छोटे बडे वाहनों का आना जाना लगा रहता है। बाईपास को छोड दें तो जिला मुख्यालय के अलावा हाईवे से गुजरने वाले अधिकतर वाहन भी इसी पुल पर से होकर गंतव्य की ओर बढ़ते है। यह पुल पिछले काफी समय से क्षतिग्रस्त भी है। करीब तीन साल पहले पुल पर से भारी वाहनों के गुजरने पर प्रतिबंध भी लगाया जा चुका है, यह बात अलग है कि मौजूदा वक्त भी पुल पर से भारी वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। अब कैंचीपुल के पास नवीन पुल के निर्माण का रास्ता साफ हो जाने के बाद न कि नए वर्ष में नई सौगात मिलेगी बल्कि आवागमन भी सुगम होगा। आईये अब नजर डाल लेते है, रेलवे क्रासिंगों पर लगनी वाली जाम पर सबसे पहले जिक्र करते है, पूर्वोत्तर रेलवे के सीतापुर झरेखापुर लखीमपुर मार्ग पर लगने वाली जाम का इस रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज न होने से रेलों के आवागमन के समय दूर-दूर तक वाहनों की लंबी-लंबी कतारें खड़ी हो जाती है। कमोवेष यही हाल बिसवां सिधौली मार्ग और सिधौली महमूदाबाद मार्ग का है। टेऊनों के आवागमन के समय इन रेलवे क्रासिंग पर गेट बंद होते ही भीषण जाम लगती है, यह समस्या उस समय बहुत गंभीर हो जाती है, जब बिसवां और महमूदाबाद की चीनी मिलों का पेराई सत्र होता है। उस दौरान अन्य भारी वाहनों के अलावा गन्ना लदी टैक्ट्रर ट्रालियां और ट्रक जाम में आड़े तिरछे खड़े होकर कोढ़ में खाज की तरह काम करते है। जाम की वजह से अक्सर स्कूल आने जाने वाली छात्र छात्राओं का विद्यालय में देर से आना जाना होता है। जबकि मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस भी कई बार जाम में फंस चुकी है। इन रेलवे क्रासिंगों पर ओवर ब्रिज निर्माण की मांग पिछले कई वर्षों से उठती रही है, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की तरफसे भी काफी प्रयास किए गए, अब षासन से मंजूरी मिलने के बाद उम्मीद की जाती है कि जाम की झाम से निजात मिलेगी। लेकिन पूर्वोत्तर रेलवे के ष्यामनाथ मंदिर निकट स्थित पीतपुर क्रासिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण को मंजूरी योगी मंत्रिमंडल से फिलहाल नहीं मिल पाई है। जबकि यहां ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर सांसद राजेष वर्मा ने केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और फिर मामले को संसद में भी उठाया। राजेष वर्मा ने अपनी ही सरकार का ध्यानाकर्षण कराते हुए मांग की कि ष्यामनाथ रेलवे क्रासिंग ज्यादातर बंद रहता है, क्योंकि 50 के करीब माल गाड़ी और रेलगाड़ी हर रोज गुजरती है, ऐसे में लाखों की आबादी को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इस रूट पर ट्रेनों का अधिक संचालन होने से करीब हर 30 मिनट पर रेलवे गेट बंद होता है, और पलक झपकते ही दूर-दूर तक वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती है। षहर के मध्य होने के कारण यहां भीषण जाम लगती है। सीतापुर षहर के रोडवेज बस स्टेषन के निकट पूर्वोत्तर रेलवे की क्रासिंग पर लखीमपुर जाने वाले मार्ग पर भी ट्रेनों के आवागमन के समय भीषण जाम लगती है। इस क्रासिंग पर भी ओवर ब्रिज के निर्माण की मांग नागरिकों द्वारा कई बार उठाई जा चुकी है। यह क्रासिंग भी षहर के मध्य है। लखीमपुर गोला की तरफ जाने वाले इस मार्ग पर चौबीसों घंटे भारी वाहनों का आना जाना लगा रहता है। ट्रेन के गुजरते समय रेलवे गेट बंद होता है कि रोडवेज चौराहे से लेकर दूर दूर तक जाम लग जाती है। योगी मंत्रिमंडल की बैठक में फिलहाल इस रेलवे क्रासिंग पर भी ओवर ब्रिज निर्माण को मंजूरी नहीं मिल पाई है।

## क्विक न्यूज

### शोक सभा का आयोजन



**संडीला(हरदोई)।** प्रेस क्लब पर आयोजित शोक सभा में दो पत्रकारों के परिजन के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रेस क्लब पर आयोजित शोक सभा में पत्रकार रितेश सिंह लकी की दादी तथा पत्रकार आरिफगाज़ी के पुत्र के असमय निधन पर पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आतमाओं की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा में प्रेस क्लब के संयोजक मुईज़ सागरी, लालचन्द्र चौरसिया, हरिअमोल सिंह, अमित कुमार मौर्य, प्रेस क्लब संरक्षक अनुराग अस्थाना, हिमांशू गुप्ता, उदय चौरसिया, गंगाराम आदि मौजूद रहे।

### दलित कार्यालय प्रभारी पर चपरासी ने किया हमला

**संडीला(हरदोई)।** उननिबंधक कार्यालय में कार्यालय प्रभारी के पद पर कार्यरत दलित कर्मी पर कथित रूप से चपरासी ने हमला कर दिया जिससे उन्हें चोटें आईं। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। उपनिबंधक कार्यालय संडीला में कार्यालय प्रभारी के रूप में कार्यरत विपिन कुमार राय पुत्र कृष्णकुमार राय निवासी कैसरगंज जनपद बहराइच ने पुलिस को सूचित किया है कि वह 27 दिसंबर 2022 को शाम लगभग 5 बजे कार्यालय संबंधी कार्य कर रहे थे। इसी बीच कार्यालय में चपरासी के पद पर कार्यरत एक कर्मी वहां आया और विपिन कुमार के अनुसार शराब के नशे में उनसे अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। इस पर उन्होंनें मना किया लेकिन उक्त कर्मी ने उनपर शराब की कांच की बोतल से सिर पर वार कर दिया जिससे उनको काफी चोटें आईं। उक्त घटना के समय ड्राइवर सिनु पुत्र रक्षपाल ने उनको बचाने की कोशिश की। वह किसी प्रकार अपनी जान बचाकर भागे। उक्त कर्मी ने उनका दूर तक पीछा भी किया। इस घटना की सूचना विपिन कुमार ने पुलिस को दी है। समाचार लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई है।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर पहुंचे सीडीओ, बच्चों के संग मिड डे मील का चखा स्वाद, खाई तहरी

**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय के साथ विकास क्षेत्र लखीमपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर पहुंचेए जहां उन्होंने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था की पड़ताल करते हुए शैक्षणिक स्तर जाना। सीडीओ ने मिड डे मील के तहत परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता परखी। यही नहीं उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर तहरी का स्वाद चखा। सीडीओ ने निर्देश दिए कि विद्यालय में चल रहे इंटरलॉकिंग कार्य को गुणवत्ता के साथ ससमय से पूरा करे। विद्यालय में विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत महकमे के आला अफसरों को निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को भी निर्देश दिए कि विद्युत विभाग से समन्वय करते हुए विद्यालय में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने उपस्थित रजिस्टर एमडीएम की गुणवत्ता के साथ विद्यालय में मौजूद बच्चों से भी शिक्षा सम्बन्धित सवाल किए।

## मनाया गया भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस

**सीतापुर।** सीतापुर मुख्यालय स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सेवादल का विस्तार करते हुए 28 पदाधिकारियों को जिला मुख्य संगठक संजय सनी द्वारा मनोनयन पत्र दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने कहा की आज राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा एक विशाल समूह का रूप ले चुकी है। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विकलांग प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र के रूप में शॉल देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत दीक्षित, जिला प्रवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान, आमोद मिश्रा, ब्लाक अध्यक्ष महोली सुधीर पांडे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष भार्गव अखिल भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव भव्य चौहान , युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

संवाददाता। सीतापुर

**प्राथमिक शिक्षक** संघ ऐलिया इकाई अध्यक्ष अश्विनी सिंह ने अपने पिता स्वर्गीय अजय पाल सिंह की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को कंबल बांटे। उन्होंने 150 गरीबों, असहायों को कंबलों का वितरण किया। गांव रोजहा में मंगलवार रात कम्बल वितरण पूर्व प्रमुख सुरेंद्र विक्रम सिंह अपने भाई अजीत प्रताप सिंह भतीजे गोपाल सिंह के द्वारा कांबलो का वितरण कराया। इस मौके पर, सरवन कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह ,आलोक कुमार सिंह ,शिव कुमार सिंह, त्रिभुवन सिंह, सोनू सिंह ने श्याम नंदन राम लाल, गोविंद, सरजू, गोपी, ओंकार कल्लू, शिवनारायण, शंकर सुरेश, राजेश, प्रकाश, फैलू लालता, बड़कन, बालकली बाबूराम, सहित 150 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

## राधा कृष्ण मंदिर के सामने, कत्रित किए जा रहे कूड़े हो रही भक्तों को दिक्कत

**सीतापुर।** नगर सिधौली के सिद्धेश्वर मोहल्ले में मां भवानी एवं राधा कृष्ण मंदिर के सामने नगर पंचायत के द्वारा कूड़ा एकत्र किया जाता है। इससे मंदिर आने वाले भक्तों को दिक्कतें हो रही है। यही नहीं हर गली मोहल्ले की नालियां टूटी एवं जर्जर पड़ी है, जिससे गंदा पानी निकला करता है। शिव मंदिर के पास कुछ विशेष लोगों के द्वारा आरती के समय आग लगाकर धुआं किया जाता है, जिसमें आरती करते समय भक्त परेषान होते है। ऐसी ही अन्य कई समस्याओं को लेकर एसडीएम सिधौली राखी वर्मा को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार आरपी सिंह को हिन्दू युवा वाहिनी कार्यकर्ताओं ने सौंपा है। नेतृत्व निवर्तमान जिला मंत्री अतुल तिवारी ने किया। इस मौके पर हर्ष मिश्र, अरुण मिश्र, प्रांशु कुमार, टिंकल, सूरज गुप्ता, सरवन कुमार, विवेक यादव, सोनू तिवारी ,अमित शुक्ला, प्रशांत त्रिपाठी के साथ संगठन के कई कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## मधुमेह, कार्डियों वैस्कुलर व अन्य बीमारियों के लिए ड्रैगन फ्रूट बहुत फायदेमंदः जिला उद्यान अधिकारी

संवाददाता। सीतापुर

**मधुमेह,** कार्डियों वैस्कुलर और अन्य तनाव संबंधी बीमारियों से पीड़ितों के लिए ड्रैगन फरूट न कि प्राकृतिक उपचार है, बल्कि बहुत ही फायदेमंद है। यह जानकारी जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि ड्रैगन फरूट (कमलम) थाइलैंड, वियतनाम, इजरायल और श्रीलंका में लोकप्रिय है। यह विदेशी फल न ही सिर्फ किसानों की आमदनी को दोगुना करती है, बल्कि इसमें कई पोषक गुण भी हैं। आकर्षक दिखने के कारण इस फल की बाजार में काफी मांग हैं। भारत में इसकी खेती हाल ही में प्रचलित हुई है। इस फल का नाम ड्रैगन फरूट से बदल के गुजरात सरकार ने कमलम कर दिया है। उन्होंने सलाह दी कि किसान इसकी खेती आसानी से कर सकते है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि इस फल के पौधों को जून से अगस्त तक गर्म और आर्द्र वातावरण में प्रत्यारोपण कर सकते हैं। पौधे की अच्छी वृद्धि के लिए 15सेमी से 30सेमी के कटिंग्स का उपयोग करना उचित होगा। ड्रैगन फरूट में मई-जून माह में फूल आते हैं। अगस्त से दिसम्बर तक फल लगते हैं। मानसून में ड्रैगन फरूट तैयार होता है। मानसून के चार महीने में प्रत्येक 40दिनों के अंतराल पर फल पकते हैं। एक पौधे के सीजन में 200 से 400 रूपये प्रति किलो की कीमत मिल जाती है। इस फसल में केवल एक बार निवेश के बाद पारंपरिक खेती के मुकाबले लगभग 20-25 वर्षों तक इससे आमदनी हो सकती है जो शहरों की फल मंडी में आसानी से बिक जाता है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क, रेस कोर्स सर्किल, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुम्बई-400051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., ब्लॉक सी-1, 19वां तल, वर्ल्ड ट्रेड टावर, सेक्टर-16, नोएडा-201301

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथा कि उसके अतिरिक्त, यहां नीचे वर्णित उक्त कर्जदारों की सूचना के प्रयोजनार्थ, उक्त कर्जदारों को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LADEL00036157620/पुनीत ठाकुर/बी-27, आनंद विहार, दिल्ली-110092 | ब्रेजा/वीडीआई ओ/ डीएल8सीएआर7526 | 25-06-2022 रू. 1,48,288.7/- | 18-08 -20211 |
| 2. | LAFDB00037206750/तुलसी राम शुक्ला/मकान नंबर बी 323, डाबुआ कालोनी, फरीदाबाद-121001 | ईको/5 एसटीआर मय एसी + एचटीआर/ एचआर87ए6700 | 25-06-2022 रू. 1,69,627.6/- | 11-06 -2021 |
| 3. | LUXBA00041968598/सतबीर सिंह राठी पुत्र अमर सिंह मकान नंबर 155, सराय/औरंगाबाद 44/बहादुरगढ़ झज्जर हरियाणा, बहादुरगढ़-124507 | स्विट/एलएक्सआई/ एचआर13क्यू7134 | 25-06-2022 रू. 2,08,717/- | 13-07 -2021 |
| 4. | LUDEL00041507915/गजेन्द्र सिंह/ए2/538 मेन सुभाष कंसल मार्ग/हर्ष विहार मंडोली नॉर्थ ईस्ट/दिल्ली, दिल्ली-110093 | स्विट/वीएक्सआई/ डीएल5सीई8339 | 25-06-2022 रू. 3,17,497/- | 07-07 -2021 |
| 5. | LADEL00036500756/अमन कौशिक/सरोज बाला/ मकान नंबर 1/6599/गली नंबर 5 ईस्ट रोहतास नगर/शाहदरा, दिल्ली-110032 | ग्रैंड आई10/मैग्ना 1.2/ डीएल7सीएम9524 | 25-06-2022 रू. 1,72,075.3/- | 31-01 -2021 |
| 6. | LAFDB00038888509/संजीव कुमार/मकान नंबर 276 ग्राम/आंखिर तंवर मोहल्ला/बड़ी चौपाल, फरीदाबाद-121012 | स्विट/वीडीआई/ एचआर87सी2611 | 25-06-2022 रू. 2,85,625/- | 14-10 -2021 |
| 7. | LUGHZ00042757895/शिवानी कपूर/अंजू कपूर/प्लॉट नंबर 1सी 258, शालीमार गार्डन एक्स.-2/साहिबाबाद, गाजियाबाद-201005 | सिटी/वीएक्स/एचआर51ई0068 | 25-06-2022 रू. 5,61,433/- | 07-03 -2022 |
| 8. | LADEL00039376616/राजीव कुमार चौधरी/फ्लैट नंबर 1194, तृतीय तल, पाकेट-जीएच 1, सेक्टर-28, रोहिणी, दिल्ली-110042 | एक्सेंट/वीटीवीटी एस/ डीएल1जैडसी7104 | 25-06-2022 रू. 2,97,778/- | 28-08 -2021 |
| 9. | LADEL00037123350/अवधेश कुमार सक्सेना/क्वा. नंबर 230/04 एमई लाइन सीओडी दिल्ली कैंट, दिल्ली-110010 | वैगन आर 1.0/एलएक्सआई सीएनजी/ डीएल5सीपी6534 | 25-06-2022 रू. 1,54,109/- | 31-08 -2020 |
| 10. | LADEL00041174218/कृष्ण कुमार/पंडवाल खुर्द/नजफगढ़/साउथ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110043 | एक्सेंट/वीटीवीटी एसएक्स/ एचआर55एएच8170 | 25-06-2022 रू. 4,09,678/- | 09-10 -2021 |
| 11. | SPDEL00041546334/अमित कुमार द्विवेदी/1738 प्रथम तल, हवेली शेर सिंह बाजार/कोटला मुबारकपुर लोदी रोड/दिल्ली, दिल्ली-110003 | मारूति स्विट डिजायर वीएक्सआई (ओ)/थंडर बर्ड/डीएल2सीएडब्ल्यू8298 | 25-06-2022 रू. 4,32,433/- | 06-12 -2021 |
| 12. | LANOD00041229708/राजपाल सिंह/मकान नंबर 0बी-25, प्रथम तल, गली नंबर 2/ हिंडन विहार, सेक्टर-49, नोएडा-201301 | ऑल्टो/एलएक्सआई/ यूपी16सीएल4801 | 25-06-2022 रू. 2,37,718.3/- | 05-09 -2021 |
| 13. | LUDEL00036890060/प्रीति अग्रवाल/मकान नंबर बीएच-615 सी, ईस्ट शालीमार बाग/दिल्ली, दिल्ली-110088 | स्विट डिजायर/जैडडीआई डीएल6सीएम9214 | 25-06-2022 रू. 3,37,639/- | 31-01 -2021 |
| 14. | LADEL00037123779/कांति कुमार झा/ए-1/ 229, एफएफ ब्लॉक ए पाकेट-1, सेक्टर-17, रोहिणी, दिल्ली-110085 | डाटसन/रेडी गो-टी (ओ)/ डीएल8सीएटी6378 | 25-06-2022 रू. 1,32,996/- | 30-09 -2019 |
| 15. | LADEL00037303523/रवीन्द्र पाल/715 रजापुर/ गाजियाबाद-201001 | वैगन आर/एलएक्सआई सीएनजी/ यूपी14डीक्यू9902 | 25-06-2022 रू. 1,66,316/- | 31-07 -2021 |
| 16. | LADEL00037580247/यश पाल/मकान नंबर 158, गली नंबर 7, निकट शिव मंदिर/धीरपुर गांव, दिल्ली-110009 | वैगन आर/एलएक्सआई सीएनजी/ डीएल8सीएयू7008 | 25-06-2022 रू. 2,35,595/- | 14-06 -2021 |
| 17. | LADEL00037591573/जगदीश/मकान नंबर सी-25, सत्यवती कालोनी अशोक विहार फेज-3, नार्थ वेस्ट दिल्ली, अशोक विहार, दिल्ली-110052 | ईको/ग्रीन 5एस-एसी/ डीएल8सीएयू5325 | 25-06-2022 रू. 1,54,397/- | 31-01 -2021 |
| 18. | LAFDB00037653810/रिचा गर्ग/मकान नंबर 651, नंगला एन्क्लेव पार्ट-2, एनआईटी फरीदाबाद-121005 | वैगन आर/एलएक्सआई सीएनजी/ एचआर51बीटी1932 | 25-06-2022 रू. 1,95,896/- | 02-12 -2020 |
| 19. | LAGHZ00037649106/जितेन्द्र अरोड़ा/मीनू अरोड़ा/मकान नंबर 101/01, बालाजी एन्क्लेव/संगम विहार फ्रीहोल्ड, गाजियाबाद-201001 | केयूवी 100/के2 6 एसटीआर पेट्रोल/ यूपी14डीएस5491 | 25-06-2022 रू. 1,85,172/- | 31-01 -2021 |
| 20. | LADEL00037687533/राज कुमार/5/26 गली नंबर 5 लोनी रोड/शाहदरा जगजीवन नगर, शाहदरा, दिल्ली-110093 | आई10 ग्रैंड/स्पोर्ट्स डीजल/ डीएल5सीक्यू1041 | 25-06-2022 रू. 3,07,476/- | 14-06 -2021 |
| 21. | LADEL00041748673/समीद खान/फ्लैट नंबर 72, प्लॉट नंबर 111/सीजीएचएस आजाद/कोआपरेटिव आईपी एक्सटेंशन, दिल्ली-110092 | स्विट/वीएक्सआई एएमटी/ डीएल2सीबीबी5414 | 25-06-2022 रू. 4,95,039/- | 24-01 -2021 |
| 22. | LADEL00038950405/रूबी नाज/आरिफ खान/वी-197/1 गली नंबर 15 ए/निकट दुर्गा मेडिकल/स्टोर शिव साधना मंदिर विजय पार्क, दिल्ली-110053 | सीआईएजैड/डेल्टा/ डीएल2सीबीए0157 | 25-06-2022 रू. 6,00,378/- | 03-05 -2021 |
| 23. | LADEL00040954383/गिरीश कुमार/फ्लैट नंबर 101, मकान नंबर ए-1/82 जी/लोर गली 03/राजापुरी निकट सुनील डेरी उत्तम नगर, दिल्ली-110059, | डाटसन गो प्लस/रेडी गो-टी (ओ)/ डीएल9सीएएस4374 | 25-06-2022 रू. 3,03,650/- | 31-01 -2021 |
| 24. | LADEL00041449901/जोगिन्दर सिंह/मकान नंबर 1194 खसरा/नंबर 135/20 गली नंबर 33 बी ब्लॉक/संत नगर बुराड़ी, दिल्ली-110084 | स्विट डिजायर/टूअर/ एचआर55एएच3823 | 25-06-2022 रू. 1,86,615/- | 11-05 -2021 |
| 25. | LUFDB00041795002/साहिद मोहम्मद/श्याम कालोनी पार्ट-1, सेहतपुर, फरीदाबाद-121003 | स्विट/वीडीआई/ डीएल3सीबीसी9159 | 25-06-2022 रू. 1,75,288/- | 13-07 -2021 |
| 26. | LUGUR00041977176/संजय सिंह/जीएच-23, फ्लैट नंबर 104, प्राश सोसायटी सेक्टर-1, गुरूग्राम-122051 | पोलो/हाईलाइन 1.5एल (डी)/ पीबी09डब्ल्यू8815 | 25-06-2022 रू. 2,56,188/- | 06-09 -2021 |
| 27. | LUDEL00042142420/जावेद अखलाक/2724/एस/एफ पहाड़ी भोजला हिंदूवाड़ा/तुर्कमान गेट, दिल्ली-110006 | ईको/7 एसटीआर / डीएल6सीआर0403 | 25-06-2022 रू. 2,04,122/- | 11-03 -2021 |
| 28. | LAFDB00041752831/अमित कुमार/मकान नंबर 33, गली नंबर 1/निकट बोहरा पब्लिक स्कूल/भगत सिंह कालोनी, फरीदाबाद-121004 | बलेनो सिग्मा 1.2/ एचआर29एवी6286 | 25-06-2022 रू. 3,47,954/- | 29-03 -2021 |
| 29. | LAGHZ00037526179/सुनील कुमार/अनिल कुमार/387, गली नंबर 1, कैलाश नगर, गाजियाबाद-201001 | वैगन आर/वीएक्सआई एएमटी/ यूपी14डीआर3133 | 08-07-2022 रू. 3,11,614/- | 28-02 -2021 |
| 30. | LADEL00037265962/इमरान/मकान नंबर 259-260, ग्राम नांगलोई जाट/निकट नांगलाई रेलवे फाटक गली नंबर 3/पीएनबी एटीएम वाली गली, दिल्ली-110041 | विटरा ब्रेजा/वीडीआई/ डीएल4सीएवाई0397 | 26-07-2022 रू. 3,34,950/- | 31-08 -2021 |
| 31. | LUGHZ00035532028/राजेश कुमार गुप्ता/जी 799 न्याय खंड 3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201010 | स्विट डिजायर/वीडीआई/ डीएल3सीसीएफ1245 | 26-07-2022 रू. 1,98,449.3/- | 31-01 -2021 |
| 32. | LADEL00035847016/ओम प्रकाश पांडे/177 रनहोला एक्सटेंशन-1, नांगलोई वेस्ट, निकट मदर डेरी, दिल्ली-110041 | ऑल्टो 800/एलएक्सआई/ डीएल9सीएएन2491 | 26-07-2022 रू. 1,19,893.9/- | 13-01 -2022 |
| 33. | LAGHZ00038614369/साइमा मलिक/ महराउद्दीन /140, निकट मरकज मस्जिद कैला भट्टा, गाजियाबाद-201001 | टिगोर/1.2 रेवोट्रोन एक्सई/ यूपी14डीवाई7938 | 26-07-2022 रू. 2,90,852/- | 04-11 -2021 |
| 34. | LAGHZ00039463233/महबूब/196, कैला भट्टा, गाजियाबाद-201001 | वैगन आर 1.0/जैडएक्सआई 1.2एल/ यूपी14ईबी7636 | 26-07-2022 रू. 1,45,456/- | 31-12 -2020 |
| 35. | LADEL00041004242/शुवेन्दर लोहिया/6/121 झरेरा गांव मुरादाबाद/पहाड़ी, दिल्ली-110010 | वेर्ना/1.6 सीआरडीआई एसएक्स (ओ) एटी/एच26ईएच8824 | 04-08-2022 रू. 7,54,043/- | 30-06 -2021 |
| 36. | LAGUR00041257921/सुमन लता/1113, प्रथम, सेक्टर-10ए, गुरूग्राम-122001 | वेन्यू/1.2केएपीपीए/ एचआर26 ईएफ5309 | 04-08-2022 रू. 5,01,637/- | 08-02 -2022 |
| 37. | LADEL00042304507/प्रदीप कुमार कौशिक/मकान नंबर 2721/13, गली 13, रंजीत नगर/पटेल नगर, दिल्ली-110008 | फॉर्च्यूनर/3.0 4४2 एटी/ एचपी12एन0027 | 05-08-2022 रू. 30,08,683/- | 11-05 -2022 |
| 38. | LADEL00040503335/प्रदीप कुमार कौशिक/मकान नंबर 2721/13, गली 13, रंजीत नगर/पटेल नगर, दिल्ली-110008 | एर्टिगा/स्मार्ट हाईब्रिड वीएक्सआई/ डीएल9सीएएस2513 | 05-08-2022 रू. 8,67,853/- | 11-05 -2022 |
| 39. | LADEL00040686854/प्रदीप कुमार कौशिक/मकान नंबर 2721/13, गली 13, रंजीत नगर/पटेल नगर, दिल्ली-110008 | पोलो/हाईलाइन/ डीएल8सीएवाई 6663 | 05-08-2022 रू. 8,46,563/- | 11-05 -2022 |
| 40. | PSNP00036988162/कन्या कुमारी एंटरप्राइजेज /कन्या कुमारी एंटरप्राइजेज, डी-1362, नई सब्जी मंडी, आजादपुर, दिल्ली-110033 | आई20 एलीट/मैग्ना 1.2/ डीएल8सीएएल0959 | 04-11-2022 रू. 3,50,505/- | 31-03 -2020 |

उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के बाद वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 29 दिसम्बर, 2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# जिले की शान बना सरकारी विद्यालय पचासा व रेवतीपुरवा, बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक में हुआ चयन

- सप्ताह के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय चुने गए दो स्कूल, प्रधानाध्यापक की मेहनत रंग लाई

संवाददाता। लखीमपुर

**खीरी में** परिषदीय विद्यालय जिले की शान बनने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा चलाई अनूठी पहल बेस्ट स्कूल ऑफद वीक अब रंग लाने लगी है। वर्ष 2022 के अंतिम माह में दो सरकारी विद्यालय पचासा व रेवतीपुरवा का चयन हुआ है।

रमियाबेहड़ ब्लाक का संविलियन विद्यालय पचासा व प्राथमिक विद्यालय, रेवतीपुरवा, ब्लॉक बिजुआ बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए मजबूत नींव तैयार करने में लगा हुआ है। ग्रामीण परिवेश के इस विद्यालय के बच्चों को ऐसे संस्कार दिए जा रहे हैं जिससे वे जीवन की हर चुनौतियों का मुकाबला कर देश और समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। प्रधानाध्यापक के प्रयास से इस दोनो विद्यालय का कायाकल्प किया गया। इसी आधार पर विद्यालय को सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय चुना गया है।

बिजुवा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय, रेवतीपुरवा का नामांकन 201 तथा औसत उपस्तिथि 70.75 फीसदी के आस पास रहती है। विद्यालय का छोटा किन्तु हरा भरा प्रांगण, विधिवत चल रही कक्षाएं और एमडीएम कक्ष सभी कुछ आकर्षित करने वाला है। प्रधानाध्यापक ने आने के बाद विद्यालय के भौतिक परिवेश को बेहतर बनाने एवम प्रधान, ग्रामवासियों, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ मुलाकात कर सभी के सहयोग से बच्चों की उपस्तिथि बढ़ने हेतु प्रयास किया। जावेद की मेहनत के फलस्वरूप वर्तमान में विद्यालय का परिवेश पूरी तरह बदल चुका है। नियमित उपस्तिथि लगभग 70.75 फीसदी के साथ साथ बच्चों की शिक्षा का स्तर भी काफी अच्छा है। 'स्मार्ट क्लास' एक कक्षा कक्ष में स्मार्ट टेलीविज़न उपलब्ध है। विद्यालय शारदा नदी के किनारे स्थित होने के कारण यहां इंटरनेट के सिग्नल्स नही आते, इस बात का ध्यान रखते हुये प्रेरणा पोर्टलए दीक्षा से डाउनलोड करके पठन पाठन सामग्री पेन ड्राइव में उपलब्ध कराते हैं, जिससे शिक्षण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

एमडीएम शेड में भोजन के लिए सीमेंट की मेजें बच्चों की ऊँचाई को ध्यान में रखकर बनायीं है, जिन्हें भोजन के बाद रसोइये द्वारा साफ़ कर दिया जाता है, जो विद्यालय की उत्कृष्ट व्यवस्था दर्शाती है। विद्यालय में हरे रंग का बड़ा सा गेट लगा है, उसके पास ही एक सुंदर बेल लगी हैए जो विद्यालय में प्रवेश करते ही सकारात्मक प्रभाव डालती है। अंदर भी अनेक प्रकार के पौधे लगे हुए हैं, जो विद्यालय को आकर्षित बनाते हैं। इन्वर्टर की सुविधा से भी लैस है। प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में इन्वर्टर की व्यवस्था की है, जिसका कनेक्शन सभी कक्षा कक्षो तथा रसोई में भी है, इस प्रकार बच्चों तथा समस्त स्टाफके कार्य हेतु बेहतर माहौल हेतु उत्कृष्ट प्रयास किये गए हैं। विद्यालय में लेजिम, डम्बल, बैडमिंटन, फुटबॉल के साथ साथ अनेक पजल, 10 कैरम बोर्ड उपलब्ध है,जिसे अध्यापकों द्वारा बच्चों के स्तर और वय वर्ग को ध्यान में रखकर क्रय किया गया है। बच्चे लेज़िम और डम्बल का नियमित अभ्यास भी करते है। विद्यालय में गणित किट, अंग्रेज़ी किट के साथ साथ लेखन क्षमता विकसित करने हेतु उपयोगी सहायक सामग्री ली गयी है, जिसे नित्य बच्चों को दिया जाता है इस प्रकार बच्चे आनंद दायी परिवेश में सीखते हैं। प्रधानाध्यापक अपने अभिभावकों से नियमित संवाद करते हैं। ग्राम भ्रमण समय समय पर लोगों की सहायता करना और उनको विद्यालय में ससम्मान बुलाना। प्रत्येक शिक्षक और बच्चों द्वारा निर्मित विभिन्न वस्तुओं के लिए तथा अपनी पर्सनल वस्तुएं रखने हेतु प्रति कक्षा में अलमारी उपलब्ध हैए जिससे पठन पाठन में सहजता होती है।

## पेज एक का शेष

### मुठभेड़ में...

सूचना के बारे में एक अन्य सवाल के जवाब में, अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से सीमा पार किए जाने के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि ट्रक से संदिग्ध संचालन के बाद यह सेना और पुलिस का संयुक्त अभियान था। सिंह ने कहा, ट्रक के संदिग्ध प्रतीत होने पर उसका पीछा किया गया और सिधरा नाके के पास रोका गया। तभी उसका चालक शौच जाने के बहाने भाग निकला। सिंह ने बताया कि पुलिस ट्रक की तलाशी शुरू कर ही रही थी, तभी अंदर छिपे आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी। जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। भूसी से लदे ट्रक से धुआं निकलता देखा गया, जो मुठभेड़ में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस बीच, छह घंटे से अधिक समय तक बंद रहने के बाद सिधरा बाईपास मार्ग पर यातायात बहाल कर दिया गया।

### यमुना एक्सप्रेसवे...

किया तो आरोपी उसको खींच कर झाड़ियों में ले गए और वहां पर करीब तीन घंटे तक गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। उसके बाद आरोपी पीड़िता को बदहवास हालत में एक टैम्पो में बैठा कर मौके से भाग गए। बताया जा रहा है कि टैम्पो चालक ने उसकी मदद की है।

### उप्र के...

को आयोग में शामिल किया गया है। आयोग निकाय चुनाव में ओबीसी वर्ग को आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। उस रिपोर्ट के आधार पर ही सरकार निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण निर्धारित करेगी। मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने ओबीसी आरक्षण लागू किये बिना ही यूपी में चुनाव कराने के निर्देश सरकार को दिये थे, वहीं सरकार की ओर से स्पष्ट कहा गया था कि बिना पिछड़ा वर्ग आरक्षण के उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव संपन्न नहीं कराए जाएंगे। सरकार की ओर से इसे लेकर उच्चतम न्यायालय जाने की बात भी कही गयी थी। वहीं अब प्रदेश सरकार ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के मद्देनजर पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर दिया गया है। हाईकोर्ट से पिछड़ा वर्ग आरक्षण के बिना चुनाव कराने के आदेश के बाद विपक्षी दल कांग्रेस, सपा और बसपा ने बीजेपी को निशाने पर ले लिया था जबकि उनके शासनकाल में भी पिछड़ा वर्ग के रैपिड सर्वे के आधार पर ही निकाय चुनाव संपन्न होते आए हैं। वहीं प्रदेश सरकार की ओर से अब पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन करने के साथ ही ओबीसी आरक्षण को लेकर प्रदेश में शुरू हुआ सियासी घमासान थम सकता है।

### कांग्रेस का...

प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। भारत यात्री वैभव वालिया ने सोहना में पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। कांग्रेस का आरोप है कि कंटेनर में घुसने वाले लोग गुप्तचर विभाग के अधिकारी थे और यह सब केंद्र सरकार के इशारे पर हुआ है। वालिया ने दावा किया, दिल्ली पहुंचने पर यात्रा और राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक हुई। पहले रस्सी से घेरा बनाने की व्यवस्था होती थी। दिल्ली में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी। भारत यात्रियों ने राहुल के चारों ओर घेरा बनाया। बाद में पुलिस को जब कहा गया तो उन्होंने रस्सी मंगाकर घेरा बनाने की व्यवस्था की। उन्होंने कहा, हम सभी भारत यात्री सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं। कन्याकुमारी से सात सितंबर को शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा अब तक तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा से गुजर चुकी है और फिलहाल दिल्ली में विश्राम के दौर में है। जनवरी के शुरू में यात्रा के उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब होते हुए जम्मू-कश्मीर जाने का कार्यक्रम है।

### मेरी दादी...

सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की। उनसे सवाल किया कि क्या वह लगातार टी-शर्ट ही पहने रहेंगे तो राहुल गांधी ने कहा कि टी-शर्ट ही चल रही है। जब नहीं काम करेगी, तब देखेंगे।

# ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौत



संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**मौदहा कस्बे** के नजदीक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई और ट्रक ड्राईवर ट्रक में कुछ दूरी पर घसीटता हुआ ले गया, राहगीरों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है जबकि ट्रक ड्राईवर मौके से फरार हो गया है। बुधवार की शाम महोबा निवासी राजेश (25) पुत्र मूलचंद्र अपनी बाइक से हमीरपुर से अपने घर जा रहा था तभी मौदहा के निरंकारी पेट्रोल पंप के पास तेज गति से आ रहे ट्रक ने सामने से टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। उसे कुचल दिया और मौक से भाग गया लेकिन बाइक ट्रक में ही फस गई तो राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना के बाद मौक पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया लेकिन ड्राईवर फरार हो गया है, पुलिस ने मृतक शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी हेमंत मिश्रा ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है ड्राईवर की तलाश जारी है मृतक के परिजनो को सूचित कर दिया गया है जांच उपरांत उचित कार्यवाही की जायेगी।

## पशु व्यापारी का शव नाले से बरामद,हत्या की आशंका

**राठ( हमीरपुर )।** कस्बे बड़े पीर साहब दरगाह मार्ग स्थित मोक्ष धाम के पशु व्यापारी का शव नाले में पड़ा मिलने पर सनसनी फैल गई। हत्या की आशंका जतायी जा रही है। बुधवार की दोपहर दीवानपुरा मोहल्ला बड़े पीर साहब दरगाह मार्ग स्थित मोक्ष धाम के नाले में एक युवक का शव पड़ा मिला। युवक की शिनाख्त कस्बे के कांशीराम कालोनी निवासी 42 वर्षीय नत्थू पुत्र सकूर के रूप में हुई। मृतक के बड़े भाई शाहरूख ने पुलिस को बताया कि उसके पिता पशुओं की खरीदारी करते थे। मंगलवार की रात करीब नौ बजे उसके पिता घर से निकले थे। देर रात उसके पिता घर नहीं लौटे तो खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। बताया कि मंगलवार की दोपहर जानकारी हुई कि एक नाले में शव मिला है। जब जाकर देखा तो उसके पिता का शव निकला। आरोप लगाया कि उसके पिता की हत्या की गई है। मृतक अपने पीछे तीन पुत्र शाहरुख, सौरभ, सोहिल और एक पुत्री सिमरन छोड़ गया है। पति की मौत पर मां नगीना का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल तारा सिंह पटेल ने बताया कि अभी किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने पर मामले की जांच की जाएगी।

## वित्तविहीन शिक्षको के सेवा सुरक्षा के लिये किया जायेगा बहुत बड़ा आन्दोलन

**हमीरपुर।** आज शिक्षक विधायक सुरेश त्रिपाठी ने जिले के करीब डेढ़ दर्जन कालेजों व वित्तविहीन विद्यालयों का चुनावी भ्रमण किया, कहा कि वित्त विहीन विद्यालयो के शिक्षकों के सेवा सुरक्षा की लड़ाई जारी रहेगी,यदि उन्हे चौथी मर्तवा शिक्षकों ने सदन तक भिजवाया तो वित्तविहीन शिक्षकों के लिये बहुत बड़ा आन्दोलन किया जायेगा। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ(शर्मा गुट) के शिक्षक विधायक सुरेश त्रिपाठी ने मौदहा व सुमेरपुर क्षेत्र के करीब डेढ़ दर्जन कालेजो का निरीक्षण किया,मौदहा के गांधी इंटर कालेज में शिक्षकों को संबोधित करते हुये कहा कि शिक्षको के हक के लिये लड़ाई अनवरत जारी रहेगी।

# सीडीओ की अध्यक्षता में विद्यालय कायाकल्प के संबंध में बैठक आयोजित



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**मुख्य विकास** अधिकारी श्रीमती अरुन्मौली की अध्यक्षता में आज सायं 5:00 बजे विद्यालय कायाकल्प के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।,मुख्य विकास अधिकार ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विद्यालय में बालक-बालिका.शौचालय- मूत्रालय एव नल जल की आपूर्ति नहीं है उन विद्यालयों में प्राथमिकता पर कार्य करायें तथा अन्य विद्यालय जिनमें 19 पैरामीटर पूर्ण नहीं है उन्हें पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, एस आर जी एवं ए आर पी उपस्थित रहे।

वही मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आज सायं 3. 00 बजे 5000 से अधिक जनसंख्या वाले 35 राजस्व ग्रामों में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन;(एसएलडब्लूएम) के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला पंचायत राज अधिकारी,नोडल अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी.पंचायत, तकनीकी अभियंता एवं संबंधित ग्राम सचिव उपस्थित रहे।उक्त ग्रामों के वित्तीय-भौतिक कार्यो के प्रगति की समीक्षा की गयी तथा प्रत्येक विकास खण्ड से 1 ग्राम पंचायत ;विकासखंड बढ़पुर की ग्राम पंचायत पपियापुर,विकासखंड कायमगंज ग्राम पंचायत रायपुर खास, विकासखंड कमालगंज ग्राम पंचायत राजेपुर सरायमैदा, विकासखंड मोहम्मदाबाद ग्राम पंचायत बरहाकेशव, विकासखंड नवाबगंज ग्राम पंचायत कुरार, विकासखंड राजेपुर ग्राम पंचायत पिथनापुर, विकासखंड शमशाबाद ग्राम पंचायत चिल्सरा का प्रस्तुतिकरण संबंधित सचिव द्वारा पीपीटी के माध्यम से किया गया। प्रत्येक नोडल अधिकारी को 2 राजस्व ग्राम आवण्टित हैं।

# घर से भागी किशोरी ने किया फोन, मां बचा लो श्यामू रोज पीटता है

**फर्रुखाबाद** । थाना मेरापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पड़ोसी जनपद एटा कोतवाली नयागांव क्षेत्र के कस्बा सराय अगहत निवासी श्यामू राजपूत पुत्र सुरेंद्र सिंह राजपूत व उसके एक अज्ञात साथी के विरुद्ध नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने एवं एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। किशोरी ने फोन कर माँ से कहा मां मुझे बचा लो.श्यामू रोज पीटता है।आरोप है कि उपरोक्त आरोपित श्यामू व उसका एक अज्ञात साथी 26 दिसम्बर 2022 की सुबह 5:00 बजे पीड़ित के घर से उसकी नाबालिग पुत्री को बहला.फुसलाकर भगा ले गया । पीडित की पुत्री ने 27 दिसम्बर 2022 को अपने घर पर फोन किया और अपनी मां को बताया कि श्यामू मुझे मारता रोज पीटता है मुझे बचा लो। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर उपरोक्त आरोपितों के विरुद्ध बहला.फुसलाकर भगा ले जाने एवं एस टी एस टी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच कायमगंज सीओ सोहराब आलम को सौंपी गई है।

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में किसी व्यक्ति द्वारा धनराशि मांगे जाने पर दिए गए नंबरों पर करें शिकायत

**कानपुर देहात** । सर्वसाधारण को पीओ डूडा हर्ष अरविंद ने सूचित किया है कि जिला नगरीय विकास अभिकरण कानपुर देहात द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण का संचालन जनपद कानपुर देहात की समस्त नगरीय निकायों में किया जा रहा है। जिसमें पात्र लाभार्थी को तीन किश्तों में रू0 250 लाख अनुदान के रूप में आवास निर्माण हेतु धनराशि सीधे लाभार्थी के खाते में प्रेषित की जाती है। प्रधानमंत्री योजना शहरी भारत सरकार की एक निःशुल्क योजना है किसी व्यक्ति को कोई धनराशि नहीं देय है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा लाभार्थी से सीधे अथवा दूरभाष के माध्यम से धनराशि की मांग की जाती है तो कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण प्रथम तल कलेक्ट्रेट परिसर माती कानपुर देहात में शिकायत दर्ज कराये अथवा किसी भी प्रकार की योजना से सम्बन्धित जानकारी परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण कानपुर देहात के मोबाइल नंबर 8573002288 एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी हेतु नियुक्त म्यूनिसिपल/ सिविल अभियन्ता के मोबाइल नम्बर 8573000416 पर सम्पर्क करें।

### शिविर में पेंशन योजनाओं की ऑनलाइन कराये जाने की हुई कार्यवाही

**कानपुर देहात।** शासन की मंशानुरूप व जिलाधिकारी महोदया के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सोशल सेक्टर द्वारा संचालित वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, दिव्यांगजन पेंशन योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं के अवशेष पात्र व्यक्तियों को योजना से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से दर्शन सिंह स्मृति महाविद्यालय कंचौसी बाजार में आज दिनांक 28 दिसम्बर 2022 को शिविर का आयोजन श्रीमती नीरजरानी, मा0अध्यक्ष जिला पंचायत व श्री राजेन्द्र सिंह(राजू) प्रतिनिधि मा0सांसद अकबरपुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन के 40 आवेदन पत्र, निराश्रित महिला पेंशन के 04 आवेदन पत्र एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में 01 आवेदन पत्र ऑनलाइन कराये जाने की कार्यवाही की गयी। चिकित्सा प्रमाण पत्र हेतु कुल 05 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, 11 आवेदन पत्र आय प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने सम्बन्धी प्राप्त हुए। शिविर में जिला समाज कल्याण अधिकारी, नायब तहसीलदार डेरापुर, जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी व जिला पिछ?ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों व चिकित्सा विभाग से डा0एन0के0 बाजपेयी, डा0अमित सक्सेना, डा0अनुज शुक्ला व श्री विजय कुमार मिश्रा एवं क्षेत्रीय लेखपाल व प्रभारी ए0डी0ओ(समाज कल्याण) उपस्थित रहे।

### वायरल वीडियो के मामले में पुलिस ने की कार्यवाही

**कोंच(जालौन)।** मंगलवार की देर शाम सोशल साइट्स पर वायरल किये गये मारपीट के एक मामले को संज्ञान लेकर पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफशांतिभंग की कार्यवाही कर दी है। कोतवाली की सुरई चौकी प्रभारी शिवशंकर ने सूरज बेलदार पुत्र भईयू व चंद्रशेखर ढीमर पुत्र स्व लल्लू निवासीगण मुहल्ला गांधीनगर को 107/116 में निरुद्ध कर शांति भंग की कार्यवाही कर दी। गौरतलब हो कि मंगलवार की देर शाम उक्त दोनों पक्षों के बीच शराब के नशे में धुत्त होकर गाली गलौज कर मारपीट करने का एक वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ था।

### कार्यस्थल विविधता पर फोकस

लखनऊ। इंटरनेशनल डिजिटल सॉल्यूशंस टेलस इंटरनेशनल का प्रौद्योगिकी प्रभाग एक सुरक्षित संलग्न, समावेशी और न्यायसंगत कार्यस्थल के लिए प्रतिबद्ध है जहाँ टीम के सभी सदस्यए चाहे उनका लिंग, जाति, धर्म, जातीयता, राष्ट्रीय मूल, आयु, यौन अभिविन्यास या पहचान कुछ भी हो, परिवार या वैवाहिक स्थिति, शिक्षा या विकलांगता, या अन्य विशेषताएँ जो हमारी टीम के सदस्यों को विशिष्ट बनाती हैं, उनके प्रामाणिक स्वयं के लिए मूल्यवान हैं। एक मजबूत विविधता और समावेशन नीति द्वारा निर्देशितए टेलस इंटरनेशनल डिजिटल सॉल्यूशंस यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि कार्यबल की विविधता संगठन के प्रत्येक स्तर और प्रत्येक व्यावसायिक यूनिट में दिखाई दे। टेलस इंटरनेशनल अपने मूल्यों, व्यावसायिक प्रथाओं और उद्देश्यों के अनुरूप विविध और समावेशी कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित टीम के सदस्य संसाधन समूहों और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहलुओं को भी प्रायोजित करता है।

# समाजसेवी ने बांटे कम्बल



**चित्रकूट।** युग पुरुष/भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर मनाये जा रहे सुशासन सप्ताह के तहत नरसेवा नारायण सेवा की मूल धारणा को लेकर समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने गरीबों के बीच भारी तादाद में कम्बल बांटे। बुधवार को बस स्टैण्ड स्थित अपने प्रतिष्ठान में समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने 151 गरीबों के बीच कम्बल बांटे। सांसद आरके सिंह पटेल व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे तथा जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि अटल जी राजनेता और राष्ट्रभक्त थे। जिन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में कल्याणकारी योजनायें लागू कर देश को ऊंचाइयों तक ले गये थे। उनका शासनकाल सुशासन के रुप में माना गया। सुशासन सप्ताह के तहत समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने गरीबों को कम्बल बांटकर सराहनीय सेवा कार्य किया है। अटल जी के मिशन को मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा करने में जुटे हैं। गांव से लेकर शहर तक विकास कार्य हो रहे हैं। हर वर्ग का मान-सम्मान है। गरीबों के कल्याण को तमाम योजनायें चलाई जा रही हैं। गरीबों के कल्याण को रामबाबू जैसे कार्य के लिए और भी लोगों को आगे आना चाहिए। इस मौके पर भाजपा नेता मुन्ना करवरिया, पंकज अग्रवाल, श्याम गुप्ता आदि ने भी गरीब निराश्रितों को कम्बल बांटे। कम्बल बांटने में आशीष, अतुल, साहिल, मूबीन का भी सहयोग रहा।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का गरीबों तक पहुंचे लाभः सांसद

संवाददाता। चित्रकूट



**सांसद आरके** सिंह पटेल की अध्यक्षता व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी की मौजूदगी में जिला विकास एवं निगरानी समिति, दिशा की बैठक में सांसद ने कहा कि एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खण्ड सत्येन्द्र नाथ बुन्देलखण्ड विकास निधि की सडकों के निर्माण बाबत प्रस्ताव दें। जो प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों ने दिये थे उनमें कहां केन्द्र व राज्य निधि से अन्य राज्यों की सीमा से जोडने को शासन से धनराशि जारी की जाती है। खोही से बालापुर माफी, भगनपुर से सेमरिया जगन्नाथवासी की सडक का चौडीकरण का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाये। बुधवार को कलेक्टेऊ्ट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो प्रस्ताव सांसद, विधायकों ने दिये हैं। प्राथमिकता के आधार पर सडकों का निर्माण किया जाये। विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि लोनिवि की जिन सडकों का निर्माण हुआ है, वे बेहद गुणवत्ताविहीन हैं, कमेटी बनाकर जांच कराई जाये। वन विभाग के कार्यों के बरती अनियमितता की जांच का क्या हुआ। सांसद ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाषचन्द्र से कहा कि गौशाला संचालन का भरण-पोषण का भुगतान तत्काल करायें। ट्राफिक चौराहा के विकास के साथ अन्य चौराहों को भी विकसित किया जाये। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के आत्मनिर्भर बनाने के कार्य मजबूती से किये जायें। पेंशन योजनाओं के आवेदनों का लाभ दिलाया जाये। प्रधानमंत्री शहरी आवास की दूसरी, तीसरी किस्त लाभार्थियों को जारी की जाये। इन्दिरा आवास के अधूरे पडे कार्य जल्द पूरे किये जायें। एक्सईएन विद्युत आरएस वर्मा को निर्देश दिये कि ग्राम ज्योति योजना व सौभाग्य योजना के लाभार्थियों के कनेक्शन में विद्युत बिल बहुत आ रहा है, इसका निस्तारण करायें। सांसद ने कहा कि किसानों की फसलों की क्षति का लाभ बीमा कम्पनी से दिलाया जाये। सीएमओ से कहा कि दो सौ सैया अस्पताल खोह का संचालन कराने को शासन से स्टाफ की मांग को पत्र भेजा जाये। बीएसए लवप्रकाश यादव से कहा कि यूनीफार्म बैग, जूता, मोजा के लिए अभिभावकों के खाते में धनराशि भेजी जाये। गांव के गरीब तबके के अन्तिम पायदान पर खडे व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाकर पं दीनदयाल के सपनों को पूरा किया जाये।

# सरकार की तानाशाही का कांग्रेसी करें विरोधः त्रियुगीनारायण शुक्ला

संवाददाता। चित्रकूट



**कांग्रेस जिला** कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर हुई गोष्ठी में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता त्रियुगीनारायण शुक्ला, गज्जू प्रसाद फौजी, रमादत्त मिश्रा को माला पहनाकर स्वागत किया गया। देश को आजाद कराने में कांग्रेस ने अहम भूमिका निभाई है।

बुधवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में हुई गोष्ठी में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि अंग्रेजों को देश से बाहर भगाने में तमाम नौजवानों ने प्राणों की आहुति दी है। सभी कांग्रेसी एकजुट होकर कांग्रेस की नीतियों का प्रचार-प्रसार कर, झूंठ की राजनीति का पर्दाफाश करें। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता/ अधिवक्ता त्रियुगीनारायण शुक्ला ने कहा कि देश में जिस ढंग से लोकतंत्र को कुचलने के प्रयास हो रहे हैं, सभी लोग सरकार की तानाशाही नीतियों का विरोध करें। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने वरिष्ठ कांग्रेसियों के प्रति आभार जताते हुए कांग्रेसियों का आवाहन किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोडो यात्रा की अगुवाई कर रहे हैं। ये यात्रा तीन जनवरी को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में प्रवेश कर रही है। जिले से एक सैकडा यात्री भारत जोडो यात्रा में शामिल होंगे। स्थापना दिवस पर कांग्रेसियों ने एकजुट होकर तानाशाह सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने की बात कही। बैठक में पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पाण्डेय, अवधेश करवरिया, शिवगुलाम वर्मा, चुनबाद प्रसाद, कालीचरण राजपूत, विजयमणि त्रिपाठी, अरुण गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, मानवेन्द्र पटेल, गोष्ठी का संचालन जमुना प्रसाद शुक्ला ने किया।

# डीएम ने विटामिन ए की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ, बच्चों का कराया गया अन्नप्राशन

संवाददाता। कानपुर देहात

**बाल विकास** परियोजना एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीआरसी अकबरपुर के आँगनबाड़ी केन्द्र गाँधीनगर प्रथम एवं द्वितीय पर जिलाधिकारी नेहा जैन, कानपुर देहात के द्वारा विटामिन ए की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। विटामिन ए की खुराक जनपद के समस्त 09 माह से -05 वर्ष के बच्चों को पिलाई जानी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अधिकारी को बताया गया कि

जनपद में 181152 बच्चों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम दिनांक 28. 12. 2022 से दिनांक 27.01.2023 तक नियमित टीकाकरण सत्रों पर चलाया जायेगा। सभी सम्मानित जनता से अपील है कि नियमित टीकाकरण सत्रों पर आशा एवं ए0एन0एम0 से सम्पर्क कर 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलवाकर अपने बच्चे को प्रतिरक्षित अवश्य कराये। इस अवसर पर जिलाधिकारी कानपुर देहात के द्वारा केन्द्र पर 02 बच्चों रोहित व अनाविया को अन्नप्रासन तथा 02 गर्भवती महिलाओं श्रीमती स्वाती एवं श्रीमती राधा देवी की गोद भराई भी की गयी। इस अक्सर पर मुख्य चिकित्साधिकारी एके सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार यादव, एमओआईसी अकबरपुर, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित सम्बन्धित केन्द्र की आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों उपस्थित रही।

## चीन सीमा पर तैनात लेफ्टिनेंट को घर बनाने में आ रहीं दिक्कतें

**चित्रकूट।** पहाडी थाना क्षेत्र के निवासी एवं चीन की सीमा पर तैनात लेफ्टिनेंट अपने सेवानिवृत्त सैनिक पिता के साथ घर बनवाने को भटक रहा है। आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों की चौखट पर गुहार लगाने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही। पिता गम्भीर बीमारी से ग्रसित हैं। फोन करने पर अधिकारी कोई जवाब तक नहीं देते।ये मामला है पहाडी थाना क्षेत्र के लोहदा गांव का। बताया गया कि सेवानिवृत्त कैप्टन श्यामदीन सिंह के पुत्र लेफ्टिनेंट सौरभ कुमार सिंह इन दिनों चीन सीमा पर तैनात हैं। पडोसी मकान बनाने में आये दिन अडंगा लगा रहे हैं। घर के रास्ते पर अवैध ढंग से निर्माण कर लिया है। घर की दीवार पर खिडकी भी नहीं बनाने दे रहे। विरोध पर परिजनों को असलहे दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हैं। पिता कैंसर से पीडित हैं, उनका इलाज चल रहा है। लेफ्टिनेंट ने आरोप लगाया कि परिजन कई बार राजापुर तहसील दिवस में न्याय की गुहार लगा चुके हैं, कोई सुनवाई नहीं हो रही। अधिकारी उनसे मिलने में भी आना-कानी कर रहे हैं। फोन पर सही जवाब नहीं दिया जाता। वह मानसिक रुप से खासे परेशान हैं। इस बाबत राजापुर एसडीएम प्रमोद कुमार झां ने बताया कि सैनिक के परिजनों के आरोप गलत हैं। भूमि पर कुछ अदालती प्रक्रिया चल रही है। उनके फोन का जवाब भी दिया गया है।

# विकास प्राधिकरण की 63वीं बोर्ड बैठक में बिंदुवार एजेंडा प्रस्तुत किया

संवाददाता। बांदा



**आयुक्त अध्यक्ष** बांदा विकास प्राधिकरण आरपीसिंह की अध्यक्षता में मयूर भवन सभागार में बांदा विकास प्राधिकरण की 63वीं बोर्ड बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बांदा विकास प्राधिकरण के सचिव द्वारा बिन्दुवार एजेण्डा प्रस्तुत किया गया। बैठक में आयुक्त ने विकास प्राधिकरण की आय को बढाने हेतु प्राधिकरण के कार्यों में तेजी लाये जाने के साथ काम्पलेक्स भवनों के नक्सा स्वीकृति की कार्यवाही निर्धारित समय 30 दिनों के अन्तर्गत किये जाने के निर्देश दिये।उन्होंने नक्शा स्वीकृति के प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा भी किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बिना ले आउट स्वीकृत कराये तथा अवैध रूप से प्लाटिंग एवं कालोनी विकसित करने पर कडी निगरानी रखने के साथ कार्यवाही किये जाने निर्देश सचिव बांदा विकास प्राधिकरण को दिये। उन्होंने सरकारी भूमि एवं प्राधिकरण तथा अन्य भूमि को सम्मिलित करते हुए विकास प्राधिकरण का लैण्ड बैंक बनाये जाने के सम्बन्ध में भी निर्देश दिये। उन्होंने नरैनी रोड एवं प्राधिकरण की सीमा पर प्राधिकरण की भूमि से सम्बन्धित साइनेज बोर्ड लगाये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने बांदा विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाने तथा अभी तक किये गये प्रवर्तन कार्यवाही की रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये।आयुक्त श्री सिंह ने मास्टर प्लान.2031 प्रारूप पर गठित समिति की संस्तुतियों एवं प्राप्त आपत्तियों के प्रकरणों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित कर प्रस्तावों को स्वीकृति कराकर अग्रिम कार्यवाही शासन स्तर से कराये जाने के निर्देश दिये। सरदार बल्लभ भाई पटेल नवाब टैंक पार्क में रख.रखाव एवं समुचित व्यवस्था हेतु दो सुरक्षा गार्ड एवं दो माली तथा सफाई कर्मी की व्यवस्था कराये जाने तथा कूडे के निस्तारण हेतु कन्टेनर लगाये जाने तथा पार्क के बाहर इण्टरलाकिंग कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पं0दीनदयाल पुरम आवासीय योजना एवं तुलसी नगर आवासीय योजना में विकास के कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। इन्दिरा नगर पार्क को विकसित कराये जाने के सम्बन्ध में जल निगम के अधिकारी को निर्देश दिये तथा दीनदयाल पुरम की सड़कों की गुणवत्ता को चेक कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्राधिकरण क्षेत्र के पार्कों को व्यवसायिक संस्थानों प्रतिष्ठानों एवं अन्य संस्थाओं के द्वारा गोद लेकर विकसित कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी उपाध्यक्ष बांदा विकास प्राधिकरण श्रीमती दीपा रंजनए सचिव बांदा विकास प्राधिकरण सिटी मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार वर्मा मुख्य कोषाधिकारी श्री दिनेश बाबू श्री एन0के0पुष्कर्णा नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग झांसी सुधांशु तिवारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उद्योग अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं जल निगम आवास विकास परिषद सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जरूरतमंदों को ढूंढ-ढूंढकर एसडीएम ने ओढ़ाए कम्बल

संवाददाता। कालपी (जालौन)



**आपको बताते** चलें कि अभी कुछ ही दिन पूर्व मानव कल्याण समाज सेवी संस्था ने नगर पालिका परिषद कालपी के उम्मीदवारों से अपील की थी कि जरुरत मंदो को कम्बल, ऊनी वस्त्रों का वितरण कराएं और कोरोना के प्रभाव को देखते हुए मास्क एवं सैनेटाइजर वितरित कराएं तो आम जन का हित होगा। हालांकि निकाय चुनाव का मामला कोर्ट और सरकार के बीच फंस जाने के चलते अधिकांश उम्मीदवार तो एक बार पुन: गुमनामी की जिंदगी जीने चले गए और जो है भी तो अलाव के सहारे गप्प शडाके तक ही सिमटे दिखाई दे रहे हैं मगर प्रशासन द्वारा की गई सार्थक और सरहानीय पहल ने बताने का प्रयास किया है कि मानवता आज भी जिंदा है का एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है। वैसे तो किसी ने सच ही कहा है कि पढ़ा लिखा युवा ही समाज को नई दिशा देने में सहायक होता है। आज चाहे जिलाधिकारी चांदनी सिंह की बात करे या फिर आम जनमानस की वास्तविक समस्या को स्वयं की समस्या समझकर उसे हल कराने का जज्बा रखने वाले कालपी उप जिलाधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार हो इन अधिकारीयों ने एक के बाद एक जनहित में जो फैसले लिए लोग इन अधिकारियों की तारीफ करते नहीं थकते। आपको बता दे कि सोशल मीडिया हो या फिर किसी अखबार या टी वी चौनल के माध्यम से मिलने वाली खबर पर प्रमुखता से संज्ञान लेने वाले उप जिलाधिकारी कालपी ने जब अलाव जलने पर अनियमितताओं को लेकर उठे सवालों पर गौर किया तो उन्होने बीती देर शाम से देर रात तक शहर की गलियों गालियों में ठिठुरन भरी सर्दी में जरुरत मंदो को ढूंढा और जो मिला तो उसे कंबल देकर उनका आशीर्वाद पाया किसी ने यह भी सच ही कहा है कि किसी-किसी चेहरे की बात होती है और फिर वाणी में सौम्यता, स्वभाव सरल हो तो फिर तो फिर चार चांद लग जाते हैं लोग बताते हैं कि यह सब कालपी एसडीएम में है। बूढ़ों को अम्मा कहकर संबोधन कर देना जरूरतमंदों और फरियादियों को आफिस में भी अपने सामने पड़ी कुर्सियों में बिठाकर आराम से बात करने को निपुण कला वो पंक्तियां याद दिला देती हैं कि तेरे चेहरे में वो जादू है कि हर कोई खींचा चला आता है.........। आपको बता दें अलाव जलाने में अनियमितताओं को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने नगर पालिका प्रशासन को तलब किया फिर स्वयं उनके साथ शहर की अधिकांश गलियों में जिसमें रेलवे स्टेशन, मां बनखंडी देवी, अस्पताल गेट, दुर्गामंदिर चौराहा, खानकाह शरीफ, बड़ा बाजार , काली देवी मंदिर आदि अधिकांश उन जगहों पर वास्तविक हकीकत को परखा कुछ जगह अलाव जलते मिले और कुछ जगहों पर अलाव लगवाने की बात कही और स्वयं जहां जहां भी जो जरूरत मंद लोग मिले उन्हें कम्बल देकर उनका कुशलक्षेम पूछा। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कालपी अभिषेक कुमार के साथ अधिशाषी अधिकारी नपा वेदप्रकाश यादव, लेखाकार हरभूषण सिंह समेत और भी पालिका कर्मी मौजूद रहे।


# एफजीके इलेविन ने प्रेम एकेडमी को 51 रनो से हराया



**घाटमपुर।** बुद्यवार को नगर के मूसानगर रोड पर स्थित कैप्टन सुखवासी सिंह स्मारक जनता महाविद्यालय के ग्राउंड में आयोजित शोभिटाल कप टूनामेंट में आज चौथे दिन एफजीके ने प्रेम एकेडमी को 51 रनो से हरा दिया था। टास जीत कर एफजीके इलेविन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17 ओवरों मे 6 बिकेट खोकर 171 रन बनाये,जिसमें हर्षित 56, मुजम्मिल 39 और आयुष ने 29 रन बनाये, प्रेम एकेडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमित राज ने दो बिकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रेम एकेडमी 16 ओवर में ही सभी विकेअ खोकर 120 रन ही बना सके इसमें अमित राज 35 व रोहित ने 29 रन बाये, हर्षित को मैन आफ द मैच घोषित किया गया, एफजीके इलेविन की ओर से आदित्य और राज कटियार सफल गेंदबाज रहे दोनों ने तीन-तीन बिकेट लिये, इसके पहले आयोजक सचिव भूप किशोर विश्वकर्मा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय कराया।

# चीन पासपोर्ट और वीजा जारी करना फिर शुरू करेगा

एपी। बीजिंग



**चीन की** सरकार ने कहा है कि वह पर्यटन के लिए पासपोर्ट जारी करना फिर शुरू करेगी। देश ने कोरोना वायरस को नियंत्रित करने के लिए करीब तीन साल तक खुद को अलग थलग किया हुआ था। सरकार के इस कदम के बाद संभावना जताई जा रही है कि अगले महीने चंद्र नव वर्ष के मौके पर बड़ी संख्या में चीन के लोग विदेश जा सकते हैं। चीन में विश्व में सबसे कठोर कोविड रोधी उपाय किए गए थे। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की सरकार इन उपायों के अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभावों को कम करने के प्रयास में है।

लोगों को अपने घरों में कैद रखने के नियम ने चीन में संक्रमण की दर तो कम रखी लेकिन इससे लोगों में गुस्सा बढ़ा और आर्थिक विकास प्रभावित हुआ। मंगलवार को लिए गए फैसले के बाद चीन के नागरिक 22 जनवरी 2023 से शुरू हो रहे चंद्र नव वर्ष के मौके पर एशिया और यूरोप के पर्यटन स्थलों का रूख कर सकते हैं। इससे कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलने की आशंका है, क्योंकि चीन फिलहाल कोविड की लहर से जूझ रहा है। जापान, भारत, दक्षिण कोरिया और ताइवान ने कहा है कि चीन से आने वाले लोगों की कोविड जांच जरूरी है। चीन ने कोविड महामारी को नियंत्रित करने के कड़े उपायों के तहत 2020 के शुरू में विदेशियों को वीज़ा और अपने नागरिकों को पासपोर्ट जारी करना बंद कर दिया था। यह विद्यार्थियों, कारोबारियों व अन्य लोगों को विदेश जाने से रोकने की कोशिश थी। दूसरे देशों से लोगों के चीन आने पर भी रोक थी। हालांकि कारोबारियों को यात्रा की अनुमति थी लेकिन उन्हें एक सप्ताह तक पृथक-वास में रहना पड़ता था। चीन के राष्ट्रीय आव्रजन प्रशासन ने कहा कि वह पर्यटन के लिए साधारण पासपोर्ट के वास्ते आठ जनवरी से आवेदन स्वीकार करना शुरू करेगा। एजेंसी ने यह भी कहा कि वह वीज़ा को बढ़ाने, उसका नवीकरण करने या पुन:जारी करने के लिए भी आवेदन स्वीकार करेगी।



## परिवार संग छुट्टियां मनाने के लिए अमेरिकी वर्जिन द्वीप समूह पहुंचे बाइडन

**किंगशील ( अमेरिका )( एपी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन अपने परिवार के साथ नए साल की छुट्टियां मनाने और आराम करने के लिए मंगलवार को वर्जिन द्वीप समूह पहुंचे। अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी जिल बाइडन ने मंगलवार को वाशिंगटन से सेंट क्रोक्स द्वीप के लिए उड़ान भरी। सेंट क्रोक्स द्वीप उन तीन द्वीपों में से एक है, जिन्हें मिलाकर कैरेबियाई क्षेत्र का अमेरिकी वर्जिन द्वीप समूह बनता है। इसमें सेंट जॉन और सेंट थॉमस नामक दो अन्य द्वीप भी शामिल हैं। राष्ट्रपति बाइडन और उनकी पत्नी के अलावा उनके साथ उनकी बेटी एशले, दामाद हॉवर्ड क्रीन, पोती नताली और पोता हंटर भी हैं। अमेरिका में भीषण बर्फीले तूफान और कड़ाके की ठंड के बीच बाइडन कुछ समय बिताने के लिए यहां पहुंचे हैं। सेंट क्रोक्स एक उष्णकटिबंधीय द्वीप है।

### क्विक न्यूज

## एरिजोना में जमी हुई झील में गिरने से तीन भारतीय-अमेरिकियों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एरिजोना में एक दुखद घटना में एक महिला सहित भारतीय मूल के तीन नागरिको की जमी हुई झील मे गिरने से मौत हो गई। हादसा 26 दिसंबर को दोपहर तीन बजकर 35 मिनट पर कोकोनीनो काउंटी में वुड्स घाटी झील मे हुआ। कोकोनीनो काउंटी के शेरिफ के कार्यालय (सीसीएसओ) ने मंगलवार को एक बयान में बताया, झील में गिरकर मरने वाले लोगो की पहचान नारायण मुद्दन (49), गोकुल मेदिसेती (47) और हरिता मुड्डाना के तौर पर हुई है। तीनों एरिजोना के चैंडलर के रहने वाले थे और मूल रूप से भारतीय थे। चैंडलर, फीनिक्स का एक उपनगर है। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने हरिता को बाहर निकाल लिया था, लेकिन उसे बचा नही पाए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तीनो मृतको के शव बरामद हो गए है। सीसीएसओ के अधिकारियों की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, दो पुरुषों और एक महिला के जमी हुई झील पर चलने के दौरान बर्फ के टूट जाने से उसमे गिर जाने के बाद क्षेत्र के एक सबस्टेशन पर तैनात कर्मियो को मौके पर बुलाया गया था। अमेरिका और कनाडा मे 10 लाख से अधिक लोग भीषण सर्दी का सामना कर रहे है। क्यूबेक से टेक्सास तक 3,200 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में बर्फीले तूफान का कहर है, जिससे कई लोग परेशानियो से जूझ रहे है। तूफान संबंधी घटनाओं मे अब तक कम से कम 19 लोगो की मौत हो चुकी है।

## पश्चिमी तट की इजराइली बस्तियां शीर्ष प्राथमिकता : नेतन्याहू सरकार

**यरुशलम (एपी)।** बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व में बनने जा रही दक्षिणपंथी रुख वाली सरकार ने पश्चिम तट पर यहूदी बस्तियों के विस्तार को शीर्ष प्राथमिकताओं में रखा है। नई सरकार के शपथ लेने से एक दिन पहले पार्टी ने अपनी मंशा जाहिर की। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी ने बुधवार को नई सरकार की नीतियों से जुड़े दिशानिर्देश जारी किए जिसमें सबसे ऊपर गलीली, निगेव, गोलान हाइट्स और जूडिया व समारिया की इजराइली भूमि पर बस्तियों का विस्तार और विकास शामिल है। पार्टी द्वारा उल्लेखित इलाकों के नाम पश्चिमी तट के बाइबल कालीन स्थानों के नाम हैं। अधिकतर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का मानना है कि पश्चिमी तट पर इजरायली बस्तियां अवैध और फलस्तीन के साथ शांति में बाधक है।

## किम जोंग उन ने सैन्य शक्ति को बढ़ाने के लिए प्रमुख लक्ष्यों का उल्लेख किया

एपी। सियोल



**उत्तर कोरिया** के शासक किम जोंग उन ने अगले साल अपनी सैन्य शक्ति को और अधिक मजबूत करने के लिए शीर्ष राजनीतिक अधिकारियों के साथ एक बैठक में विभिन्न लक्ष्यों को प्रस्तुत किया। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। किम का बयान इस बात का संकेत है कि उत्तर कोरिया हथियारों की होड़ में शामिल रहेगा। किम का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया के साथ उत्तर कोरिया की शत्रुता बढ़ गई है। दक्षिण कोरिया ने आरोप लगाया है कि उत्तर कोरिया ने पांच वर्षो मे पहली बार उसकी सीमा के पास ड्रोन विमान उड़ाए हैं। इस साल, उत्तर कोरिया ने रिकॉर्ड संख्या में मिसाइल परीक्षण किए हैं। उत्तर कोरिया की इन गतिविधियों को विशेषज्ञों ने शस्त्र भंडारों को आधुनिक बनाने और अमेरिका के साथ भविष्य के सौदे में इसका लाभ उठाने की कोशिश करार दिया है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी केसीएनए के मुताबिक सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की चल रही पूर्ण बैठक में मंगलवार को किम ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति और कोरियाई प्रायद्वीप में नई सुरक्षा चुनौतियों का विश्लेषण किया और राष्ट्रीय हितों और संप्रभुता की रक्षा के लिए बाहरी संबंधों और दुश्मनों के खिलाफ लड़ाई के सिद्धांतों और निर्देशों को स्पष्ट किया। किम ने बदलती परिस्थितियों के तहत 2023 में आत्मनिर्भर रक्षा क्षमता को आगे बढ़ाने के लिए नए अहम लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

## प्रचंड बृहस्पतिवार से आधिकारिक प्रधानमंत्री आवास में रहेंगे

**काठमांडू।** नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड यहां बुलावाटार स्थित आधिकारिक प्रधानमंत्री आवास में बृहस्पतिवार को रहने आएंगे। सीपीएन-माओइस्ट के 68 वर्षीय नेता ने सोमवार को तीसरी बार नेपाली प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। इससे पहले वह नेपाली कांग्रेस के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधन से अलग हो गए थे और विपक्षी नेता केपी शर्मा ओली से हाथ मिला लिया था। माई रिपब्लिका अखबार ने प्रधानमंत्री सचिवालय के सदस्य सूर्य किरण के हवाले से कहा कि प्रचंड बृहस्पतिवार दोपहर प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास में रहने आएंगे। इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने बुधवार को प्रधानमंत्री का सरकारी आवास खाली कर दिया। शेर बहादुर देउबा के मुख्य निजी सचिव भानु देउबा के अनुसार, नेपाली कांग्रेस के नेता को बृहस्पतिवार को धुंबरही में किराए के मकान में रहने जाना था।

# बाजवा ने बानी गाला आवास मामले में इमरान का पक्ष लिया था

● **प्रधानमंत्री शरीफ के सहयोगी का दावा**

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा ने सत्ता से बेदखल प्रधानमंत्री इमरान खान का बानी गाला आवास मामले में पक्ष लेने के लिए तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश को प्रभावित किया था। यह दावा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के शीर्ष सहयोगी मलिक अहमद खान ने किया है।

प्रधानमंत्री शरीफ के विशेष सहयोगी मलिक अहमद ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान खान को सत्यवादी और ईमानदार घोषित किया गया था, क्योंकि बाजवा ने पाकिस्तान के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश साकिब निसार को इस मामले में पूर्व प्रधानमंत्री का पक्ष लेने के लिए प्रभावित किया। जियो न्यूज ने यह खबर बुधवार को दी। हाल ही में एक टेलीविजन कार्यक्रम में मलिक अहमद ने दावा किया कि 29 नवंबर को सेवानिवृत्त हुए जनरल बाजवा ने खान को एक राष्ट्रीय सुलह अध्यादेश (एनआरओ) दिया था। वर्ष 2007 में पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्फ की ओर से जारी किया गया राष्ट्रीय सुलह अध्यादेश (एनआरओ) एक विवादित अध्यादेश था, जो नेताओं, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और नौकरशाहों पर लगे भ्रष्टाचार, धन शोधन और हत्या के आरोपों में माफी देने के लिए जारी किया गया था। वर्ष 2017 में राजधानी विकास प्राधिकरण (सीडीए) और इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र (आईसीटी) प्रशासन ने इस्लामाबाद के बानी गाला की 122 संपत्तियों को अवैध घोषित किया था जिनमें इमरान का आवास भी शामिल था। खबर में कहा गया कि मलिक अहमद खान पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के उन नेताओं में शामिल थे जो पाकिस्तानी सेना के सेवानिवृत्त प्रमुख के काफी नजदीकी रहे। हालांकि, इस दावे को आधारहीन बताकर खारिज करते हुए निसार ने कहा कि सेना प्रमुख ने कभी उनके फैसले को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित नहीं किया। पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राजधानी शहर में पूरे बानी गाला क्षेत्र को अवैध रूप से निर्मित किया गया था और यह मामला परिसर में स्थित सभी संपत्तियों के नियमितीकरण को लेकर था। पीटीआई नेता फवाद चौधरी ने भी मलिक अहमद खान के इस दावे को खारिज कर दिया। चौधरी ने कहा कि यह कहना कि बाजवा मुख्य न्यायाधीश को नियंत्रित कर रहे थे, एक गंभीर आरोप है।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **Rajesh Kumar & Neelam** claims to be owner and in possession of **Property No. C-61, Khasra no. 193 in Village Chandrawali Alias Shahdara, in Gali No. 5, Jagat Puri, Shahdara, Delhi-93. (hereinafter called the said property)** by virtue of Sale Deed Dated **22.06.2022** executed by Sarita Yadav bearing Doc. No. 4352, said Sarita Yadav Purchased the said property from Naazra Begum vide sale Deed Dated 30.03.2015 bearing Doc. No. 1138 and said Naazra Begum had inherited the said property after the death of Akhtar Khan by virtue of Relinquishment Deed **Dated 18.03.2015** Doc. No. 930 and Said Rajesh Kumar & Neelam has agreed to sell the said Property to **Ravi Sharma** and Said **Ravi Sharma** has agreed to create a mortgage in favour of our clients, **IDFC FIRST BANK LTD, Rajendera Place Branch, New Delhi.**

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **10 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan (Advocate)**
For Diwan and Company LLP
Advocates and Solicitors
House No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi – 19
Mobile No. 9818399999

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I,Sangeeta Sharma W/o Sh. Ashwani Sharma R/o DDA LIG Flat No.207-A,Ground Floor,Pocket-F,Dilshad Garden,Delhi-110095** has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original documents i.e.Allotment-cum-Demand letter of the above flat have been lost. An NCR to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch in vide S.O.No .430/2014 LR No.1126366/2022 dated 27.12. 2022.Any person (s) claiming any right, interest ,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above address/phone No.999944978 within 15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right,interest,objections with respect to this property can personally inform or write to

**Dy.Director (LAB) H or Director (H)-1, D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक फ्रीहोल्ड आवासीय प्लाट न0–21 पर निर्मित मकान जिसका एरिया 60 वर्ग गज यानि 50.16 वर्ग मीटर, सम्बन्धित खसरा नं०–1200 स्थित सत्यम सिटी ग्राम शाहपुर बम्हैटा, परगना डासना, तहसील व जिला गाजियाबाद, उ० प्र० उक्त मकान की श्रीमती नीरज देवी पत्नी श्री गिरीश कुमार बैनामे के द्वारा मालिक है उक्त मकान का बैनामा श्री दिनेश यादव पुत्र स्व० श्री ब्रहमपाल ने श्रीमती नीरज देवी पत्नी श्री गिरीश कुमार के नाम किया है जिसका बही नं० 1, जिल्द न0 9500, पेज नं० 27/54 क्रमांक नं० 8101 दिनांक 17.11.2022, सब रजिस्ट्रार – पंचम गाजियाबाद के यहाँ दर्ज होकर हुआ है।

यदि किसी व्यक्ति, निकाय कॉर्पोरेट, सरकारी/गैर–सरकारी प्राधिकरण/या कोई अन्य सार्वजनिक/निजी बैंक (संस्था) आदि को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी या वास्तु हाउसिंग फाइनेन्स कॉरपोरेशन लि0 बी–12, फर्स्ट फ्लोर, आर० डी० सी० राजनगर गाजियाबाद–201002 उ० प्र0 को लिखित में आपत्ति दे सकता है। इसके बाद इस पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**अरूण गोस्वामी (एडवोकेट)**
चैम्बर नं० 119, प्रथम तल, मेन रोड, तहसील कम्पाउद, गाजियाबाद मो. 9997806112

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Piramal Capital & Housing Finance Limited** that **Mr. Santosh Kumar Arjun** intends to purchase & mortgage the **Plot No. 4-A/4-B, admeasuring 314 Sq. Yds., Khasra No. 375 Min, situated at Village Tila Shahbajpur, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad (U.P.),** with our client against the financial assistance. Whereas **1) Mr. Mohd. Ayyub & 2) Mr. Adil Ansari** have acquired the Said Property by way of Sale Deed (2 Nos.) both dated Sale Deed dated 31-08-2005 and after her death of Mr. Ayyub, his legal heirs namely, 1) Mrs. Hajra Begum, 2) Mr. Mohd. Adil Ansari, 3) Mohd. Ajmal, 4) Mohd. Arif Ansari, 5) Mohd. Asif & 6) Mrs. Shaista **(as per SMC) became the owners of Said Property.** Now, 1) Mrs. Hajra Begum, 2) Mr. Mohd. Adil Ansari, 3) Mohd. Ajmal, 4) Mohd. Arif Ansari, 5) Mohd. Asif & 6) Mrs. Shaista intend to sell the same to **Mr. Santosh Kumar Arjun.**

If any person(s) having objection with regard to ownership/mortgage of the Said Property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address. In the event no information is received within 07 days from date hereof, our Client i.e. **Piramal Capital & Housing Finance Limited** will proceed with the mortgage process.

**DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE**
A-13, LGF, South Extn.-II,
New Delhi-110049 # 011-40587824.

## पोप बेनडिक्ट 16वें का स्वास्थ्य खराब हो रहा: वेटिकन

एपी। वेटिकन सिटी

**पोप एमेरिटस** बेनेडिक्ट 16वें की उम्र संबंधित समस्याओं के कारण सेहत खराब हो रही है और डॉक्टर 95 वर्षीय पूर्व पोप की सेहत पर नजर रखे हुए हैं। वेटिकन ने बुधवार को यह जानकारी दी। वेटिकन के प्रवक्ता मेट्टियो ब्रूनी ने बताया कि पोप फ्रांसिस बुधवार को अपने पूर्ववर्ती से मिलने वेटकन ग्रांउड स्थित मोंटेसिरी गए जहां पर अवकाश प्राप्त पोप फरवरी 2013 में पद छोड़ने के बाद से रह रहे हैं। इससे पहले पोप फ्रांसिस ने पोप एमिरेटस के लिए अनुयायियों से प्रार्थना करने की अपील की थी। ब्रूनी ने लिखित बयान में कहा, एमिरेट्स पोप की सेहत की जहां तक स्थिति है, तो पोप फ्रांसिस ने आज सुबह प्रार्थना करने की अपील की।



यूक्रेन के बाहरी इलाके बखमुत में रूसी हमलों के बाद उठता धुएं का गुबार

## अनियंत्रित कार स्ट्रीट पार्टी में पहुंचे लोगों से टकराई, सात की मौत

एपी। अबूजा (नाइजीरिया)

**दक्षिणी नाइजीरिया** में मंगलवार को एक अनियंत्रित कार स्ट्रीट पार्टी में पहुंचे लोगों से टकरा गई, जिससे सात लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने द एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी।

नाइजीरिया की फेडरल रोड सेफ्टी कॉर्प्स के अनुसार, क्रॉस रिवर की राजधानी कैलाबार में लोग बाइकर्स परेड देखने के लिए इकट्ठा हो रहे थे, तभी सड़क पर एक चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और वह भीड़ से जा टकराई। इस बाइकर्स शो को अफ्रीका की सबसे बड़ी स्ट्रीट पार्टी में से एक माना जाता है।

सड़क सुरक्षा कोर के प्रमुख हसन अब्दुल्लाही मायकानो ने एपी को बताया कि हादसे के समय कार की रफ्तार बेहद तेज थी। उन्होंने कहा, कार अनियंत्रित होकर भीड़ से टकरा गई। कुल 36 लोग उसकी चपेट में आए, जिसमें से सात लोगों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हुए हैं।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**चतुर्थ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)**
Phone Fax : 05944.240921 E-mail - sepwdusn@gmail.com

पत्रांक–3054/23 एम–04/2022 दिनांक 26/12/2022

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 3686/23एम–04/2022 दिनांक 24.12.2022 द्वारा ई–निविदा सूचना (E-Tendering) के माध्यम से केन्द्रीय विशेष सहायता योजना के अंतर्गत निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० काशीपुर से सम्बन्धित दो कार्यों की आंमत्रित निविदायें अपरिहार्य कारणवशः निरस्त की जाती है।

**(महिपाल सिंह रावत)**
**अधीक्षण अभियन्ता**

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**चतुर्थ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)**
Phone Fax : 05944.240921 E-mail - sepwdusn@gmail.com

पत्रांक–3057/23 एम–04/2022 दिनांक 26/12/2022

**राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक अल्पकालीन ई–निविदा (e-tendering)**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, चतुर्थ वृत्त, लो०नि०वि० रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–टेण्डरिंग द्वारा टू–बिड बिड सिस्टम के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें वेबसाईट http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 04.01.2023 से उपलब्ध होंगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा प्रपत्र की लागत | निविदा की वैधता (दिवस) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | केन्द्रीय विशेष सहायता योजना के अंतर्गत जैतपुर धनौरी मार्ग के किमी0 7 से 9 में डी0बी0एम0 एवं बी0सी0 द्वारा सुधारीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। | 8.40 | 5000.00 + 18% GST | 60 दिन | 2 माह | केन्द्र/राज्य सरकार के विभाग / उपक्रम में मार्ग कार्यों हेतु श्रेणी A/A+ पंजीकृत |
| 2. | केन्द्रीय विशेष सहायता योजना के अंतर्गत 1–बाजपुर बंध से जगन्नाथपुर कोसी फार्म (हाथीकुण्डा) लिंक मार्ग किमी0 1 से 3 2–जसपुर धामपुर मार्ग के किमी0 3 से 6 में डी0बी0एम0 एवं बी0सी0 द्वारा सुधारीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। | 10.82 | 5000.00 + 18% GST | 60 दिन | 2 माह | –तदैव– |
| 3. | केन्द्रीय विशेष सहायता योजना के अंतर्गत 1–सरदारनगर बाजपुर केशोंवाला बन्नाखेडा बैलपडाव कोटाबाग कालाढूंगी मार्ग किमी0 20 से 24 2–काशीपुर अलीगंज मार्ग के किमी0 5 से 8 में डी0बी0एम0 एवं बी0सी0 द्वारा सुधारीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। | 11.04 | 5000.00 + 18% GST | 60 दिन | 2 माह | –तदैव– |
| 4. | केन्द्रीय विशेष सहायता योजना के अंतर्गत बन्नाखेडा कोसीफार्म मार्ग के किमी0 1 से 9 में डी0बी0एम0 एवं बी0सी0 द्वारा सुधारीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। | 10.60 | 5000.00 + 18% GST | 60 दिन | 2 माह | –तदैव– |

नोटः– उपरोक्त कार्यों की निविदायें स्वीकृति की प्रत्याशा में आंमन्त्रित की जा रही है।

**अधीक्षण अभियन्ता**

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I, Sunita Rani Sidana W/o** Pankaj Sidana R/o C-72/29A, Nilgiri-1, Sector-34, Noida, Gautam Buddha Nagar U.P., have changed my name to Sunita Sidana for all future purposes.

PD(90231)A

**I, Reeta Gupta W/O Sanjiv** Kumar Gupta R/O Ki- 94, I Block, Kavi Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201002, Aadhar Number 873211476802 Has Changed My Name From Reeta Gupta To Rita Gupta.

PD(90232)C

**I, UTKARSH GAUTAM S/O** Shri Man Mohan R/O H-41, Police Station, Lodhi Colony, New Delhi-110003 Have Change My Name From Utkarsh to Utkarsh Gautam For All Future Purposes.

PD(90233)A

# छुट्टियों के बाद की थकावट क्यों होती है और कैसे हो सकते हैं इससे ठीक

एजेंसी। डबलिन

**हालांकि** क्रिसमस का जोश हर साल केवल कुछ ही दिनों तक रहता है, हम में से कई लोग इसके लिए योजना बनाने में महीनों लगाते हैं। पार्टियां और उत्सव का समय ज्यादातर लोगों के लिए आनंददायक हो सकता है, लेकिन बहुत से लोगों को लगता है कि छुट्टियां आने और जाने के बाद वे थोड़ा थका हुआ महसूस करते हैं। इस भावना को उत्सव बर्नआउटै या हॉलिडे बर्नआउट भी कहा गया है। ऐसा क्यों होता है – और छुट्टियों के खत्म होने के बाद आप थका हुआ महसूस न करें, इसके लिए क्या कर सकते हैं।

हम में से कई छुट्टियों के मौसम में बहुत कम समय में कई तनावों के संपर्क में आते हैं – चाहे वह उपहारों के लिए कतार में लगना हो, दोस्तों या परिवार से मिलने के रास्ते में ट्रैफिक में रूकना हो, पैसे की चिंता हो या परिवार को देखने का तनाव हो। जैसे ही आपका मस्तिष्क एक तनाव कारक को देखता है, यह आपके सहानुभूति तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करता है, जो शरीर केै संघर्ष करने या प्रसन्न होनेै की प्रतिक्रिया के लिए जिम्मेदार होता है। यह आपके शरीर को सतर्क रहने और आपको तनावपूर्ण स्थिति से निकालने के लिए तैयार करता है।

जब सहानुभूति तंत्रिका तंत्र सक्रिय होता है, तो शरीर एड्रेनालाईन का उत्पादन करता है और कड़ी मेहनत करना शुरू कर देता है – हृदय के माध्यम से अधिक रक्त पंप किया जाता है, फेफड़ों में हवा की मात्रा बढ़ जाती है, और दृष्टि और श्रवण में वृद्धि होती है। आप इन परिवर्तनों को अधिक पसीने से तर महसूस करने या धड़कन तेज होने के रूप में अनुभव कर सकते हैं। लेकिन जैसा कि हम छुट्टियों के दौरान बार-बार होने वाले तनाव का सामना करते हैं, इससे इस तनाव प्रतिक्रिया से जुड़ी शरीर प्रणालियों के भीतर स्थाई परिवर्तन हो सकते हैं – अंत में आप खुद को थका हुआ महसूस कर सकते हैं। विशेष रूप से, यह अनुकंपी तंत्रिका तंत्र को सक्रियता के प्रति अधिक कुशल बना सकता है और पैरासिम्पेथेटिक तंत्रिका तंत्र के प्रभावों को कम कर सकता है, जो आपके शरीर को तनाव प्रतिक्रियाओं को संतुलित करने में मदद करता है। इसमें कोर्टिसोल का बढ़ा हुआ उत्पादन भी होता है, जो आपकी ऊर्जा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक हार्मोन है, और इसका स्तर बढ़ने पर आपको रात में सोना मुश्किल हो सकता है, बिना किसी कारण के चिड़चिड़े हो सकते हैं, या अति-उत्तेजित महसूस कर सकते हैं और आराम करने में असमर्थ हो सकते हैं। इसी के साथ, जब क्रिसमस से जुड़ी छोटी तनावपूर्ण घटनाओं के कारण आपकी कोर्टिसोल सक्रियता बहुत लंबे समय तक रहती है तो उसके बाद कई बार आपका शरीर कम दैनिक कोर्टिसोल स्तर का उत्पादन करता है। दरअसल, सहानुभूति तंत्रिका तंत्र की निरंतर सक्रियता आपके शरीर की तनाव से उबरने और पूरे दिन ऊर्जावान महसूस करने की क्षमता को बाधित करती है, जिससे उत्सव की थकावट की भावना पैदा होती है। यदि आप छुट्टियों के बाद खुद को थका हुआ महसूस कर रहे हैं, तो यहां कुछ चीजें हैं जो आप बेहतर महसूस करने और ठीक होने के लिए कर सकते हैं।

# मुंबई महाराष्ट्र की है, किसी के बाप की नहीं: फडणवीस

भाषा। नागपुर



**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कर्नाटक के कुछ नेताओं की टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि मुंबई किसी के बाप की नहीं है। महाराष्ट्र विधानसभा में फडणवीस ने कहा कि राज्य की भावनाओं से कर्नाटक सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अवगत कराया जाएगा। सदन में इस मुद्दे को उठाते हुए, विपक्ष के नेता अजीत पवार ने दावा किया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री और मंत्री अपनी टिप्पणियों से महाराष्ट्र के गौरव को ठेस पहुंचा रहे हैं और महाराष्ट्र सरकार की प्रतिक्रिया उसके माकूल नहीं है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता पवार ने कहा, (कर्नाटक के) विधि मंत्री मधु स्वामी ने मांग की है कि मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाना चाहिए। (भारतीय जनता पार्टी के विधायक) लक्ष्मण सावदी ने कहा कि मुंबई कर्नाटक की है और उन्होंने मराठी लोगों के घावों पर नमक छिड़का है। राकांपा नेता ने मांग की कि मुख्यमंत्री कड़े शब्दों में इसकी निंदा करें।

फडणवीस ने कहा, मुंबई महाराष्ट्र की है, किसी के बाप की नहीं है। हम मुंबई पर किसी के दावे को बर्दाश्त नहीं करेंगे और हम अपनी भावनाओं को कर्नाटक सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री के सामने रखेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री शाह से ऐसे बड़बोले नेताओं को फटकार लगाने का आग्रह किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शाह के साथ दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में यह तय किया गया था कि दोनों पक्षों में से कोई भी नया दावा नहीं करेगा। फडणवीस ने कहा, कर्नाटक के विधायकों या कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणियां, जो तय किया गया था, उसके विपरीत हैं। मुंबई पर किसी के भी दावे को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम इसकी निंदा करते हैं। हम इन बयानों की निंदा करते हुए एक पत्र (कर्नाटक सरकार को) भेजेंगे। उन्होंने कहा कि इसे केंद्रीय गृह मंत्री के संज्ञान में लाएंगे। महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद है।

एक दिन पहले ही महाराष्ट्र के दोनों सदनों विधानसभा और विधान परिषद ने सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से पेश एक प्रस्ताव को पारित किया था। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि सरकार बेलगाम, करवार बीदर, निपानी, भाल्की शहरों तथा 865 मराठी भाषी गांवों को महाराष्ट्र में शामिल कराने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ेगी। ए क्षेत्र कर्नाटक का हिस्सा हैं।

वहीं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध करना चाहिए कि जब तक महाराष्ट्र-कर्नाटक के बीच सीमा का मसला उसके पास लंबित है, तब तक सभी विवादित क्षेत्रों को केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर दिया जाए। कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने महाराष्ट्र विधानमंडल में पारित प्रस्ताव की निंदा करते हुए मंगलवार को कहा था कि पड़ोसी राज्य को एक भी गांव नहीं दिया जाएगा। द को लेकर पिछले बृहस्पतिवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था जिसमें दक्षिणी राज्य के हितों की रक्षा करने और अपने पड़ोसी को एक इंच भी जमीन नहीं देने का संकल्प लिया गया है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने तेलंगाना में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परियोजना की आधारशिला रखी

**हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के तहत तेलंगाना के भद्राचलम तीर्थ में सुविधाओं के विकास के लिए परियोजना की आधारशिला रखी। राष्ट्रपति मुर्मू हैदराबाद स्थित राष्ट्रपति निलयम में शीतकालीन प्रवास के लिए तेलंगाना के दौरे पर हैं। उन्होंने भद्राचलम के प्रसिद्ध भगवान राम मंदिर में पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा गया है, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भ्रदाचलम मंदिर में श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान के तहत परियोजना की आधारशिला रखी। राष्ट्रपति ने श्री सीतारामचंद्र स्वामी मंदिर में प्रार्थना एवं पूजा की। मंदिरों के शहर भद्राचलम की अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति ने वनवासी कल्याण परिषद, तेलंगाना द्वारा आयोजित सम्मक्का सरलम्मा जनजाति पुजारी सम्मेलन में भाग लिया।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मोमेन्टो देते हुए आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी

## जबरन धर्मांतरण के खिलाफ याचिका पर दो जनवरी को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय दो जनवरी को एक नई याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें केंद्र और राज्यों को डर, धमकी, उपहार देकर और मौद्रिक लाभों के जरिए प्रलोभनै से धोखाधड़ी वाले धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए कड़े कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति एम.आर. शाह और न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार की एक पीठ वकील आशुतोष कुमार शुक्ला द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है, जिसमें धोखे से धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए एक विशेष कार्य बल बनाने की भी मांग की गई है। नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए राज्य के बाध्य होने का तर्क देते हुए याचिका में कहा गया है कि अपने धर्म के प्रचार के अधिकार से किसी व्यक्ति को लोगों को धर्मांतरित करने का अधिकार नहीं मिलता है।

याचिका में आरोप लगाया गया, जनजातीय क्षेत्र ज्यादातर निरक्षर क्षेत्र हैं। शोध के आंकड़ों के अनुसार, इन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा, आहार और पीने के पानी की स्थिति को खराब माना जाता है। ये क्षेत्र सामाजिक रूप से सबसे पिछड़े हैं। यह सामाजिक पिछड़ापन मिशनरियों के लिए वंचित वर्गों के बीच उनके सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक विकास के लिए काम करने के अवसर खोलता है जो धर्मशिक्षा के उस प्रसार संदेश के माध्यम से अंततः धर्मांतरण में परिणति होता है। जनहित याचिका में तर्क दिया गया है कि राज्य को समाज के सामाजिक, आर्थिक रूप से वंचित वर्गों, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति से संबंधित धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। दान का उद्देश्य धर्मांतरण नहीं होने का उल्लेख करते हुए शीर्ष अदालत ने पूर्व में इस बात की पुष्टि की थी कि जबरन धर्म परिवर्तन एक गंभीर मुद्दा है और संविधान के खिलाफ है।

## भारत के धर्म, जाति, भाषा के आधार पर टुकड़े-टुकड़े बनाने वाले संघ परिवार के लोग हैं: मणिशंकर अय्यर

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारत को टुकड़े-टुकड़े बनाने वाले संघ परिवार के लोग हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय संघ सेवक संघ के लोगों के बुरे काम के खिलाफ भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई है। अय्यर ने संवाददाताओं से कहा, धर्म,जाति, भाषा और संस्कृति के आधार पर भारत के टुकड़े-टुकड़े बनाने वाले संघ परिवार के लोग हैं। उनका जो बुरा काम है उसके खिलाफ यह यात्रा चलाई जा रही है। उनका कहना था, हम महसूस करते हैं कि भारत को तोड़ने का बहुत प्रयास हो रहा है। इसके खिलाफ हम सबको लड़ना है। आपको (मीडिया) भी लड़ना है और हमें भी लड़ना है। यह यात्रा इसका प्रकटीकरण है। यात्रा खत्म होने के बाद हम राजनीति की बात करेंगे।

## भारत की मूल भावना पर प्रहार हो रहा है :खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार में भारत की मूल भावना पर लगातार प्रहार हो रहा है और नफरत की खाई खोदी जा रही है। उन्होंने पार्टी के 138वें स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण के बाद यह भी कहा कि महँगाई, बेरोज़गारी और नफ़रत के ख़िलाफ़ लड़ने के लिए सबको साथ लेकर चलना होगा। खरगे ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। खरगे ने कहा, भारत की आज़ादी के आसपास कई दूसरे देश भी आज़ाद हुए थे। लेकिन बहुत से देशों में सत्ता की बागडोर तानाशाही ने ले ली। भारत न सिर्फ़ सफल और मज़बूत लोकतंत्र बना, बल्कि कुछ ही दशकों में हम आर्थिक, परमाणु, मिसाइल, सामरिक क्षेत्र में महाशक्ति बन गए। कृषि, शिक्षा, मेडिकल, सूचना प्रौद्योगिकी और सेवा क्षेत्र में भारत, दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया।

उनका कहना था, यह सब अपने आप नहीं हुआ। यह कांग्रेस की लोकतंत्र में आस्था के कारण हुआ, सभी को साथ ले कर चलने की हमारी विचारधारा के कारण यह सब कुछ हुआ, यह ज्ञान-विज्ञान में हमारे विश्वास के चलते हुआ। उन्होंने कहा, उस संविधान में पूरी आस्था की वजह से यह हुआ, जो सबको बराबरी के अधिकार और बराबरी के मौक़े देने की गारंटी देता है। खरगे ने कहा, सोनिया गांधी के पार्टी अध्यक्ष काल में, जब संप्रग की सरकार बनी थी, तब सूचना का अधिकार कानून, शिक्षा का अधिकार कानून, खाद्य सुरक्षा कानून, मनरेगा, वन अधिकार या भूमि अधिग्रहण क़ानून हो, अस्तित्व में आए। यह कांग्रेस की विचारधारा की छाप है जो उसने जनता और देश पर छोड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया, भारत की मूल भावना पर लगातार प्रहार हो रहा है। नफ़रत की खाई देश भर में खोदी जा रही है। लोग महंगाई, बेरोज़गारी से त्रस्त हैं, लेकिन सरकार को इसके बारे में कोई चिंता नहीं है।

खरगे ने कहा,"हमें कांग्रेस पार्टी को समावेशी बनाने के लिए युवाओं और महिलाओं को, वंचित तबकों को, बुद्धिजीवियों को जोड़ना होगा एवं महंगाई, बेरोज़गारी और नफ़रत के ख़िलाफ़ लड़ने के लिए सबको अपने साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में इसकी शुरुआत हो चुकी है। देश भर में फैले हमारे करोड़ों कार्यकर्ताओं को एक बार फिर से संजीवनी मिली है। यात्रा ने दिखा दिया है कि कांग्रेस की विचारधारा को देश में जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और इससे आज हमारे विरोधियों में घबराहट है। हम भारत के बेहतर भविष्य के लिए देशवासियों से इस संघर्ष में शामिल होने की विनती करते हैं, हम अपील करते हैं कि वह सब इस यात्रा में जुड़ें। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा,"लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हम तैयार हैं, यह भरोसा हम देश को देना चाहते हैं।

## बहुमत के लिए पुराने मैसुरू पर ध्यान केंद्रित करेगी भाजपा: रवि

**बेलगावी।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी कर्नाटक में 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुराने मैसुरू क्षेत्र में विशेष ध्यान केंद्रित करेगी क्योंकि पार्टी ने यह महसूस किया है कि इलाके के लोगों का विश्वास जीते बगैर वह बहुमत हासिल नहीं कर सकती है। रवि ने यह भी कहा कि वोक्कालिगा समुदाय के प्रभुत्व वाले इस इलाके में भारतीय जनता पार्टी विकास और हिंदुतव के एजेंडे के साथ लोगों के समक्ष जाएगी, जहां माना जाता है कि पार्टी कमजोर है। उनकी यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 30 दिसंबर को मांड्या और 31 दिसंबर को देवनहल्ली के निर्धारित दौरे के मद्देनजर आई है।

एक सवाल के जवाब में भाजपा महासचिव ने कहा, अमित शाह जैसे कुशल खिलाड़ी किसी भी पिच पर शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं। हम लोग पुराने मैसुरू क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमने 2008 और 2018 के चुनावों से महसूस किया है कि इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीते बिना हमें बहुमत नहीं मिल सकता है। इसलिए, हम पूरे राज्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए पुराने मैसुरू क्षेत्र में विशेष ध्यान देंगे। रवि ने संवाददाताओं से यहां बातचीत करते हुए र कहा कि मांड्या, मैसुरू, हासन, कामराजनगर, बेंगलुरू देहात, कोलार और चिक्कबल्लापुर जिलों में और सीटें जीतने की दिशा में भाजपा काम करेगी। वोक्कालिगा समुदाय के प्रभुत्व वाले क्षेत्र के बारे में माना जाता है कि यह जद (एस) का मजबूत गढ़ है जहां कांग्रेस भी मजबूत है। वोक्कालिगा समुदाय के आरक्षण को चार फीसदी से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने की मांग के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, भाजपा सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है, हम एक ऐसा फॉर्मूला खोजेंगे जहां सभी को न्याय मिले।

## वित्तीय प्रदर्शन व सुंदरीकरण के आधार पर शहरों की रैंकिंग के लिए मसौदा दिशा-निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने वित्तीय प्रदर्शन और सौंदईकरण के आधार पर शहरों की नई रैंकिंग प्रणाली के लिए बुधवार को मसौदा दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा, भारत ने शहरी कायाकल्प के लिए दुनिया के किसी भी देश से अधिक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले शहरों को गर्व की भावना देती है। इस पहल के संबंध में विचार के बारे में पुरी ने कहा कि यह विचार इस साल जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक के दौरान आया था। वित्त के मामले में नगर निकायों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए शहरों की रैंकिंग करने का विचार था। सिटी फाइनेंस रैंकिंग-2022 का मकसद शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) का तीन वित्तीय मापदंडों (संसाधन जुटाना, व्यय प्रदर्शन और वित्तीय शासन प्रणाली) में प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन करना, मान्यता देना और पुरस्कृत करना है।

## महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख जेल से बाहर आए

**मुंबई।** भ्रष्टाचार के एक कथित मामले में गिरफ्तार किए जाने के एक साल से अधिक समय बाद महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को बुधवार को जमानत पर जेल से रिहा कर दिया गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता देशमुख (73) का उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मुंबई के आर्थर रोड जेल से शाम लगभग 4.45 बजे बाहर आने पर स्वागत किया। बम्बई उच्च न्यायालय ने सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें जमानत देने संबंधी अपने आदेश पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार कर दिया था। अजित पवार, जयंत पाटिल, सुप्रिया सुले, छगन भुजबल सहित राकांपा के वरिष्ठ नेताओं ने जेल के बाहर उनका स्वागत किया।



देशमुख ने कहा, मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। मुझे एक झूठे मामले में फंसाया गया है। बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे का जिक्र करते हुए देशमुख ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई ने एक अधिकारी द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर उनके खिलाफ मामले दर्ज किए। दक्षिण मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के निकट एक एसयूवी से विस्फोटक सामग्री बरामद होने के मामले में वाजे का नाम आया था। देशमुख ने कहा, यह बहुत दुख की बात है कि सिर्फ वाजे के आरोपों के कारण, मुझे जेल में समय बिताना पड़ा। वह अब हत्या के दो मामलों में गिरफ्तार है। (सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी) परमबीर सिंह के आरोप भी झूठे निकले। देशमुख को ईडी ने पहली बार दो नवंबर, 2021 को एक कथित धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। यह 21 अप्रैल, 2021 को एक कथित भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट पर आधारित था।

मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने मार्च 2021 में आरोप लगाया था कि तत्कालीन गृह मंत्री देशमुख ने पुलिस अधिकारियों को मुंबई के रेस्तरां और बार से हर महीने 100 करोड़ रुपए वसूलने का लक्ष्य दिया था। देशमुख ने आरोपों से इनकार किया था, लेकिन वह राज्य के गृह मंत्री के पद से हट गए थे, क्योंकि बम्बई उच्च न्यायालय ने सीबीआई को उनके खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू करने का निर्देश दिया था। सीबीआई ने छह अप्रैल, 2022 को देशमुख को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया था और 12 जुलाई को उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। उच्च न्यायालय ने चार अक्टूबर को राकांपा नेता को धनशोधन मामले में जमानत दे दी थी। न्यायमूर्ति एम. एस. कार्णिक ने सीबीआई मामले में राकांपा नेता को 12 दिसंबर को जमानत दे दी थी, लेकिन सीबीआई ने इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने के लिए समय मांगा था और अदालत ने आदेश पर 10 दिन के लिए रोक लगा दी थी।

## पंजाब सीमा पार से तस्करी करने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से तस्करी करने वालों के एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 किलोग्राम हेरोइन व हथियार तथा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान गुरदासपुर जिले के थमान गांव के हर्षदीप सिंह और शाहुर कलां गांव के सरवन सिंह उर्फ सब्बा के तौर पर हुई है। उनके पास से विदेश में निर्मित दो पिस्तौल, चार मैगजीन और 180 कारतूस के साथ-साथ 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

डीजीपी यादव ने बताया कि पठानकोट पुलिस की काउंटर इंटेलीजेंस (सीआई) टीम ने थमान गांव के पास विशेष अभियान चलाया था। उन्होंने बताया कि जब वे दोनों मादक पदार्थ और हथियार की खेप लेकर जा रहे थे तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उनके मुताबिक, पाकिस्तान स्थित तस्करों ने (गुरदासपुर के दोरानगाला) चौनत्रा सीमा चौकी पर एक पाइप की मदद से मादक पदार्थ और हथियारों को बाड़ के पार भेजा था। डीजीपी के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों तस्कर पाकिस्तानी तस्कर रहमत मियां के संपर्क में थे।

पठानकोट सीआई के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक अमरजीत सिंह बाजवा ने कहा कि सरवन मादक पदार्थ का कुख्यात तस्कर है और वह सात साल जेल में रह चुका है तथा 2018 में वह कारागार से बाहर आया था। इस बीच अमृतसर के राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ थाने में संबंधित कानूनों के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। तीन दिन पहले ही पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल एक अन्य गिरोह पर कार्वाई करते हुए उसके दो सरगनाओं को गिरफ्तार किया था तथा उनके कब्जे से 10 किलोग्राम हेरोइन व एक उन्नत ड्रोन बरामद किया था।

## ओआरओपी के तहत पेंशन संशोधन पर पूर्व सैनिकों के संगठन ने मोदी की तारीफ की

**नई दिल्ली।** पूर्व सैनिकों के एक संगठन ने एक जुलाई, 2019 से पूर्वव्यापी प्रभाव से वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) योजना के तहत सशस्त्र बलों के कर्मियों की पेंशन में संशोधन के लिए सरकार की मंजूरी को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने एक बयान में कहा कि कोविड-19 महामारी के बावजूद, सरकार ने 2015 में अपने संचार के अनुसार समानीकरण के लिए वित्तीय प्रावधान किए, यह बहुत ही प्रशंसनीय है। संगठन ने कहा, हम पूर्व सैनिक प्रधानमंत्री के स्नेह और हम पर विश्वास से अभिभूत हैं। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णय के परिणामस्वरूप 8,450 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वार्षिक व्यय होगा। इससे 25 लाख से ज्यादा पेंशनभोगियों को फायदा होगा।

## कोविड टीके की चौथी खुराक की अभी जरूरत नहीं: विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** कई देश अपने नागरिकों को कोविड रोधी टीके की तीसरी और यहां तक कि चौथी एहतियाती (बूस्टर) खुराक दे रहे हैं, विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में अभी चौथी खुराक की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि कोविड के खिलाफ दोनों टीके लगवा टीकाकरण पूरा करवा चुके कई लोगों ने भी अब तक एक भी एहतियाती खुराक नहीं ली है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके लिए एक ढांचागत और व्यवस्थित प्रतिक्रिया की जरूरत है। चीन में वृद्धि के बाद कोविड एक बार फिर रडार पर है और लोग भारत में संक्रमण की एक और लहर की आशंका को लेकर चिंतित है। ऐसे में क्या सरकार को दो टीकों की सुरक्षा में वृद्धि के लिए दूसरी एहतियाती खुराक की अनुमति देनी चाहिए इस पर कुछ वैज्ञानिक जमीनी स्तर पर हालात परखने का आह्वान करते हैं।

कोविड रोधी टीके की चौथी खुराक इस समय अनुचित है क्योंकि देश में अधिकांश लोगों को अभी तक तीसरी खुराक नहीं मिली है और वर्तमान में उपयोग किए जा रहे टीकों को दूसरी एहतियाती खुराक के तौर पर दिए जाने की उपयोगिता पर कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। भारत में बड़ी संख्या में लोग वायरस के संपर्क में आ चुके हैं और उन्हें टीका भी लगाया गया है, ऐसे में स्थिति काफी अलग है।

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुणे में शिक्षण कार्य से जुड़े सत्यजीत रथ ने कहा, यह उम्मीद करने का कोई कारण नहीं है कि चीनी स्थिति भारत के लिए कुछ भविष्यवाणी करेगी। चीन में हालात विशेष रूप से देश द्वारा लगभग तीन वर्षों से अपनाई जा रही शून्य-कोविड नीतियों की वजह से है। चीन में पिछले कुछ सप्ताह में प्रतिदिन हजारों मामले सामने आ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बुधवार को, भारत ने 0.14 प्रतिशत की दैनिक संक्रमण दर और 0.18 प्रतिशत की साप्ताहिक संक्रमण दर के साथ कोरोना वायरस संक्रमण के 188 नए मामले दर्ज किए। रथ ने कहा, टीकाकरण के अलावा व्यापक वास्तविक संक्रमण के साथ भारतीय स्थिति काफी अलग है। और कोविड वायरस आखिरकार फैल रहा है और इसलिए केवल चीन में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के समुदायों में उत्परिवर्तित हो रहा है, इसलिए हर जगह नए स्वरूप (वेरिएंट) उभर रहे हैं।

आईआईएसईआर पुणे से ही प्रतिरक्षा विज्ञानी विनीता बल ने कहा, करीब एक साल पहले ही भारत में ओमीक्रॉन लहर आई थी। अगर इस संक्रमण की वजह से पर्याप्त ओमीक्रोन प्रतिरक्षा नहीं बनी तो भारत में फिलहाल उपलब्ध कोई भी टीका और सुरक्षा प्रदान नहीं करेगा। सरकार ने बुधवार को आगाह किया कि अगले 40 दिन महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि भारत में जनवरी में कोविड में उछाल देखा जा सकता है। सीएसआईआर-जिनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान (आईजीआईबी) के निदेशक अनुराग अग्रवाल ने हालांकि कहा कि भारत में कोविड-19 की किसी बड़ी लहर की संभावना बेहद कम है। अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा को बताया, जो कदम पहले ही उठाए गए हैं उनके अलावा फिलहाल किसी और कदम की आवश्यकता नहीं है।

## ओडिशा में दो रूसी नागरिकों की मौत की जांच सीआईडी ने तेज की

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस के आपराधिक जांच विभाग ने रायगढ़ के एक होटल में दो रूसी नागरिकों की मौत की जांच बुधवार को तेज कर दी और उनके सह-यात्रियों और टुअर गाइड से पूछताछ भी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एंटोव की 24 दिसंबर को होटल की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर गिरने के बाद मौत हो गई थी, जबकि बाइडेनोव 22 दिसंबर को होटल के अपने कमरे में मृत पाए गए थे। एंटोव और बाइडेनोव सहित चार-सदर्स्य रूसी दल ने दिल्ली के अपने टुअर गाइड जितेंद्र सिंह के साथ 21 दिसंबर को रायगढ़ जिले के होटल में पहुंचा था। पुलिस ने बताया कि सिंह के साथ दो सह-यात्रियों पानसासेंको नतालिया (44) और तुरोव मिखाइल (64) से पूछताछ की जा रही है। दोनों से फिलहाल राज्य न छोड़ने को कहा गया है। दंपती और गाइड को मंगलवार को भुवनेश्वर में अपराध शाखा के कार्यालय और बाद में बुधवार को राज्य पुलिस मुख्यालय ले जाया गया, जहां उनसे अलग-अलग मुद्दों पर पूछताछ की जा रही है कि उन्होंने रायगढ़ को ही अपने गंतव्य के रूप में क्यों चुना।

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें हिरासत में ले लिया गया है या गिरफ्तार किया गया है, उन्होंने कहा, ऐसा कुछ नहीं है। हमें अब तक अनियमितताओं का संकेत देने वाला कोई सबूत नहीं मिला है। सीआईडी घटना के विभिन्न कोणों से जांच कर रही है। सीआईडी ने होटल के उन दोनों कमरों को भी सील कर दिया है, जहां एंटोव और बाइडेनोव (61) ठहरे हुए थे। रूसी सांसद और व्यवसाई पावेल एंटोव की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से इस बात के संकेत मिलते हैं कि एंटोव की मौत गिरने के बाद आंतरिक चोट के कारण हुई, जबकि उनके साथी यात्री व्लादिमीर बाइडेनोव की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार उनके परिवार के सदस्यों और रूसी दूतावास की सहमति से कर दिया गया है।

## हिप्र के मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ओपीएस लागू करने के लिए प्रतिबद्ध

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार मंत्रिमंडल की पहली बैठक में राज्यकर्मियों के वास्ते पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) मंजूर करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसने इस संबंध में केंद्र को एनपीएस अंशदान के तहत संकलित धनराशि को जारी करने के लिए पत्र लिखा है। यहां नई पेंशन योजना के कर्मियों के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए सुक्खू ने कहा कि फार्मूला बनाया जाना है ताकि पेंशनभोगियों को नियमित एवं सम्मानजनक पेंशन मिल सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हाल के विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणापत्र में राज्य के लोगों के लिए 10 गारंटियों का वादा किया है और सरकार उन्हें चरणबद्ध तरीके से अमलीजामा पहनाएगी। ओपीएस लागू करना कांग्रेस का एक बड़ा चुनावी वादा है। सुक्खू ने कहा कि राज्य ने केंद्र को एनपीएस अंशदान के तहत संकलित धनराशि को जारी करने के लिए पत्र लिखा है।

## दिलों में प्यार और ज़िंदगी में खुशी का अहसास भरता कहानी संग्रह है 'पाकेट में इश्क'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रेनू 'अंशुल' द्वारा लिखित 'पाकेट में इश्क' कहानी-संग्रह का विमोचन आज साहित्य अकादमी, नई दिल्ली में वरिष्ठ कथाकार महेश दर्पण द्वारा किया गया। पच्चीस छोटी-बड़ी इश्क़ की दास्तानों से सजी यह किताब निश्चित ही सबके मन को प्यार से भर देगी। पुस्तक की लेखिका रेनू अंशुल ने कहा कि इस किताब का अपनी लिखी पिछली तीनों से अलग मिज़ाज है! बुक के टाइटिल के रूप में भी और इसमें लिखी कहानियों के रुप में भी। आजकल जिस तरह हिन्दी-इंगलिश की मिलीजुली भाषा हमारे बोलने के प्रचलन में है, और जैसा कि इसके टाइटिल से ही समझ में आ आता है कि यह इश्क़ के अहसासों से भरपूर है, इसकी हर कहानी इश्क़ की अलग अलग दास्तान सुनाती है । संग्रह की कहानियां 'रांग नम्बर', 'कहो न प्यार है' 'जी लो ज़िन्दगी' प्यार के उसी रूप को दर्शाती हैं। मार्डन लव का शायद यही स्वरूप मैंने इस संग्रह की कहानियों में दिखाने की



कोशिश की है। कहानी का मार्डन टाइटिल 'पॉकेट में इश्क़' मेरी इस सोच को पूरी तरह सार्थक करता है।इन प्यार भरी कहानियों की शुरुआत कोरोना के उस शुरूआती दौर में हुई जब लॉकडाउन के तहत दूरियां नज़दीकियां बन गईं। सबको अपने अपने परिजनों और परिवारों के बीच रहने और समय बिताने का मौक़ा मिला। उनके प्यार और उनके साथ की अहमियत महसूस हुई और तब अपनी कहानियों के रूप में मुझे सबको यह महसूस कराने का मौक़ा मिला कि अपने और अपनों का प्यार हमारी ज़िन्दगी के लिये कितना मायने रखता है।

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका हार की कगार पर

## वॉर्नर के दोहरे शतक व कारी के शतक की मदद से आस्ट्रेलिया का विशाल स्कोर

**● दूसरे टेस्ट शृंखला में तीसरे दिन आस्ट्रेलिया का 575 रन, दक्षिण अफ्रीका 200 रन भी नहीं बना सकी**


एलेक्स कारी

**एपी।** मेलबर्न

**डेविड** वॉर्नर के दोहरे शतक के बाद एलेक्स कारी के शतक की मदद से आस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी आठ विकेट पर 575 के विशाल स्कोर पर घोषित करके दक्षिण अफ्रीका को पारी की हार की कगार पर धकेल दिया है।

दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर एक विकेट खोकर 15 रन बनाए थे। उसे आस्ट्रेलिया को दोबारा बल्लेबाजी के लिए उतारने के लिए अभी भी 371 रन और बनाने हैं। श्रृंखला में पिछली तीन पारियों में दक्षिण अफ्रीका टीम 200 रन भी नहीं बना सकी है जिससे उसकी हार तय लग रही है। उसके प्रमुख बल्लेबाज और कप्तान डीन एल्गर अपना विकेट गंवा ही चुके हैं। आखिरी सत्र में बारिश के कारण सात ओवर ही फेंके जा सके। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे ही ओवर में एगर का विकेट गंवा दिया जिन्हें आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने पवेलियन भेजा। टी डे ब्रूइन छह और सारेल एरवी सात रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के पहली पारी के 189 रन के जवाब में आस्ट्रेलिया ने पहली पारी आठ विकेट पर 575 के स्कोर पर घोषित की। अपने कल के स्कोर तीन विकेट पर 386 रन से आगे खेलते हुए आस्ट्रेलिया के लिए विकेटकीपर एलेक्स कारी ने पहला टेस्ट शतक जड़ा। उन्होंने 111 रन की पारी में 13 चौके लगाए जबकि कैमरन ग्रीन 51 रन बनाकर नाबाद रहे। उंगली में फ्रेक्चर के बावजूद डटकर बल्लेबाजी करते हुए ग्रीन ने आठवें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका के लिए एनरिच नॉर्किया ने 25 ओवर में 92 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि कैगिसो रबाडा को दो विकेट मिले। नॉर्किया ने तीसरे ओवर में वॉर्नर (200) और ट्रेविस हेड (51) को आउट करके आस्ट्रेलिया को दोहरे झटके दिए। पैर की मांसपेशी में खिंचाव के कारण कल रिटायर्ड हर्ट हुए वॉर्नर एक ही गेंद खेल सके और अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद रबाडा ने कमिंस (चार) को आउट किया। सात विकेट 440 रन पर गिरने के बाद कारी और ग्रीन ने मोर्चा संभाला।

# विलियमसन और लाथम के शतकों से न्यूजीलैंड को बढ़त

**एपी।** कराची



**सलामी** बल्लेबाज टॉम लाथम और पूर्व कप्तान केन विलियमसन के शतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां पहली पारी में बढ़त हासिल की।

विलियमसन ने अपनी टीम के लगभग 20 वर्ष के बाद पाकिस्तान के पहले टेस्ट दौरे से पूर्व कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने कप्तानी के बोझ से मुक्त होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगभग दो साल में अपना पहला शतक लगाया। वह अभी 105 रन बनाकर खेल रहे हैं जिससे न्यूजीलैंड ने तीसरा दिन का खेल खत्म होने तक छह विकेट पर 440 रन बनाए हैं और उसने पाकिस्तान पर दो रन की बढ़त हासिल कर ली है। पाकिस्तान ने पहली पारी में 338 रन बनाए थे। लाथम ने 113 रन की पारी खेली जो टेस्ट क्रिकेट में उनका 13वां शतक है। उन्होंने डेवोन कॉनवे (92) के साथ पहले विकेट के लिए 183 रन की साझेदारी करके न्यूजीलैंड को शानदार शुरुआत दिलाई थी। इनके अलावा टॉम ब्लंडेल (47) और डेरिल मिचेल (42) ने भी उपयोगी पारियां खेली। इन दोनों ने पाकिस्तान के लचर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाकर विलियमसन के साथ अर्धशतकीय साझेदारियां की। पाकिस्तान की तरफ से रहस्यमई स्पिनर अबरार अहमद ने 143 रन देकर तीन और बाएं हाथ के स्पिनर नौमान अली ने 137 रन देकर दो विकेट लिए हैं। चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले विकेटकीपर सरफराज अहमद ने विलियमसन को 15 और 21 रन के निजी योग पर जीवनदान दिया। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने एक बार पगबाधा के खिलाफ डीआरएस का सहारा भी लिया जो उनके पक्ष में गया। विलियमसन ने इसका फायदा उठाकर जनवरी 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ हैमिल्टन ने बनाए गए 238 रन के बाद अपना पहला टेस्ट शतक लगाया। यह उनका कुल 25वां टेस्ट शतक है।

# अश्विन संयुक्त चौथे स्थान पर, अय्यर 10 पायदान चढ़े

**आईसीसी रैंकिंग**

**भाषा।** दुबई



**बांग्लादेश** के खिलाफ मीरपुर में दूसरे टेस्ट में भारत की जीत के सूत्रधार रहे रविचंद्रन अश्विन और श्रेयस अय्यर आईसीसी रैंकिंग में क्रमश: चौथे और 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मैच में छह विकेट लेने वाले अश्विन एक पायदान चढकर गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने दूसरी पारी में नाबाद 42 रन बनाए थे जिसकी मदद से वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन पायदान चढकर 84वें स्थान पर पहुंच गए।

अतीत में नंबर एक गेंदबाज और हरफनमौला रह चुके अश्विन ने हरफनमौलाओं की रैंकिंग में सात रेटिंग अंक हासिल किए। रविंद्र जडेजा हरफनमौलाओं की रैंकिंग में 369 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि अश्विन के 343 अंक हैं। अश्विन के साथ 71 रन की अटूट साझेदारी करने वाले अय्यर कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पर पहुंच गए। प्लेयर आफ द सीरिज रहने के बावजूद चेतेश्वर पुजारा तीन पायदान गिरकर 19वें स्थान पर हैं जबकि विराट कोहली दो पायदान गिरकर 14वें स्थान पर आ गए। बल्लेबाजों में ऋषभ पंत छठे स्थान पर हैं जबकि गेंदबाजों में उमेश यादव 33वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के बल्लेबाज लिटन दास कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 12वीं रैंकिंग पर पहुंच गए जबकि मोमिनुल हक 68वें, जाकिर हसन 70वें और नुरूल हसन 93वें स्थान पर हैं। स्पिनर तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज को दो दो पायदान का फायदा हुआ है और वे 28वें तथा 29वें स्थान पर हैं।

## मुंबई केपटाउन के गेंदबाजी कोच बने जैकब ओरम

**मुंबई।** न्यूजीलैंड के पूर्व हरफनमौला जैकब ओरम को दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग के पहले सत्र से पूर्व मुंबई इंडियंस केपटाउन का गेंदबाजी कोच बनाया गया है। न्यूजीलैंड के लिए 33 टेस्ट, 160 वनडे और 36 टी20 मैच खेल चुके ओरम इंडियन प्रीमियर लीग खेल चुके हैं और 2013 में आखिरी सत्र में मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा थे। वह न्यूजीलैंड महिला टीम के सहायक कोच रह चुके हैं इसके अलावा न्यूजीलैंड ए टीम के कोच भी रहे हैं। मुंबई केपटाउन टीम में साइमन कैटिच मुख्य कोच, हाशिम अमला बल्लेबाजी कोच, जेम्स पामेंट क्षेत्ररक्षण कोच और रॉबिन पीटरसन टीम मैनेजर हैं।

# टी20 की उपकप्तानी अतिरिक्त बोझ नहीं: सूर्यकुमार यादव



**मुंबई (भाषा)।** भारत की टी20 क्रिकेट में नई सनसनी सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय टीम का उपकप्तान बनना सपने जैसा है लेकिन वह इसको अतिरिक्त बोझ की तरह नहीं लेंगे और अपना नैसर्गिक खेल खेलते रहेंगे।

भारतीय चयनकर्ताओं ने सीमित ओवरों की टीम में काफी बदलाव किए हैं। श्रीलंका के खिलाफ अगले साल तीन जनवरी से मुंबई में शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए टी20 टीम की कप्तानी हार्दिक पंड्या को सौंपी गई है जबकि सूर्यकुमार को उनके साथ उपकप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल जैसे सीनियर खिलाड़ियों को टी20 टीम में जगह नहीं दी गई है। सूर्यकुमार ने मुंबई के सौराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद पत्रकारों से कहा, मुझे इसकी (उप कप्तानी) उम्मीद नहीं थी। मैं यही कह सकता हूं कि इस साल मैंने जिस तरह से बल्लेबाजी की यह उसका पुरस्कार है। इससे वास्तव में अच्छा महसूस हो रहा है और मैं यह जिम्मेदारी संभालने के लिए उत्सुक हूं। सूर्यकुमार को जब उनके पिताजी ने टीम की सूची भेजी तो एकबारगी उन्हें विश्वास नहीं हुआ कि वह टीम के उपकप्तान बनाए गए हैं। उन्होंने कहा, मुझे अपने पिताजी से पता चला जो सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं।

# भारत की सविता श्री ने विश्व रैपिड शतरंज में कांस्य पदक जीता

**अलमाटी (कजाखस्तान)।** भारत की 15 वर्षीय महिला इंटरनेशनल मास्टर बी सविता श्री ने बुधवार को यहां फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में महिलाओं के वर्ग में कांस्य पदक जीता। सविता को 36वीं वरीयता हासिल थी। उन्होंने 11 दौर की बाजियों में आठ अंक हासिल करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। पहले आठ दौर के बाद उनके 6.5 अंक थे। नौवें दौर में कजाकिस्तान की झांसाया अब्दुमालिक से हारने से सविता शीर्ष दो में जगह नहीं बना पाई। उन्होंने 10वें दौर में सिंगापुर की कियान्युन गोंग को हराकर वापसी की और अंतिम दौर में कजाखस्तान की दिनारा सदुआकासोवा के साथ बाजी ड्रॉ खेली। भारत की शीर्ष खिलाड़ी और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता कोनेरू हंपी ने भी आठ अंक बनाए लेकिन वह छठे स्थान पर रही। सविता और हंपी के अलावा दो अन्य खिलाड़ियों ने समान आठ-आठ अंक हासिल किए। सविता को हालांकि बेहतर टाईब्रेक स्कोर के कारण तीसरा स्थान मिला।

# पांचाल का अर्द्धशतक, चंडीगढ़ पर बढ़त बनाने के करीब पहुंचा गुजरात



**रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी**

**भाषा।** अहमदाबाद

**सलामी** बल्लेबाज प्रियांक पांचाल के नाबाद अर्धशतक से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के दूसरे दिन बुधवार को यहां चंडीगढ़ के खिलाफ पहली पारी में तीन विकेट पर 249 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा। चंडीगढ़ ने पहली पारी में 304 रन बनाए थे। दिन का खेल खत्म होने पर पांचाल 146 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 87 रन बनाकर खेल रहे थे। विकेटकीपर बल्लेबाज हेत पटेल 37 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। दोनों 53 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। गुजरात की टीम अब चंडीगढ़ से सिर्फ 55 रन से पीछे है जबकि उसके सात विकेट शेष हैं।

पांचाल ने इससे पूर्व केतन पटेल (47) और प्रिएश पटेल (62) के साथ दो महत्वपूर्ण साझेदारियां की। इससे पहले चंडीगढ़ की टीम अपने कल के स्कोर में 57 रन और जोड़कर 116 ओवर में ऑल आउट हो गई। भगमेंदर लाठेर ने 87 रन की पारी खेली जबकि अर्सलान खान ने 56 और गौरव पुरी ने 51 रन का योगदान दिया।

## प्रांशु, हर्षित ने तमिलनाडु के खिलाफ दिल्ली को वापसी दिलाई

**ग्रुप बी**

**भाषा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** ने युवा ऑलराउंडर प्रांशु विजयारन की उम्दा बल्लेबाजी के बाद तेज गेंदबाज हर्षित राणा की गेंदबाजी से बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में तमिलनाडु के खिलाफ वापसी की।

अपना दूसरा प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे प्रांशु ने आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 79 गेंद में 58 रन की पारी खेली जिससे दिल्ली ने पहली पारी में 303 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। प्रांशु ने इसके बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए अच्छी फॉर्म में चल रहे एन जगदीशन (34) को पवेलियन भेजा। हर्षित ने 16 ओवर में 73 रन पर तीन विकेट चटकाए जिससे दिल्ली ने दिन का खेल खत्म होने तक पहली पारी में तमिलनाडु का स्कोर पांच विकेट पर 214 रन किया। हर्षित ने तमिलनाडु के बाबा बंधुओं अपराजित (57) और इंद्रजीत (71) दोनों को पुल शॉट खेलने की कोशिश में मिडविकेट पर कैच कराया।

तमिलनाडु को साई सुदर्शन (25) ने लंच से पूर्व छह चौके जड़कर तेज शुरुआत दिलाई लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज कुलदीप यादव (50 रन पर एक विकेट) ने उन्हें विकेटकीपर अनुज रावत के हाथों कैच करा दिया। अपराजित और इंद्रजीत ने तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की। बाएं हाथ के स्पिनर विकास मिश्रा (12 ओवर में बिना विकेट के 56 रन) प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे लेकिन हर्षित ने इन दोनों को पवेलियन भेजकर दिल्ली को वापसी दिलाई। वाशिंगटन सुंदर हर्षित का तीसरा शिकार बने। उन्होंने दो रन बनाए। हर्षित ने दिन के खेल के बाद कहा, मैं कुछ बाउंड्री खाने के लिए तैयार था लेकिन योजना थी कि शॉर्ट गेंद फेंकी जाए और दोनों भाइयों (अपराजित और इंद्रजीत) को शॉट खेलने का मौका देकर गलती करने का इंतजार किया जाए।

## राजस्थान की पुडुचेरी पर जीत में चमके सुतार

**भाषा।** पुडुचेरी

**ग्रुप सी**

**मानव** सुतार ने नाबाद 96 रन बनाने के बाद मैच में 11 विकेट लिए जिससे राजस्थान में रणजी ट्राफी ग्रुप सी मैच में बुधवार को यहां पुडुचेरी को पारी और 101 रन से करारी शिकस्त देकर बोनस सहित सात अंक हासिल किए।

इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने एक दिन पहले आखिरी विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी करके राजस्थान का स्कोर 335 रन पर पहुंचाने के बाद बुधवार को गेंदबाजी में कमाल दिखाया तथा मैच में 62 रन देकर 11 विकेट लिए। उनकी शानदार गेंदबाजी से पुडुचेरी पहली पारी में 104 रन पर आउट हो गया। फॉलोऑन के लिए उतरे पुडुचेरी के बल्लेबाज दूसरी पारी में भी नहीं चल पाए और उसकी टीम 130 रन पर आउट हो गई। सुतार ने पहली पारी में 17 ओवर में 33 रन देकर आठ विकेट लिए थे। उन्होंने दूसरी पारी में 29 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। महिपाल लॉमरोर ने दूसरी पारी में 38 रन देकर चार विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। उधर पोरवोरिम में मनीष पांडे ने अपने 100वें प्रथम श्रेणी मैच में दोहरा शतक जमाया जिससे कर्नाटक ने गोवा के खिलाफ अपनी पहली पारी सात विकेट पर 603 रन बनाकर समाप्त घोषित की। पांडे ने 186 गेंदों का सामना करके नाबाद 208 रन बनाए जिसमें 14 चौके और 11 छक्के शामिल है। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज रविकुमार समर्थ ने 140 रन की पारी खेली।

## हिमाचल की दूसरी पारी में अच्छी बल्लेबाजी

**ग्रुप ए**

**देहरादून।** पहली पारी में सस्ते पर आउट होने के बाद हिमाचल प्रदेश के बल्लेबाजों ने उत्तराखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में बुधवार को यहां अच्छी बल्लेबाजी की और अब वह पारी की हार से बचने से केवल 10 रन दूर है।

हिमाचल की पहली पारी में 35 रन देकर आठ विकेट लेने वाले उत्तराखंड के तेज गेंदबाज दीपक धपोला दूसरी पारी में वैसा करिश्मा नहीं दिखा पाए। पहली पारी में 49 रन पर आउट होने वाले हिमाचल में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 277 रन बनाए हैं। उत्तराखंड ने अपनी पहली पारी में 336 रन बनाकर 287 रन की बढ़त हासिल की थी। हिमाचल के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में प्रतिबद्धता दिखाई, हालांकि उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज राघव धवन (32), प्रशांत चोपड़ा (43), अंकित कलसी (44) और अमित कुमार (37) अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। स्टंप उखड़ने के समय आकाश वशिष्ठ 73 और अनुभवी ऋषि धवन 32 रन पर खेल रहे थे।

# अर्शदीप, रेणुका व यस्तिका आईसीसी के साल के उभरते हुए क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में

**भाषा।** दुबई







**भारत** के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को बुधवार को मार्को जेनसन, फिन एलेन और इब्राहिम जादरान के साथ अंतररष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साल के उभरते हुए (इमर्जिंग) क्रिकेटर पुरस्कार के लिए नामित किया गया। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा कि इन पुरस्कारों के लिए वोटिंग जनवरी में शुरू होगी।

महिला वर्ग में भारत की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और बल्लेबाज यस्तिका भाटिया के अलावा ऑस्ट्रेलिया की डार्सी ब्राउन और इंग्लैंड की एलिस कैप्सी को इस पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। अर्शदीप को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के छह महीने से भी कम समय में इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। इस तेज गेंदबाज ने 21 टी20 अंतराष्ट्रीय मैच में 18.12 की औसत से 33 विकेट चटकाए हैं। अर्शदीप नई और पुरानी दोनों गेंद से विकेट हासिल करने में सफल रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में प्रभावी प्रदर्शन के बाद अर्शदीप ने भारत के लिए भी अच्छा प्रदर्शन किया जो 2021 टी20 विश्व कप की निराशा के बाद वापसी की कोशिशों में जुटा था। अर्शदीप ने हाल में भारत के न्यूजीलैंड दौरे के दौरान एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी पदार्पण किया। अर्शदीप ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बेहद कम समय में कुछ यादगार प्रदर्शन किए जिसमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान के खिलाफ बेहद दबाव वाले टी20 विश्व कप मैच में प्रभावी प्रदर्शन भी शामिल है। अर्शदीप ने अपनी गति और स्विंग की बदौलत पाकिस्तान के दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को पवेलियन भेजा। इस तेज गेंदबाज ने डेथ ओवरों में गेंदबाजी में वापसी करते हुए आसिफ अली को भी आउट किया और मैच में 32 रन देकर तीन विकेट चटकाए। अर्शदीप को इस पुरस्कार की दौड़ में दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेनसन, न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज एलेन और अफगानिस्तान के बल्लेबाज जादरान से चुनौती मिलेगी। दाएं हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका को सीमित ओवरों के दोनों प्रारूपों में इस साल 29 मैच में 40 विकेट चटकाने के बाद इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया। झूलन गोस्वामी के संन्यास लेने के बाद उन्होंने अधिकांश मौकों पर इस अनुभवी तेज गेंदबाज की कमी नहीं खलने दी है। छब्बीस साल की रेणुका एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अधिक प्रभावी रही हैं जहां उन्होंने 14.88 के औसत से 18 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने इस साल सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम को परेशान करते हुए आठ विकेट चटकाए। रेणुका ने इसके अलावा इस साल बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों और ढाका में एशिया कप में भी प्रभावी प्रदर्शन करते हुए 11 मैच में 17 विकेट हासिल किए। यस्तिका ने भी पूरे साल मध्यक्रम में भारत के लिए उम्दा प्रदर्शन किया। उन्होंने न्यूजीलैंड में 50 ओवर के विश्व कप से पहले 41 और 31 रन की पारी खेलने के अलावा ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक जड़े। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 25.06 के औसत और 73.29 के स्ट्राइक रेट के साथ एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मुकाबलों में 376 रन बनाए।

# शिखा पांडे की टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में वापसी



**नई दिल्ली (भाषा)।** अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे को दक्षिण अफ्रीका में अगले साल होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए बुधवार को भारत की 15 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया।

महिला टी20 विश्व कप 10 से 26 फरवरी तक खेला जाएगा। शिखा ने भारत की ओर से पिछला मैच अक्टूबर 2021 में खेला था जिसके बाद उन्हें विवादास्पद हालात में टीम से बाहर कर दिया गया था। भारतीय टीम की अगुआई हरमनप्रीत कौर करेंगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भी टीम की घोषणा की।

**टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, अंजलि सरवानी, पूजा वस्त्रकार, राजेश्वरी गायकवाड़ और शिखा पांडे।

**त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, यस्तिका भाटिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, सुषमा वर्मा, अमनजोत कौर, पूजा वस्त्रकार, एस मेघना, स्नेह राणा और शिखा पांडे।